शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 48 | गुवाहाटी | मंगलवार, 12 सितंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

विधानसभा में विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव मंजूर पेज 3
सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से ... पेज 4
घोसी उपचुनाव परिणाम से ओम प्रकाश राजभर की राजनीतिक करयिर को ... पेज 5
हिंदू संगठनों ने फरीदाबाद में फूंका स्टालिन का पुतला पेज 8

# बिजली आपूर्ति को लेकर विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरा



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भाजपा नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सत्ता में आने पर लोगों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का वादा किया था। लेकिन, अब राज्य भर में बड़े पैमाने पर लोड शेडिंग हो रही है। नतीजतन अब बिजली न आने की तपिश से प्रदेश के बिजली उपभोक्ता नाराज हैं। आज असम विधानसभा के पांच दिवसीय शरदकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस समेत विपक्ष ने ये आरोप लगाकर सरकार पर जमकर हमला बोला। शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई, विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया और भाकपा विधायक मनोरंजन तालुकदार ने राज्य में बार-बार लोड शेडिंग, बड़े पैमाने पर बिजली कटौती और अत्यधिक बिजली शुल्क जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आज सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। सदन के नेता और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि आज पहली बार है कि नए विधानसभा भवन का सत्र चल रहा है, इसलिए मुझे पता है कि अगर इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाता है, तो विपक्ष सदन से वाकआउट कर सकता है। इसलिए स्पीकर ने कहा कि इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जाए ताकि आज ऐसी कोई घटना न हो। इसके बाद प्रस्ताव स्वीकार किया गया। विपक्ष ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। इस चर्चा में सबसे -शेष पृष्ठ दो पर

## असम में बिजली उत्पादन की कोई गुंजाइश नहीं : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में बिजली की मांग अचानक बढ़ी है, लेकिन बिजली का उत्पादन कम है। असम में बिजली उत्पादन की कोई गुंजाइश नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा सोमवार को असम विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विपक्ष के सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, विपक्ष ने सदन में असम में बिजली की कमी, लोड शेडिंग और अत्यधिक बिजली शुल्क के मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में बिजली की मांग में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मांग अचानक अधिक बढ़ गई है। इसकी असली वजह भी सरकार को पता नहीं है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कारणों से असम में बिजली उत्पादन की एक सीमा है। वर्तमान में असम में बिजली प्रोजेक्ट करने की कोई सुविधा नहीं है। इस बात की कोई संभावना नहीं है कि गैस और पानी बिजली पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कोयले से कुछ बिजली पैदा करने की संभावना है। असम में विद्युत उत्पादन संयंत्र मांग के अनुरूप विद्युत उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए अब असम में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## नए विस परिसर के बाहर सीएम ने किया महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधान सभा के शरद ऋतु सत्र के उद्घाटन दिवस पर सोमवार को नए विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण किया। शर्मा ने *एक्स* पोस्ट करते हुए कहा कि नए परिसर में असम विधान सभा के पहले सत्र से पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। शांति, अहिंसा और सद्भाव (महात्मा गांधी का) का स्थायी संदेश हमारा मार्गदर्शन -शेष पृष्ठ दो पर

## साबुन के डिब्बों से 21 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के बाहरी इलाके में पुलिस ने तीन लोगों को उनके आवास से 21 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया है। एक खुफिया सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार की रात आरोपियों के पास से 2.527 किलो नशीला पदार्थ जब्त किया। आरोपियों ने नशीला पदार्थ 198 साबुन के डिब्बों के अंदर छिपाया था, जिसे पुलिस ने जोराबाट क्षेत्र में जब्त किया। गिरफ्तार किया गया आरोपी मणिपुर का रहने वाला है।

## बजाली कांड : छापे में दूसरा मैकबुक बरामद

**गुवाहाटी।** अपराध जांच विभाग (सीआईडी), असम ने बजली भ्रष्टाचार मामले के संबंध में लिंकमैन किशोर बरुआ के आवास पर गहन तलाशी अभियान चलाने के बाद मैकबुक बरामद किया। आरोप लगाया जा रहा है कि, बाजाली के पूर्व एसपी सिद्धार्थ बुढ़ागोहाईं ने सुपारी कारोबारी रबीउल इस्लाम से दो मैकबुक की मांग की थी। हालांकि एक मैकबुक पहले ही बरामद कर लिया गया था, लेकिन दूसरे का अभी भी पता नहीं चला था। सुपारी कारोबारी रबीउल इस्लाम का मैकबुक बरामद करने के लिए शनिवार को बजाली एएसपी गायत्री सोनोवाल की मां के आवास पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। इससे पहले, रिपोर्टों में कहा गया था कि सीआईडी टीम ने किशोर बरुआ के आवास से सीसीटीवी फुटेज की एक हार्ड डिस्क बरामद की थी। उल्लेखनीय है कि रविवार से ही सीआइडी की टीम ने साइबर क्राइम विभाग की टीम के साथ मिलकर पाठशाला में व्यापक छापेमारी की थी। डीएसपी पुस्कल गोगोई, भवानीपुर एसआई देबजीत गिरी और किशोर बरुआ के घर पर छापेमारी की गई। रविवार को असम -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## बालविवाह करने वाले तीन हजार दस दिनों में होंगे गिरफ्तार : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम में राज्य सरकार बाल विवाह के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के समापन समारोह में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक बार फिर बाल विवाह करने वालों को चेतावनी दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अगले 10 दिनों में राज्य में बाल विवाह करनेवाले 3 हजार लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वे सिर्फ जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन का इंतजार कर रहे थे। शिखर सम्मेलन समाप्त होते ही वे कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ छह महीने पहले, असम में बाल विवाह के लिए 5 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जी -20 शिखर सम्मेलन समाप्त होने तक गिरफ्तारी बंद कर दी गई थी। अगले 10 दिनों में 2000 से 3000 लोगों को दोबारा बाल विवाह से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि प्रदेश में सामाजिक संकट जारी रहा तो किसी वर्ग विशेष की लड़कियों को कभी सुधरने का मौका नहीं मिलेगा।



उन्होंने कहा कि कई लोग भाजपा को मुस्लिम विरोधी कहते हैं। लेकिन, भाजपा ने तीन तलाक, बहुविवाह और बाल विवाह को खत्म करने के अपने प्रयासों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि भाजपा ने किसी भी कांग्रेस सरकार की तुलना में मुसलमानों के लिए अधिक काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई मुस्लिम देश पहले ही ऐसी बुरी आदतों को छोड़ चुके हैं। लेकिन, राहुल गांधी और सोनिया गांधी भारत में इन प्रथाओं को खत्म करने के विरोध में हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात की भी पुष्टि की कि असम सरकार दिसंबर तक राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून लाएगी। मई में असम में राज्य सरकार ने कानून के माध्यम से बहुविवाह को समाप्त करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। पैनल को भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के साथ मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) अधिनियम, 1937 की जांच करने के लिए कहा गया था। आठ जून को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में समिति ने कहा कि राज्य के पास बहुविवाह को रोकने के लिए कानून बनाने की शक्ति है। उधर राज्य विधानसभा को सोमवार को सूचित किया गया -शेष पृष्ठ दो पर

## एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों को एससी से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों के खिलाफ मणिपुर में दर्ज दो मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर पुलिस से एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध कोई सख्त नहीं उठाने का निर्देश दिया है। बता दें कि चार सदस्यों के खिलाफ मणिपुर में दो मामले दर्ज किए गए थे। इन मामलों में कार्रवाई को लेकर उन्होंने सुरक्षा की मांग की थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की याचिका पर छह -शेष पृष्ठ दो पर

door graphy
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात
*समय का ज्ञान न रखने वाले राजा का कर्म समय के द्वारा ही नष्ट हो जाता है।*
- आचार्य चाणक्य

## सोनोवाल रूस रवाना, आर्थिक मंच की बैठक में लेंगे भाग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल इस हफ्ते रूस के दौरे पर जाएंगे, उनके साथ एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। इस दौरे पर सोनोवाल रूस के पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक में आयोजित *8वीं पूर्वी आर्थिक मंच* की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मौजूद संबोधित करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोनोवाल सोमवार (11 सितंबर) की सुबह व्लादिवोस्तोक के रास्ते मॉस्को के लिए रवाना हो गए। सोनोवाल अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान व्यापारिक नेताओं और विदेशी भागीदारों के साथ बातचीत करेंगे। मंत्री सर्वानंद सोनोवाल विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। रूस के शहर में 10 से 13 सितंबर तक होने वाली बैठक में चीन, लाओस, मंगोलिया और आसियान देशों के प्रतिनिधिमंडल भी भाग ले रहे हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## बाबुल सुप्रियो को पर्यटन से आईटी और ऊर्जा विभाग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर दिया है। उन्होंने बाबुल सुप्रियो का विभाग बदल दिया है। बाबुल को पर्यटन विभाग से हटाकर आईटी और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक अन्य गायक-राजनेता और तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री इंद्रनील सेन को पर्यटन विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। वन मंत्री ज्योतिप्रिय -शेष पृष्ठ दो पर

## गांधी परिवार डुप्लिकेट का सरदार : हिमंत



**नई दिल्ली/ गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की और उनसे *गांधी उपाधि छोड़ देने* का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार *डुप्लिकेट का सरदार* है और आगे आरोप लगाया कि उन्होंने बहुत सारे घोटाले किए हैं। असम के सीएम ने गुवाहाटी में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए शर्मा ने कहा कि उनका पहला घोटाला गांधी की उपाधि से शुरू हुआ। उन्होंने केवल परिवारवाद किया और देश को तोड़ने का काम किया। मैं राहुल गांधी से गांधी की उपाधि देने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि वे देश को हड़प कर इंडिया बनना चाहते हैं। अगर कोई डाकू कल को गांधी उपनाम ले ले तो क्या वह साधु बन जाएगा? सीएम शर्मा ने दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में *दिल्ली घोषणा* को मंजूरी देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की और इसकी सफलता का श्रेय पूरी तरह से उनके नेतृत्व को दिया। इसके साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### आवारा कुत्तों के हमले का मामला सुप्रीम कोर्ट में

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में उस समय आवारा कुत्तों का मामला पहुंच गया। जब सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के सामने एक वकील ने अपने ऊपर हुए कुत्ते के हमले का जिक्र कर दिया। जिसके बाद सीजेआई ने वकील से मेडिकल सहायता की पेशकश की। दरअसल, वकील कुणाल चटर्जी अपने हाथ में पट्टी बांधकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। इसी दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की नजर उनके हाथों पर बंधी पट्टी पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इसके बारे में वकील कुणाल चटर्जी से पूछा, जिसके बाद वकील -शेष पृष्ठ दो पर

## चीनी विदेश मंत्री के बाद अब रक्षा मंत्री गायब!



**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री किंग गैंग के बाद अब वहां के रक्षा मंत्री ली शांगफू का भी कोई अता-पता नहीं है। जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने एक्स पर एक पोस्ट में यह दावा किया है। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि बीते दो सप्ताह से चीन के रक्षा मंत्री को नहीं देखा गया है। दावा किया जा रहा है कि उन्हें आखिरी बार तीसरे तीन अफ्रीका चाइना पीस एंड सिक्योरिटी फोरम में सार्वजनिक रूप से देखा गया था। बीजिंग में हुए इस सम्मेलन में ली ने अपना मुख्य भाषण दिया था। बता दें कि ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। ली शांगफू के इस तरह से गायब होने के बाद तमाम तरह की अटकलें लगने लगी हैं। चीन के रक्षा मंत्री तब गायब हुए हैं, जब पांच साल पहले की गई हार्डवेयर खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि ये जांच जुलाई में शुरू की गई थी। हालांकि चीनी सेना का कहना है कि वह अक्तूबर 2017 से ही इन मुद्दों की जांच कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ली सितंबर 2017 से 2022 तक उपकरण विभाग में कार्यरत थे। हालांकि, उनपर कोई आरोप नहीं है। वहीं, जिस दौरान चीन के रक्षामंत्री लापता हैं, तभी शी जिनपिंग ने बीते रविवार को चीन के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में एक निरीक्षण के दौरान सेना के भीतर एकता और स्थिरता की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि सैनिकों की शिक्षा और प्रबंधन को लागू करने और उच्च स्तर की एकता, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने का भी आह्वान किया था। इससे पहले, जुलाई में जिनपिंग ने अपने विदेश मंत्री किन गैंग को हटा दिया था। पद से हटाने की घोषणा -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : आतंकी समूह फिर उठा रहे सिर



**नई दिल्ली/इंफाल।** मणिपुर में मई के महीने में शुरू हुई हिंसा अभी भी शांत होने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में स्थिति ये हो गई है कि पिछले काफी वक्त से निष्क्रिय आतंकी समूह भी सिर उठाने लगे हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि प्रतिबंधित आतंकी समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के आतंकी उस भीड़ में शामिल थे, जिसमें मणिपुर में एक सैन्य अधिकारी पर गोलियां चलाई गईं। सुरक्षा एजेंसियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच आतंकियों को लेकर अलर्ट जारी किया है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact
97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पवार के घर पर तय होगा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला, यूपी-बिहार को लेकर फंसा है पेंच

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं। पटना, बेंगलुरु और मुंबई मे नेताओं का जमावड़ा हुआ था। तीन अलग-अलग शहरों में मंथन करने के बाद इंडिया गठबंधन की असली चुनौती अब शुरू होने जा रही है। दरअसल गठबंधन दलों के बीच कई राज्यों में सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला तय करना है। ऐसे में दिल्ली में 13 सितंबर को शरद पवार के घर कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक काफी अहम होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यूपी, बिहार में कांग्रेस की भूमिका के अलावा आम आदमी पार्टी को सीट दिए जाने को लेकर अहम चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश: सबसे बड़े सूबे में कांग्रेस की राजनैतिक हालात काफी खस्ता है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 18-20 सीट चाहती है, जिस पर आसानी से समाजवादी पार्टी का तैयार होना आसान नहीं है। वहीं दूसरा पेंच चंद्रशेखर रावण के चुनाव लड़ने को लेकर है। रावण नगीना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन समाजवादी पार्टी उन्हें अपने कोटे से सीट नहीं देना चाहती है। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकदल की सीटों



की संख्या पर भी अंतिम फैसला होना है। सूत्रों के मुताबिक, दबाव बढ़ाते हुए अखिलेश मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी अपने लिए सीट मांग सकते हैं। बिहार: उत्तर भारत के सबसे अहम राज्य बिहार में लोकसभा में 40 सीटें हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर आम सहमति बनाना सबसे मुश्किल इसी राज्य में है। लालू और नीतीश की महत्वाकांक्षाओं के बीच कांग्रेस 10 सीटों पर दावेदारी ठोक रही है, जबकि लालू नीतीश कांग्रेस को 6 सीटें देने के मूड में हैं, वहीं वाम दल भी अपने लिए सीटें मांग रहे हैं। विधानसभा में चल रहे महागठबंधन को ज्यों का त्यों उतरने की कोशिश लोकसभा में होगी ताकि भाजपा को न्यूनतम सीटों पर रोका जा सके। वहीं आम आदमी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक इच्छाएं भी मुश्किल का सबब बनी हुई है। दिल्ली और पंजाब में अभी तक कांग्रेस और आप के साथ चुनाव लड़ने पर फैसला नहीं हो सका है, दोनों दलों की राज्य इकाइयां खुलकर तलवारें भांज रही हैं। वहीं आम आदमी पार्टी दिल्ली-पंजाब के बदले गुजरात और हरियाणा में सीट चाहती है, जो परेशानी का सबब है। वैसे अब सवाल महाराष्ट्र को लेकर भी हैं क्योंकि, एनसीपी और शिवसेना का बड़ा हिस्सा जाने के बाद अब कांग्रेस वहां अपनी खोई जमीन वापस पाना चाहती है और ?यादा सीटें लेने का दबाव बनाने की तैयारी में है। दरअसल, एनसीपी, शिवसेना में टूट के पहले कांग्रेस राज्य गठबंधन में तीसरे नम्बर के दल थी और एनसीपी-शिवसेना की जोड़ी के सामने बैकफुट पर थी। सबसे बड़ा सिरदर्द बंगाल है, जहां ममता और लेफ्ट किसी कीमत पर साथ आने को तैयार नहीं हैं। वहीं हालिया उपचुनाव में कांग्रेस समर्थित लेफ्ट उम्मीदवार होने के बावजूद टीएमसी ने त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को मात दे दी, वहीं त्रिपुरा में दोनों सीटों पर भाजपा ने कांग्रेस समर्थित लेफ्ट को हरा दिया। ऐसे में वो कतई झुकने के मूड में नहीं होंगी और बंगाल के लिए फॉर्मूला निकालना एक बड़ी चुनौती है।

## जन्म देनेवाली मां ने बच्चे को 15 हजार रुपए में बेचा

**नगांव ( हिंस )।** नगांव में एक बच्चे को बेचने जैसी सनसनीखेज वारदात हुई है। एक मां ने कथित तौर पर अपनी 4 महीने की बेटी को 15 हजार रुपए में बेच दिया है। नगांव सदर पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता अधिनियम की धारा 120 (बी), 420 के तहत नगांव केश नंबर 803/2023 दर्ज किया गया है। हालांकि, नगांव पुलिस बच्चे की बिक्री के मामले की जांच के संबंध में सक्रियता नहीं दिखा रही है। पता चला है कि बेचा गया बच्चा नगांव के कवईमारी का है। 4 महीने की बच्ची का पिता काम से केरल में रहता है। पिता गरीबी के कारण केरल में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता है।

## एसएसबी ने जब्त किया भूटानी शराब

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** छठी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रानीगुली की सरलपारा समवाय ने आज गुप्त सूचना के आधार पर भारत-भूटान के सीमावर्ती पिलर संख्या-152 से लगभग 500 मीटर भारत की ओर गस्ती अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान सोनमन मगर (29) के रूप में की गई है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास भूटानी शराब ब्लैक माउंटेन व्हिस्की-33 बोतल, सुपर स्ट्रांग बियर- 168 बोतल, भूटान ग्रेन व्हिस्की-12 बोतल, सोनफी शराब 11 बोतल एवं 01 साइकिल को जब्त किया गया। एसएसबी ने बताया है कि शराब को भूटान से अवैध रूप से लाया जा रहा था। जब्त किये गये भूटानी शराब एवं तस्कर को हतीघर लैंड कस्टम स्टेशन ऑफिस को एसएसबी ने सौंप दिया। तस्कर के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पूसी रेलवे ने बढ़ाई स्पेशल ट्रेन की आवधिकता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेल ने 08048/08047 (गुवाहाटी - सांतरागाछी - गुवाहाटी) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की अवधिकता को 15 से 30 सितंबर तक अतिरिक्त 03 ट्रिपों के लिए मौजूदा समय, ठहराव और संयोजन के साथ जारी रखने का निर्णय लिया है। यह विस्तारित सेवा इस मार्ग में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों की मांग को पूरा करने में मददगार होगी। ट्रेन संख्या 08047 (सांतरागाछी - गुवाहाटी) स्पेशल 15 से 29 सितंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को सांतरागाछी से 18:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन गुवाहाटी 15:00 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 08048 (गुवाहाटी - सांतरागाछी) स्पेशल 16 से 30 सितंबर तक प्रत्येक शनिवार को 16:45 बजे गुवाहाटी से रवाना होगी और अगले दिन सांतरागाछी 12:30 बजे पहुंचेगी। दोनों तरफ की यात्रा के दौरान यह स्पेशल ट्रेन वाया गोवालपारा टाउन, न्यू बंगाईगांव, न्यू कोचबिहार, किशनगंज, मालदा टाउन, रामपुर हाट और डानकुनि होकर चलेगी।

## दिल्ली सरकार ने लगाया राजधानी में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को बताया कि सर्दी के मौसम में पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है। इसके मद्देनजर सभी तरह के



पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में डीपीसीसी को सभी सम्बन्धित विभागों को जरूरी निर्देश जारी करने का निर्देश दिया गया है। जिस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है, उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अगस्त के महीने तक दिल्ली का औसत एक्यूआई काफी कम रहा है। रविवार को दिल्ली में एक्यूआई 45 रिकॉर्ड किया गया लेकिन धीरे-धीरे अक्तूबर के महीने में सर्दी बढ़ने के साथ दिल्ली के वातावरण में नमी आती है और यहां के पार्टिकल मैटर जमा होने शुरू होते हैं। इसमें दिल्ली के बाहर और दिल्ली के अंदर का प्रदूषण हवा को प्रदूषित बना देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 23 अक्तूबर, 2018 में केवल ग्रीन पटाखे के निर्माण और बेचने की इजाजत दी थी।

## जी-20 के डिनर में शामिल होकर विपक्षी गठबंधन को नीतीश ने दे दिया बड़ा संदेश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब क्या और कौन सा कदम उठाएंगे, इसको लेकर चर्चाओं का दौर जारी रहता है। एक बार फिर से नीतीश कुमार ने अपने एक कदम के जरिए इंडिया गठबंधन को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। इसके साथ ही नीतीश कुमार के अगले कदम को लेकर अटकलों का दौर दोनों शुरू हो गया है। दरअसल, 9 सितंबर को जी-20 के आयोजन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर नीतीश कुमार रात्रि भोज कार्यक्रम में शामिल हुए थे। नीतीश कुमार ना सिर्फ इस कार्यक्रम में शामिल हुए बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात की जो तस्वीरें आई हैं, उसमें दोनों नेता बेहद सहज दिखाई दे रहे हैं और ऐसा लग ही नहीं रहा है कि दोनों के रास्ते अलग-अलग है। यही कारण है कि नीतीश कुमार के अगले कदम को लेकर अटकलों



का दौर जारी है। बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन में असहज है? क्या नीतीश कुमार को वह भाव नहीं मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं? इसमें कोई दो राय नहीं है कि नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों को एकजुट करने का प्रयास सबसे पहले शुरू किया। इसी कड़ी में उन्होंने पटना में बड़ी बैठक भी की। हालांकि, इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई के बैठक में जो कुछ भी हुआ, उससे ऐसा लगा कि विपक्षी गठबंधन को कांग्रेस ने पूरी तरीके से हाईजैक कर लिया है। इंडिया नाम को लेकर भी नीतीश कुमार सहज नहीं थे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस पर अपनी सहमति नहीं दी थी। बावजूद इसके विपक्षी दलों की ओर से गठबंधन का नाम इंडिया रखा गया। बेंगलुरु बैठक के बाद नीतीश कुमार गठबंधन में तो है लेकिन खुद को अलग-थलग भी महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि नीतीश कुमार ने रात्रि भोज में शामिल होकर इंडिया गठबंधन और खास करके कांग्रेस पर दबाव बनाने की शुरुआत कर दी है। नीतीश कुमार इस बात के संकेत देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके लिए अभी भी विकल्प खुले हुए हैं। ऐसा इसलिए माना जा सकता है क्योंकि इंडिया में होने के बावजूद भी जब द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति बनी थीं, शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुए थे।

# पृष्ठ एक का शेष

### बिजली आपूर्ति को...

पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ विधायक भरत नरह ने अपनी बात रखी। इस बीच, स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाकपा नेता और विधायक मनोरंजन तालुकदार ने राज्य में बार-बार लोड शेडिंग और बिजली की कमी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने योजना के अनुसार काम किया होता तो वह बिजली की कमी से बच सकती थी। प्रदेश में बिजली उत्पादन की व्यवस्था भी लगातार नीचे जा रही है। विधायक ने कहा कि राज्य में 2011-2012 में स्थापित क्षमता 401.5 मेगावाट के साथ 2020-21 में 341.95 मेगावाट थी। इसलिए यह स्थापना क्षमता कम हो गई है। सरभोग के विधायक ने सरकार पर बिजली उत्पादन पर ध्यान नहीं देने का भी आरोप लगाया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी के विधायक तथा विपक्ष के उपनेता रकीबुल हुसैन ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गारंटी दी थी। लेकिन, अब बिजली आपूर्ति की यह स्थिति है। विशेष रूप से चाय बागान क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां करंट है वहां कोई वोल्टेज नहीं है। हुसैन ने यह भी मांग की कि सरकार बिजली आपूर्ति को नियमित करे, भले ही उसने विभिन्न मदों के तहत लागत में कटौती की हो। इसी बीच, एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम ने कहा कि राज्य में वर्तमान में 3000 मेगावाट बिजली की मांग है। आज सरकार को उड़ीसा से बिजली खरीदनी पड़ती है। लेकिन, सौर ऊर्जा, कोयला आदि होने के बावजूद हम पर्याप्त बिजली का उत्पादन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गांवों को अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिले हैं। शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई विधानसभा में विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि असम को व्यस्ततम् समय में 2524 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है। यह अन्य राज्यों की तुलना में कम है। लेकिन, मुख्यमंत्री ने यहां हाथ खड़े कर दिए। इस बीच, असम अपने दम पर 419.5 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है। गोगोई ने यह भी कहा कि राज्य में हर दिन 419.5 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है जबकि व्यस्त समय में बिजली की मांग 281 मेगावाट होती है। लेकिन असम में, बिजली की दरें अपेक्षाकृत अधिक हैं। गोगोई ने यह भी कहा कि सरकार खुद के बजाय बाहर से बिजली खरीदने पर ज्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने यह भी मांग की कि प्रत्येक बिजली उपभोक्ता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस बीच, चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस विधायक कमलाक्ष दे पुरकायस्थ ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आज सरकार राज्य के लोगों को वादे के मुताबिक बिजली नहीं दे सकती। लेकिन, चार्टर विमानों में चक्कर लगाने, कैबिनेट बैठकों, विभिन्न विश्व रिकॉर्डों के बनाने पर बहुत पैसा खर्च कर रही है। इसलिए, उन्होंने कहा कि इस तरह की लागत को कम किया जाना चाहिए और बिजली विभाग की कमी को दूर किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि सरकार को बिजली आपूर्ति के वादे पूरे करने चाहिए।

### असम में बिजली ...

असम में उद्योग लग रहे हैं, इसलिए बिजली की मांग और बढ़ेगी। उदाहरण के लिए नुमलीगढ़ रिफाइनरी को 400 मेगावाट और पेप्सिको जैसी कंपनियों को 25 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिछले तीन दिन में गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट सहित विभिन्न स्थानों पर ज्यादा लोड शेडिंग नहीं हुई है। केवल कुछ दिनों की अल्प अवधि में बिजली की कमी हुई थी। आने वाले समय में राज्य में बिजली की कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के साथ बैठक हुई और केंद्र ने भी कम से कम 300 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य को अब व्यस्ततम् समय के दौरान तीन मेगावाट बिजली की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, महाराष्ट्र में 2 हजार मेगावाट की कमी है। इसी तरह बिहार में 1220 मेगावाट और झारखंड में 236 मेगावाट की कमी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि 2024 तक निचले सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना से 208 मेगावाट बिजली प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने सदन को यह भी बताया कि आने वाले दिनों में राज्य में बिजली की मांग और बढ़ेगी। लेकिन, भौगोलिक कारणों से बिजली उत्पादन मुश्किल है।

### नए विस परिसर ...

और प्रेरणा देता रहता है। बापूजी हमारे राष्ट्र के लिए एक प्रकाशस्तंभ हैं। असम विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन 30 जून को संसद अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। विधानसभा इतने लंबे समय तक एक पुराने चाय गोदाम से चल रही थी, जिसे 1972 में दिसपुर के असम की राजधानी बनने पर इसकी बैठकों के लिए बदल दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि नया परिसर 10 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें मुख्य इमारत है, जिसमें प्रशासनिक और अन्य वर्गों के लिए हाउस और एनेक्सी इमारतें भी होंगी। नए सदन में 180 से अधिक सांसदों के बैठने की क्षमता है। विधानसभा की मौजूदा ताकत 126 विधायकों की है।

### बजाली कांड : छापे ...

सीआईडी ने गुवाहाटी के काहिलीपाड़ा में बाजाली की पूर्व एएसपी गायत्री सोनोवाल के आधिकारिक आवास पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, सीआईडी आरोपी पुलिस अधिकारी को काहिलीपाड़ा में 10वीं असम पुलिस बटालियन (एपीबीएन) स्थित उनके आधिकारिक आवास पर ले गई और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को गायत्री के आवास से नकदी समेत कई दस्तावेज बरामद हुए। गुरुवार को सीआईडी ने बजाली के पूर्व एसपी सिद्धार्थ बुढ़ागोहाईं के ड्राइवर दीपजॉय के आवास से 50 लाख रुपए से भरा एक सूटकेस बरामद किया, जिसकी भी मामले में कथित संलिप्तता के लिए जांच चल रही है।

### बालविवाह करने वाले ...

कि पिछले पांच वर्षों में बाल विवाह से संबंधित मामलों में असम में कुल मिलाकर 3,907 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से 3,319 यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत आरोपों का सामना कर रहे हैं, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस विधायक देबब्रत सैकिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा। उन्होंने बताया कि अदालत ने अब तक ऐसे मामलों में 62 लोगों को दोषी ठहराया है। राज्य सरकार ने इस साल फरवरी में बाल विवाह के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था और इसे अब रोक दिया गया है। शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में असम पुलिस के तहत भ्रष्टाचार से संबंधित 316 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 91 मामले सीआईडी के पास, 198 मामले सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी विंग के पास और 27 मामले मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता सेल के पास हैं। इन मामलों के सिलसिले में 479 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 491 संदिग्ध जमीन दलालों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ अदालतों में मामले चल रहे हैं। कांग्रेस सदस्य अब्दुर रशीद मंडल के एक अलग प्रश्न का उत्तर देते हुए, शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान, 390 लोगों को राष्ट्र विरोधी या चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने मई 2021 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। तब से मवेशी तस्करी के मामलों में 2,942 गिरफ्तारियां हुई हैं और 27,858 मवेशियों के सिर जब्त किए गए हैं। महिला तस्करी से संबंधित मामलों में 434 गिरफ्तारियां दर्ज की गईं, जबकि इस अवधि के दौरान राज्य में 146 और 1,342 महिलाओं और बच्चों को बचाया गया। शर्मा ने कहा कि ड्रग्स से संबंधित मामलों में 11,624 गिरफ्तारियां की गई हैं, जिससे 2,817 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की बरामदगी हुई है।

### एडिटर्स गिल्ड ऑफ...

सितंबर को पारित आदेश के लागू रहने की अवधि शुक्रवार तक बढ़ाती है। इस मामले में आगे सुनवाई शुक्रवार से होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में मणिपुर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों को कुछ और समय के लिए सुरक्षा प्रदान की जा सकती है और इस मामले को अन्य मामलों की तरह मणिपुर हाई कोर्ट में भेजा जाए। वहीं, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और श्याम दीवान ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी दलीलें रखीं। उन्होंने विरोध करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में ही होनी चाहिए। क्योंकि फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में हम सुनवाई शुक्रवार को करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उस दिन राज्य सरकार के जवाब पर विचार किया जाएगा। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते चार सितंबर को बताया था कि एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मणिपुर पुलिस ने दर्ज किया है। उनके खिलाफ राज्य में हिंसा को भड़काने की कोशिश का आरोप है।

### सोनोवाल रूस रवाना...

क्रेमलिन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, पुतिन 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए 11-12 सितंबर को व्लादिवोस्तोक में होंगे। बयान में कहा गया है कि 12 सितंबर को रूस के राष्ट्रपति पूर्ण सत्र में भाषण देंगे जिसमें लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के उपराष्ट्रपति पैनी यथोटौ भी हिस्सा लेंगे। बयान में आगे कहा गया है कि पुतिन मंच के अलावा विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि सोनोवाल पुतिन से मिलेंगे या नहीं। सूत्रों ने कहा कि रूस ने व्लादिवोस्तोक बंदरगाह पर भारत की मौजूदगी में रुचि दिखाई है। रूस चेन्नई-व्लादिवोस्तोक समुद्री गलियारे को और गति देने का इच्छुक है, जिससे समुद्री संबंधों को भारी बढ़ावा मिल सकता है। व्लादिवोस्तोक प्रशांत महासागर पर सबसे बड़ा रूसी बंदरगाह है और यह चीन-रूस सीमा से लगभग 50 किमी दूर स्थित है। पूर्वी आर्थिक फोरम की स्थापना 2015 में रूसी राष्ट्रपति के एक आदेश द्वारा रूस के सुदूर पूर्व के आर्थिक विकास का समर्थन करने और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का विस्तार करने के लिए की गई थी।

### बाबुल सुप्रियो को...

मल्लिक को सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दुबई और स्पेन की यात्रा पर रवाना होने की पूर्व संध्या पर ममता बनर्जी ने यह फेरबदल किया। इससे पहले ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर बदले की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति दी गई तो उनकी पार्टी के लोग राजघाट पर प्रार्थना करेंगे। ममता ने कहा कि केंद्र को बंगाल की बकाया मनरेगा राशि जारी करनी चाहिए, यह बेहद गरीब लोगों को दी जानी है। उन्होंने भतीजे और टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भेजे गए समन की भी निंदा की और इसे एक युवा नेता को डराने-धमकाने की कोशिश बताया। अपनी विदेश यात्रा पर ममता ने कहा कि मैं 5 साल बाद विदेश जा रही हूं। पहले विदेश यात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई थी, जबकि मेरे पास कई निमंत्रण थे। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी भी बदले की राजनीति से प्रेरित प्रतीत होती है। अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को बताया कि वह केंद्रीय एजेंसी के समन पर 13 सितंबर को ईडी के सामने पेश होंगे। उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ के लिए 13 सितंबर को पेश होने के लिए नोटिस दिया था।

### गांधी परिवार डुप्लिकेट ...

ही उन्होंने कहा कि अगले दो साल में कामाख्या कॉरिडोर हकीकत में आ जाएगा। पीएम मोदी की वजह से ही यूक्रेन, रूस युद्ध के बीच दिल्ली डिक्लेरेशन सफल हुआ! कांग्रेस ने देश की आजादी के 25 साल या 50 साल का जश्न नहीं मनाया। लेकिन, मोदी जी ने आजादी के 75 साल मनाए और सबको लगता है कि हम भारतीय हैं। महान सुधारक महापुरुष शंकरदेव ने 500 साल पहले भारत भूमि के बारे में लिखा था, यह हमारी भारत भूमि है। भाजपा नेता ने कहा कि कल जब मैंने मोदी जी को वैश्विक नेताओं से बात करते देखा तो लगा कि भारत अब विश्वगुरु बन गया है। महिलाएं अब देश का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण पर ज्यादा फोकस करते हैं। कुछ दिन पहले हमने बाल विवाह के खिलाफ एक अभियान चलाया। असम के एक खास समुदाय में 9 साल में शादी और 12 साल में बच्चे को जन्म देना आम बात है। कोई भी हिंदू जातिवाद का समर्थन नहीं करता, लेकिन तमिलनाडु के एक मंत्री ने हिंदुओं के खिलाफ बात की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार आगामी 10 दिनों के भीतर बाल विवाह के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू करने का इरादा रखती है।

### चीनी विदेश मंत्री के ...

करने से पहले किन लगभग दो महीनों तक लापता रहे थे। इसके बाद जिनपिंग ने वांग यी को नया विदेश मंत्री बनाया था। इसके अलावा जिनपिंग ने कमांडर ली युचाओ और जू झोंगबो को भी पद से हटाया है। अधिकारियों को पद से हटाने को लेकर शी जिनपिंग सरकार की काफी आलोचना भी हुई है। इन लोगों को पद से हटाने के बाद चीन मामलों पर नजर रखने वाले विश्लेषकों का कहना है कि भ्रष्टाचार को लेकर जिनपिंग ने ये कार्रवाई की थी। हालांकि चीन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। विशेषज्ञों की मानें तो हस्तियों के साथ किया गया बर्ताव चीनी सरकार की उसकी सत्ता के लिए किसी भी चुनौती को दूर करने के प्रयास दिखाता है। कारोबारियों के मामले में कहा जाता है कि देश के निजी कारोबारियों के हाथों में अधिक संपत्ति को चीनी सत्ताधारी पार्टी अपने लिए एक संभावित खतरा मानती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के कार्यकाल में और विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में, ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रवृत्ति बड़ी है। माना जाता है कि सत्ता का साफ संदेश है कि कोई भी पार्टी से ऊपर या उसकी पहुंच से बाहर नहीं है।

### मणिपुर : आतंकी समूह ...

ओर से कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ में आतंकवादियों के शामिल होने की आशंका है, जिसको लेकर चेतावनी भी जारी की गई है। दरअसल, पिछले हफ्ते एक प्रदर्शन के दौरान सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के एक अधिकारी के घायल होने की खबर सामने आई थी। मीरा पैबिस समूह ने कुछ लोगों के साथ टेंगनौपाल जिले के मोलनोई गांव में आदिवासियों पर हमला करने की कोशिश की थी। लेकिन उन्हें सेना और असम राइफल्स के जवानों द्वारा रोक दिया गया था। सेना और प्रदर्शनकारियों के बीच संघर्ष में लेफ्टिनेंट कर्नल रमन त्यागी के हाथ में गोली लगी थी। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। सैन्य अधिकारी को इलाज के लिए एयर लिफ्ट कर मणिपुर से गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई। आधिकारिक बयानों के मुताबिक, पिछले कुछ हफ्तों से राज्य में यूएनएलएफ, पीएलए, केवाईकेएल और प्रिपैक सरीखे समुहों के फिर से सिर उठाने की सूचना मिली थी। मौजूदा वक्त में यूएनएलएफ के पास कैडर की संख्या 330 है, उसके बाद पीएलए के पास 300 और केवाईकेएल के पास 25 हैं।

### आवारा कुत्तों के ...

ने बताया कि उनके पड़ोस के पांच आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वह घायल हो गए। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड ने उन्हें मदद की पेशकश की। सीजेआई ने पूछा कि आपको मेडिकल सहायता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वो रजिस्ट्रार को आपको ले जाने के लिए कह सकते हैं। इसके बाद सीनियर वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट के सामने आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह किया। हालांकि, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम देखेंगे इस मामले में क्या किया जा सकता है। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में यूपी के गाजियाबाद के एक मामले का जिक्र किया। उन्होंने एक वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए बताया कि हाल ही में गाजियाबाद में एक युवक को पागल कुत्ते ने काट लिया था, जिसने अपने पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि समाज के लिए यह एक गंभीर खतरा है। वहीं, सीजेआई चंद्रचूड ने भी अपने क्लर्क के साथ हुई एक घटना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दो साल पहले उनके क्लर्क पर कुत्तों ने हमला कर दिया था, जब वह अपनी कार को पार्क कर रहे थे।

तापमान
अधिकतम 34°
न्यूनतम 27°

## गुवाहाटी में शव बरामद

**गुवाहाटी (हिंस)।** आज सुबह गुवाहाटी के जालुकबारी में शव बरामदगी को लेकर सनसनी फैल गई। शव कटिया पुल पर रेलवे लाइन के पास मिला। शव की पहचान धुबड़ी के लालचंद अली के रूप में हुई है। लालचंद अली पेशे से फेरी लगाने वाला था। लालचंद काम से जालुकबारी में रहता था। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर मौजूद कामाख्या जीआरपी की टीम ने शव बरामद किया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सिलापथार में 7 किलो गांजा बरामद

**धेमाजी (हिंस)।** जिले के सिलापथार थाना अंतर्गत सिमेनमुख के आनंद नगर में नदी के किनारे पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा और कुछ नकदी बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर सिलापथार पुलिस ने आनंदनगर स्थित नदी के किनारे चिरंजीवी राय (55) के घर पर छापा मारा। छापेमारी में 1 लाख 14 हजार रुपए नकद के साथ 7 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस की कार्रवाई के बारे में पता चलने पर गिरफ्तार की भय से चिरंजीवी राय फरार हो गया।

# विधानसभा में विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव मंजूर

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम विधानसभा का पांच दिवसीय शरदकालीन सत्र आज से असम विधानसभा के नवनिर्मित भवन में शुरू हुआ। इसके पहले दिन विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया। जिसे मुख्यमंत्री की आग्रह पर विशेष रूप से चर्चा के लिए सदन में मंजूर कर लिया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी की मौजूदगी में विपक्ष के कई विधायकों ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल सुचारू रूप से चलने के बाद स्थगन प्रस्ताव पेश किया। इनमें विधायक अखिल गोगोई, मनोरंजन तालुकदार और विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया और बहरी के विधायक ने भी बिजली की कमी को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया। इसी तरह, एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम ने बजरंग दल द्वारा हथियारों का प्रशिक्षण देने और इसके माध्यम से सामाज में जहर फैलाने का आरोप लगाया इसी बीच, विधानसभा अध्यक्ष दैमारी के इस मुद्दे पर फैसला सुनाने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सदन से विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि आज असम विधानसभा के नए विधानसभा भवन में यह पहला सत्र है, इसलिए स्थगन प्रस्ताव पर विपक्ष को प्राथमिकता देते हुए आज चर्चा होनी चाहिए। इसके बाद स्पीकर इस



पर चर्चा के लिए तैयार हो गए और विधायकों और पार्टियों को इस संबंध में दिए जाने वाले समय का निर्णय करने के लिए सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि सत्र शुरू होने के पूर्व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधानसभा सत्र के पहले दिन शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल गोगोई ने हाथ में दीपक और पंखा लेकर अनियमित बिजली आपूर्ति का विरोध किया। दूसरी ओर, विधायक प्रशांत फूकन ने कहा कि बिजली ऐसी चीज नहीं है जिसे बाजार में खरीदा जा सके। अखिल गोगोई ने बिजली काटने पर भी विरोध किया है। एनएचपीसी के निर्माण में भी बाधा डाली। सब कुछ एक प्रणाली पर चलना चाहिए। हम पानी में उतर आए हैं। अब हम अपने हाथ और पैर पीटते हैं।

# डिब्रूगढ़ में सड़क हादसा, एक परिवार के दो लोगों की मौत, छह घायल

**डिब्रूगढ़ (हिंस)।** असम के डिब्रूगढ़ के लेपेटाकाटा में रविवार देररात हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो लोगों की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। शुरुआती सूचना में कथित रूप से आठ लोगों की मौत और तीन लोगों के घायल होने पर पुलिस ने संशोधन किया है। पुलिस ने कहा है कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक यह हादसा ट्रक और इनोवा (एएस-01-जेसी- 3076) की आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ। पीड़ित परिवार गुवाहाटी के आइटेक प्लाजा का है। परिवार के सदस्यों में सतीश कुमार अग्रवाल, पम्पी अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, निर्मल कुमार अग्रवाल, पुष्पा सुरेखा अग्रवाल, नोमल अग्रवाल, गोलू अग्रवाल हैं। पुष्पा सुरेका अग्रवाल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक अन्य ने भी दम तोड़ दिया। घायलों को डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (एएमसीएच) में भर्ती कराया गया है।

## 21 करोड़ रुपए के ड्रग्स के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के जोराबाट इलाके से पुलिस ने ड्रग्स की तस्करी मामले में शामिल तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। गुवाहाटी पुलिस की सेंट्रल और ईस्ट जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान के दौरान तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ड्रग्स तस्करों के पास 198 साबुनदानी में छिपाकर रखी गई हेरोइन बरामद किया गया। जिसका वजन लगभग 2.527 किलोग्राम आंकी गई है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मोहम्मद आमिर खान (31), मोहम्मद याकूब (29) और मोहम्मद जमीर (34) के रूप में की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपित मणिपुर के रहने वाले है।

## असम विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। पांच दिवसीय यह सत्र 15 सितंबर को समाप्त होगा। कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए अनुपूरक स्वीकृति अनुदान 11 सितंबर को पहले दिन यानी आज के कार्यक्रम में उठाया जाना है। परिपूरक अनुदान की स्वीकृति के लिए मतदान 13 सितंबर को होगा। 14 सितंबर को कई सरकारी विधेयकों के भी लाए जाने की संभावना है। पेश किए जाने वाले विधेयकों में पंचायती अधिनियम-1994 संशोधन विधेयक भी शामिल हो सकता है। इस एक्ट में संशोधन करने, ग्राम पंचायत चुनाव



को दलगत राजनीति के दायरे से बाहर करने समेत इसमें कई सुधार किए जाने संबंधी प्रावधान लाए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नये असम विधानसभा भवन इस अधिवेशन के आयोजन के लिए दुल्हन की तरह सजाया जा चुका है। असम विधानसभा के अंदर और बाहर काफी सजावट की गई है।

## लियो क्लब अल्पाइन ने किया वॉकथान का आयोजन किया




**गुवाहाटी (विभास)।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के उपलक्ष में गुवाहाटी आल्पाइन एक्सिस क्षेत्र लियो क्लब ने सोनाराम मैदान, गुवाहाटी में वाकथॉम का आयोजन ऑल आसाम फिजिओथेरेपी एसोसिएशन, अरुणोदई योग समुदाय के साथ आयोजित किया। लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी मेट्रो, गुवाहाटी के विभिन्न लिओ क्लब्स और अन्य एनजीओ के साथ संयुक्त सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंखों की जांच शिविर, रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर्स द्वारा बचपन कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रतिभागियों के लिए छोटे पौधों का व खाद्य पैकेज वितरित किए और युवा विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए। जिसमें कुल लाभार्थियों की संख्या 300 से अधिक थी।

# श्री सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी में नंदोत्सव सोल्लास मनाया गया

**नगांव (निसं)।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हैबरगांव लाउखोआ रोड स्थित श्री सत्यनारायण ठाकुरबारी प्रांगण में रविवार को नंद उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में पंडाल बनाकर सजाया गया तथा मंदिर का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। सांय 6:30 बजे मंदिर में संध्या आरती की गई। इस अवसर पर नगांव मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद राय तोदी उपस्थित थे। आरती के पश्चात मूल कार्यक्रम आरंभ हुआ। इसके पूर्व आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सारिका प्रजापत एवं काजल महेश्वरी




विजेता रही। इसकी निर्णायक मंडली में सुलोचना तोदी, किरण धूत, दीपा जोगनी थी। मंच संचालन करते हुए निर्मला आलमपुरिया एवं आशीष खाखोलिया ने धार्मिक प्रश्नोत्तरी के दौरान उपस्थित लोगो के सामने धार्मिक प्रश्न रखें तथा सही जवाब देने वाले को तुरंत पुरस्कृत किया गया। श्रीकृष्ण बनो प्रतियोगिता में लगभग 25 बच्चों ने श्री कृष्ण की वेशभूषा धारण कर प्रतियोगिता में अंश ग्रहण किया। जिसमें प्रथम स्थान तृषा खाखोलिया को द्वितीय स्थान दिव्य अग्रवाल एवं तृतीय स्थान आधवीक बजाज को प्राप्त हुआ। सभी विजय प्रतियोगियों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए श्री कृष्ण बनो प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में सरला बोरड, सीमा डाबड़ीवाल, एवं पूजा करवा थी। इस दौरान बच्चों द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य की कई सुंदर प्रस्तुतियां दी। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं - पुरुष एवं बच्चों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि यह नंद उत्सव का कार्यक्रम विगत कई वर्षों से आयोजित किया जाता है। जिसमे विनोद कुमार खेतावत, पवन कुमार बगड़िया, सुरेन्द्र कर्वा, महेंद्र बगड़िया, कैलाश भीमसरिया, राम गोपाल जाजोदिया आदि का सक्रिय योगदान रहता है। इस वर्ष भी इन्हीं की देखरेख में कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज गाड़ोदिया, आशीष खाखोलिया, अरुण नागरका, रिंकू गिदड़ा, मुस्कान जाजोदिया सहित कई युवाओं एवं महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## एनई लाइव टुडे न्यूज पोर्टल का सातवां स्थापना दिवस आयोजित

**रंगिया (विभास)।** असम का बहुभाषी समाचार पोर्टल नॉर्थ ईस्ट लाइव टुडे (एनई लाइव टुडे) का 7वां वार्षिक स्थापना दिवस रविवार को दरंग जिले के खोटोरा सत्र के अतिथिशाला में गजेंद्र बरुवा के संचालन में आयोजित किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ से भी अधिक विशिष्ट पत्रकारों, लेखकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कलाकारों आदि को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह जानकारी उक्त समाचार चैनल के मुख्य संपादक द्विपेन डेका द्वारा दी गई है। अवार्ड क्रमशः शाहिजुल अली (पत्रकार जाह्नवी बरुवा मेमोरियल अवार्ड, बरपेटा), प्रांजल पुजारी (एनई लाइव टुडे अवार्ड, शिवसागर), जयदीप लस्कर (कुशल पत्रकार अवार्ड, कामपुर, नगांव), जाहिद अली (युवा पत्रकार अवार्ड, मार्गेरिटा), प्रांजल शर्मा (रिसर्च अवार्ड, नलबाड़ी), रमेश चंद्र चरेन, (सक्रिय पत्रकार अवार्ड, बिश्वनाथ), मफिदुल हक (वीडियो पत्रकार अवार्ड, बरपेटा), नवजीत शर्मा (दक्ष पत्रकार अवार्ड, देउमरनेई), रमीज अली (युवा पत्रकार अवार्ड, बजाली), ध्रुबज्योति शर्मा (युवा पत्रकार अवार्ड, दीपिला), शेलिमा अख्तरा कल्याणी (दक्ष पत्रकार अवार्ड, बंगाइगांव), द्विपज्योति चौधुरी (युवा पत्रकार अवार्ड, गोरेश्वर), अजीत नाथ सोमुआ (सक्रिय पत्रकार अवार्ड, उत्तर गुवाहाटी) को दिया गया है। वहीं विभिन्न विभागों के अवार्ड क्रमशः फजल अली (कॉमेडियन अवार्ड, नलबाड़ी), डॉ. सुवला पाठक (सामाजिक हितैषी अवार्ड, नलबाड़ी), सुकन्या गोस्वामी (संगीतकार अवार्ड, नलबाड़ी), चिरंजीव भराली आदि शामिल हैं।

## स्टार सीमेंट ने सेवा दक्षता के लिए क्षेत्रीय ट्रांसपोर्टरों को किया सम्मानित

**गुवाहाटी (विभास)।** पूर्वी भारत की अग्रणी सीमेंट ब्रांड और कई उद्योग पुरस्कारों के विजेता, स्टार सीमेंट लिमिटेड ने ट्रांसपोर्टरों को उनके समर्पित समर्थन, जुड़ाव और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित करने के लिए एक ट्रांसपोर्टर मीट आयोजित की। स्टार सीमेंट ट्रांसपोर्टर मीट 2023 ने इन गुमनाम नायकों की सराहना करने के लिए एक अद्भुत मंच प्रस्तुत किया और जिसमें ट्रांसपोर्टर्स बिरादरी की ओर से लोगों की उत्साही उपस्थिति और भागीदारी देखी गई। कंपनी ने 13 ट्रांसपोर्टरों को उनके असाधारण प्रदर्शन और योग्यता के लिए प्रतिष्ठित स्टार सम्राट, स्टार रत्न और स्टार श्री पुरस्कार से सम्मानित किया। ट्रांसपोर्टरों के निरंतर सहयोग और उच्चतम स्तर की सेवा दक्षता सुनिश्चित करने के लिए उनकी सराहना करते हुए, स्टार सीमेंट के




सीओआ प्रदीप पुरोहित ने कहा कि परिवहन उद्योगों और बाजारों के विकास को सुविधाजनक बनाता है और विस्तार में मदद करता है। परिवहन के बिना, वैश्वीकरण लगभग असंभव होगा क्योंकि आयात और निर्यात में अधिक समय लगेगा। इसलिए, इन गुमनाम नायकों का सम्मान और अभिनंदन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है। श्री पुरोहित ने कहा कि अगर उद्योग देश की लॉजिस्टिक्स की रीढ़ है, तो ट्रांसपोर्टर हमारे दिमाग और नस हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उस अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका को कायम रखना था जो ये ट्रांसपोर्टर वर्षों से हमारे जीवन में निभा रहे हैं, न केवल उद्योग के पहियों को चालू रखने में, बल्कि समग्र रूप से राष्ट्र के विकास में योगदान देने में भी। वास्तव में, जब पूर्वोत्तर भारत के चुनौतीपूर्ण इलाके की पृष्ठभूमि में देखा जाता है, तो इन ट्रांसपोर्टरों की भूमिका और भी सराहनीय हो जाती है। ये वास्तविक जीवन के नायक दिन या मौसम की परवाह किए बिना, बारिश, तूफान, बर्फ, बाढ़ को मात देते हुए उत्पादों और लोगों को उनके पूर्व-निर्धारित गंतव्यों तक पहुंचाना जारी रखते हैं - अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए हर जोखिम से गुजरते हुए। इस आयोजन ने निश्चित रूप से स्टार सीमेंट लिमिटेड के मानवीय मूल्यों को बरकरार रखा, जो कंपनी के लोकाचार और विकास के लिए आवश्यक है।

## फुटपाथ पर व्यापार करने वाले लोगों के बीच छाता वितरित



**गुवाहाटी (विभास)।** वन मल्टिपल वन एक्टिविटी के तहत लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण की सदश्याओं ने बारिश और गर्मी में फुटपाथ पर बैठकर रोजगार करने वाले छोटे-छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए जगह जगह घूमकर कई जगहों पर जैसे की फैंसी बाजार, आठगांव, एटी रोड, लचित नगर, नारायान नगर, कुमारपाड़ा, कुमारपड़ा पांचाली, उजानबाजार, आदि जगहों पर बड़ीवाली छतरी का बितरन किया। इस कार्य में सुधा जिंदल की सहायता से क्लब की अध्यक्षा पायल भारतीया के साथ निवर्तमान अध्यक्षा मंजु चौधरी, पुर्व जिलापाल राधा अगरवाल के अलावा मधुलिका सीवोटिया ने मिलकर छतरी बितरन का कार्य को सम्भाला। ये जानकारी जनसंपर्क अधिकारी गौरी अग्रवाल द्वारा प्राप्त हुई।

## जेसीआई, नगांव रॉयल्स ने गुणाभिराम बरुवा एलपी स्कूल में जल संरक्षण की स्थापना की




**नगांव (निसं)।** जेसीआई नगांव रॉयल्स के तत्वावधान में चल रहे जैथरा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को दूसरे दिन गुनाभी राम बरुवा एल पी स्कूल में एक जल संरक्षण स्थापित किया। जिसके अंतर्गत पानी की कंक्रीट टंकी का निर्माण करवाया गया। जेसीआई के अन्य कार्यक्रम के रुप में जल संरक्षण के लिए जागरुकता के लिए आयोजन समिति ने अपने स्टिकर चिपकाए। उक्त स्कूल परिसर में एक वाटर प्यूरीफाई लगया जिससे की स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षकगणो को शुद्ध पानी पिने को मिलता रहें। जेसीआई नगांव रॉयल्स ने शहर के अन्य स्थानो पर जैसे बाईपास अनुराग होटल, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के बाहर, श्री दुर्गा मंदिर के बाहर, सीबो रेस्टोरेंट, गुनाभी राम बरुवा एल पी स्कूल, श्री राम मंदिर के बाहर और अन्य ज्यादा जल उपयोग क्षेत्रो में जल की उपयोगिता के लिए स्टिकर और बेनर लगाये गए जिससे की जल के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके। जेसीआई नगांव रॉयल्स की अध्यक्ष निशा अग्रवाल ने उक्त आशय की जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी सदस्यो का सहयोग सराहनीय रहा।

# अखिल असम रौनियार बनिया महासभा का महासम्मेलन संपन्न

**विश्वनाथ (विभास)।** अखिल असम रौनियार बनिया महासभा सम्मेलन का प्रथम राजकीय सम्मेलन रविवार को विश्वनाथ चाराली शहर के हिमालय विवाह भवन सभागृह में आयोजित किया गया। विश्वनाथ जिला रौनियार समाज, समिति के अथक सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम प्रथम राजकीय महा सम्मेलन में प्रात: 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष छत्रपति गुप्ता रौनियार ने ध्वजारोहण किया। स्मृति तर्पण का का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य तर्पक प्रदेश महासचिव अनिल गुप्ता ने किया। इसके बाद मुख्य दीप प्रज्वलक अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव विशाल आनंद, प्रदेश अध्यक्ष छत्रपति गुप्ता रौनियार, विश्वनाथ जिला अध्यक्ष रामानंद रौनियार और जिला सचिव ओमप्रकाश गुप्ता ने सहयोग की। झारखंड से पधारे संगीत रत्न शंभूलाल गुप्ता के समधुर भजन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। विश्वनाथ जिला रौनियार समाज समिति के सह सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता के द्वारा प्रथम राजकीय महा सम्मेलन की संचालित साधारण सभा की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्रपति गुप्ता रौनियार ने की जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद रौनियार, राष्ट्रीय महासचिव विशाल आनंद, राष्ट्रीय समिति के सदस्य दीपक कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, झारखंड के गुमला से महिला अध्यक्ष लता गुप्ता, कोलकाता के पूर्व महिला अध्यक्ष मनीषा गुप्ता, सिलिगुड़ी से देशबंधु गुप्ता, भुवनेश्वर से मदन गुप्ता, सासाराम से संजय गुप्ता, अखिल असम रौनियार बनिया महासभा के उपाध्यक्ष रूपनारायण शाह, प्रदेश महासचिव अनिल गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष उपेंद्र शाह, विश्वनाथ जिला रौनियार समाज समिति के अध्यक्ष रामानंद रौनियार, महासचिव ओमप्रकाश रौनियार, रंगिया के समाजसेवक गौतम शाह, आमंत्रित अतिथि के रूप में विश्वनाथ विधायक प्रमोद बरठाकुर, वरिष्ठ शिक्षाविद जीतेन भागवती, विश्वनाथ चाराली चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, वरिष्ठ समाजसेवक शंकर प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ जिला पत्रकार संघ के सलाहकार निरंजन हाजरिका आदि को मंचासीन कराया गया। मंचासीन अतिथियों को फुलाम गामोछा एवं जापी, खराई से अभिनंदन किया गया। सभा का उद्देश्य व्याख्या प्रदेश महासचिव अनिल




गुप्ता ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपनारायण शाह स्वागत भाषण से सभी सम्मानित अतिथि को गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में सुनैना देवी के नेतृत्व में छठ पूजा की झांकी प्रस्तुत किया गया, जिसमें बीना देवी, ऊषा रौनियार, सरस्वती देवी, मीरा देवी, रानी देवी और रीता देवी छठ गीत गाते हुए नजर आए। इसके बाद अतिथियों ने अपने भाषण में स्वजातीय समाज की विकास पर प्रकाश डालते हुए नये लोगों को जोड़ना, आपसी संवाद को बढ़ाना, एक दूसरे के सुख-दुख में साथ देना, हर जिले में महीना में बारी- बारी से आपसी बैठक करना, रौनियार कोष का गठन किया जाए, समाज के नाम से बैंक खाता खोला कर और रौनियार कोष में जमा पैसे से जरूरतमंद को सहायता पहुंचाना आदि महत्वपूर्ण विषय को अवगत कराया। पंचतारका बिहुवा दल द्वारा असम संस्कृति पहचान बिहु नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात रौनियार समाज के वरिष्ठ नागरिक तारकेश्वर प्रसाद रौनियार, अनिरुद्ध प्रसाद रौनियार, परशुराम प्रसाद, कमला देवी को फुलाम गामोछा से सम्मानित किया गया। देश के राज्यों तथा असम राज्य विभिन्न जिलों से आएं प्रतिनिधि मंडल ने अपना भाषण दिया। इसके बाद अखिल असम रौनियार बनिया महासभा की राज्यिक समिति को सभा अनुमोदित किया। झारखंड के संगीत रत्न शंभूलाल गुप्ता ने रौनियार गीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सलाहकार जयनारायण गुप्ता ने रौनियार समाज के महानायक हेमचन्द्र विक्रमादित्य (हेमू) का प्रतिछवि प्रदेश अध्यक्ष छत्रपति गुप्ता रौनियार को भेट की। साथ ही इस अवसर पर रौनियार समाज के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लता गुप्ता ने विश्वनाथ महिला समिति की सर्वसम्मति पदाधिकारी की चयन किया और सभा में इसकी घोषणा की। अंत में अध्यक्षीय भाषण में सभा के अध्यक्ष छत्रपति गुप्ता रौनियार ने कहा आज प्रथम राजकीय महा सम्मेलन में पधारे देश भर के रौनियार समाज के प्रतिनिधि मंडल को विशेष धन्यवाद देता हूं, जिसमें आपने बढ़ चढ़ कर हिस्सा ली और हमें समाज को एकजुट करने में ऐसे राजकीय महा सम्मेलन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस राजकीय महा सम्मेलन को आयोजित में अहम योगदान देने वाले विश्वनाथ जिला रौनियार समाज समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को विशेष साधुवाद देता हूं। इस महासभा सम्मेलन में समाज के प्राय: 300 लोग जुटे थे। इस कार्यक्रम में विश्वनाथ जिला रौनियार समाज समिति के अध्यक्ष रामानंद रौनियार, उपाध्यक्ष बजरंग रौनियार, महासचिव ओमप्रकाश गुप्ता, संयुक्त सचिव अखिलेश प्रसाद रौनियार सह सचिव सत्यप्रकाश गुप्ता, प्रचार सचिव श्यामानंद रौनियार, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद रौनियार, सलाहकार अनिरुद्ध प्रसाद रौनियार, सुदामा प्रसाद रौनियार, दीनानाथ गुप्ता, छोटेलाल प्रसाद रौनियार, राजकुमार रौनियार, जयनारायण रौनियार, सदस्य पृथ्वी रौनियार, मुन्ना गुप्ता, बिकी रौनियार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली लीडर्स मीटिंग में भाग लेते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। 2019 की मेरी सऊदी अरब यात्रा के दौरान हमने इस काउंसिल की घोषणा की थी। इन चार वर्षों में यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। मुझे खुशी है कि इस काउंसिल के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक पार्टनर्स में से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा



आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठक में हमने हमारी करीबी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहल की पहचान की। आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरूआत की है। यह कॉरिडोर केवल दोनों देशों को ही आपस में नहीं जोड़ेगा बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 1.17 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर लगाएगा 'आयुष्मान मेला'

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोगों के स्वास्थ्य जांच और उनके उपचार के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एक लाख से अधिक स्थानों पर आयुष्मान मेले का आयोजन करने जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने बताया कि 'आयुष्मान भव' अभियान के तहत, 1,17,000 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर 'आयुष्मान मेला' आयोजित किया जाएगा। जहां सभी गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सभी ब्लॉक-स्तरीय अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अपने परिसर में




स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे। अस्पतालों और औषधालयों सहित देश भर के स्वास्थ्य संस्थानों में 'स्वच्छता अभियान' भी चलाया जाएगा। जिन गांवों में आयुष्मान भारत के लाभार्थी हैं, वे टीबी से मुक्त हैं और कुष्ठ रोग और शत प्रतिशत कोरोना टीकाकरण रिकॉर्ड होने पर उन गांवों को 'आयुष्मान ग्राम' घोषित किया जाएगा।

# दिल्ली दंगा: शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने 29 अगस्त को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। शरजील इमाम की ओर से वकील अहमद इब्राहिम और तालिब मुस्तफा ने याचिका में कहा है कि शरजील इमाम 28 जनवरी, 2020 से हिरासत में है। उसने अधिकतम 7 साल की सजा का आधा हिस्सा जेल में रह कर काट लिया है। ऐसे में उसको तत्काल






जेल से रिहा किया जाए। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत दाखिल चार्जशीट में कहा है कि शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को अखिल भारतीय स्तर पर ले जाने के लिए बेताब था और ऐसा करने की जी तोड़ कोशिश कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने शरजील इमाम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए, 153ए, 153बी और 505(2) के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

# सेब, अखरोट और बादाम पर अतिरिक्त शुल्क हटाने को महबूबा मुफ्ती ने बताया विनाशकारी

**श्रीनगर, (हि.स.)।** सेब, अखरोट और बादाम उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटाने के भारत सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इसे केंद्र शासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया। उन्होंने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि सेब, अखरोट और बादाम पर अतिरिक्त शुल्क हटाने के फैसले का जम्मू-कश्मीर के स्थानीय उत्पादकों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही 2019 से भारी नुकसान से जूझ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री इस पर पुनर्विचार करेंगे। भारत ने चना, दाल और सेब



जैसे कई उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटा लिया है। ये शुल्क 2019 में विशिष्ट स्टील और एल्यूमीनियम वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने के संयुक्त राज्य अमेरिका के फैसले के जवाब में 28 उत्पादों पर लगाए गए थे। वित्त मंत्रालय ने 5 सितंबर को एक अधिसूचना में चना, दाल (मसूर), सेब, छिलके वाले अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ-साथ छिलके वाले बादाम सहित उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटाने की घोषणा की है।

# कांग्रेस ने लगाया 'जल जीवन योजना' में 13,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जम्मू-कश्मीर में "जल जीवन योजना" के तहत 13,000 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार के पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में जल जीवन योजना में हुए घोटाले पर एलजी मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से सवाल पूछा जाना चाहिए लेकिन एक आईएएस अधिकारी को सरकार गलत तरीके से इस मसले में फंसा रही है। खेडा ने कहा कि अशोक परमार नाम के आईएएस अफसर ने इस गबन को उजागर किया, जिसका खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। खेड़ा ने कहा कि जो अधिकारी जम्मू-कश्मीर में "जल जीवन योजना" के भ्रष्टाचार में शामिल हैं, उन्हें प्रमोशन दिया जाता है और जो इसकी जानकारी सार्वजनिक करते हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जाता है।

# कई युवाओं ने थामा शिवसेना का दामन

**उधमपुर, (हि.स.)।** शिवसेना की तरफ से शिवसेना कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई युवाओं ने शिवसेना की नीतियों से प्रभावित होकर शिवसेना का दामन थामा। जिनका पार्टी के प्रदेश उपप्रधान जितेंद्र अरोड़ा ने स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश उपप्रधान जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि शिवसेना आने वाले दिनों में प्रदेश में होने वाले सभी तरह के चुनावों में भाग लेगी। चाहे वह नगर निगम के चुनाव हों, या फिर विधानसभा के चुनाव हों। चाहे वह लोकसभा के चुनाव हों पार्टी हर एक चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। जिला प्रधान संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह जो



नए शिवसैनिक हैं उनकी टीम का जल्द ही गठन किया जाएगा। यह युवा टीम समाज सेवा के लिए कार्य करेगी और स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे जी के आदर्शों पर चलेगी। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में प्रदेश उपप्रधान जितेंद्र अरोड़ा, प्रभारी अश्विनी प्रभाकर, प्रदेश उपप्रधान दिलीप अरोड़ा, गोपाल डोगरा, नीतू, राजेश वर्मा, विशाल वर्मा, साहिल गंडोत्रा, भानु प्रताप सिंह, निकेश अरोड़ा, सोनू कुमार आदि शिवसैनिक शामिल रहे।

# गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पहुंचे उज्जैन, महाकाल की भस्म आरती में हुए शामिल

**भोपाल, (हि.स.)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे तड़के होने वाली बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए। पूजन के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि "मैंने आज महाकालेश्वर की पूजा की और सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की। जय महाकाल...।" दरअसल, भाजपा द्वारा निकाली जा रही पांचों जन आशीर्वाद यात्राओं में शामिल होने के लिए केंद्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्रियों के अलावा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मध्य प्रदेश



पहुंच रहे हैं। इसी सिलसिले में गोवा का मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत आज मप्र के प्रवास पर हैं। वे दोपहर में बड़वानी जिले में निकलने वाली इंदौर संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा में शिरकत करेंगे।

# गहलोत सरकार सदी की सबसे भ्रष्ट सरकार : शेखावत

**सिरोही, (हि.स.)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान की गहलोत सरकार को सदी की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। शेखावत ने कहा कि मैं अपने तीस साल के सामाजिक और राजनीतिक जीवन के अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अबकी बार राजस्थान में परिवर्तन को लेकर लोगों के मन में भयानक आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सरकार जब साढ़े चार साल तक डिलीवर नहीं कर पाई, तब अंत में आकर मुफ्त की बातें कर लोगों का ध्यान भटकना चाहती है। सोमवार को यहां भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के लिए पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राजस्थान के भ्रष्टाचार पर केवल मैं या भाजपा नहीं कह रही, बल्कि कांग्रेस के विधायक, सिरोही के विधायक, जो मुख्यमंत्री के सलाहकार भी हैं, कांग्रेस के मंत्री, जो कैबिनेट में साथ बैठते थे, जिन्हें कुछ दिन पहले महिलाओं के पक्ष में बयान देने के कारण से हटा दिया गया, सदन से सड़क तक और बड़े-बड़े मंचों से भाषणों में विधायक कहते हैं कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान बना दिए हैं। मुख्यमंत्री जी के घोषित सबसे बड़े सलाहकार तो वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल को सदन में खड़े होकर भ्रष्ट बताते हैं। शेखावत ने कहा कि अन्नपूर्णा किट पर मुख्यमंत्री जी का फोटो लगाकर मिर्च, धनिया, हल्दी, नमक मिलावटी दिया जा रहा है। गरीब जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। 270 रुपये के माल को 371 रुपये में खरीदा जा रहा है। इस योजना में 1000 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है। किसानों का मुद्दा उठाते हुए शेखावत ने कहा कि राजस्थान का किसान बदहाल है। कर्ज माफी का वादा सरकार ने पूरा नहीं किया। सरकार की वादा-खिलाफी के चलते 2000 से ज्यादा किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुए हैं। 20,000 किसानों की जमीन नीलाम हो गई। बिजली न मिलने के चलते किसान खून के आंसू रोने के लिए मजबूर है। ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि गहलोत साहब ने कर्मचारियों के वोटों को हथियाने के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम का शिगूफा छोड़ा है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस ने इसका उपयोग किया। आपसे आग्रह करूंगा कि उन दोनों सरकारों ने स्टैंड जिस तरह से यूटर्न करके बदला है, उसको एक बार अवश्य देख लेना चाहिए।

**निवेशकों पर राजनीति कर रहे गहलोत** - संजीवनी प्रकरण के सवाल पर शेखावत ने कहा कि राजस्थान में 14 क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटीज फेल हुईं। आप लोगों में कोई इन 14 के नाम नहीं बता सकता। इस सरकार ने उनके निवेशकों की चिंता कभी नहीं की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और उनके साथियों ने सीकर में 2700 करोड़ का घोलमेल किया। व्हीसलब्लोअर की गर्दन दबाने के लिए पुलिस का उपयोग किया जा रहा है। यदि मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी है तो सीबीआई जांच देनी चाहिए। राजस्थान की इन मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटीज की जांच सीबीआई में क्यों राजस्थान सरकार नहीं भेज रही, क्या इसका उद्देश्य है, इसके लिए हाईकोर्ट में आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी समेत अन्य के निवेशक गुहार लगा रहे हैं, दरअसल राजस्थान सरकार नहीं चाहती कि निवेशक को पैसा लौटाया जाए। राजस्थान सरकार केवल राजनीति कर रही है।

**मिट गए सनातन को मिटाने वाले** - सनातन धर्म पर अनर्गल टिप्पणी से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष खरगे साहब कहते हैं, मोदी जीत गया तो सनातन की ताकत बढ़ जाएगी।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी

**श्रीनगर, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता सोफी यूसुफ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी द्वारा यूसुफ को जारी किए गए एक पत्र में कहा गया है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता होने और अब बहुत वरिष्ठ पद पर होने के बावजूद, दुर्भाग्य से जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी की अनुशासन समिति के संज्ञान में यह आया है कि आप पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं और अपने राजनीतिक व्यवहार में अनुशासनहीनता दिखा रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया कि आपने कुछ और लोगों के साथ पार्टी कैडर में असंतोष पैदा करने की कोशिश की है और अब आपकी ऑडियो रिकॉर्डिंग क्लिप सामने आई है, जिसकी सामग्री दशार्ती है कि आपको पार्टी अनुशासन और उच्च सिद्धांतों के लिए कोई सम्मान नहीं है जो पार्टी की राजनीतिक विचारधारा का आधार हैं। ऑडियो क्लिप जारी की जा रही हैं इसके साथ आपके पास भेजा है। अध्यक्ष सुनील सेठी द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में आगे कहा गया कि आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने कदाचार और अनुशासनहीनता पर आज से 7 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अपना जवाब प्रस्तुत करें कि किसी भी अनुमेय कार्रवाई के अलावा आपको पार्टी के सभी पदों से हटाने की कार्रवाई क्यों न की जाए।

# बंगाल मवेशी घोटाला : सीबीआई व ईडी ने अणुव्रत मंडल की 11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**कोलकाता, (हि.स.)।** सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संयुक्त रूप से जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अणुब्रत मंडल और उनके परिवार के सदस्यों की 11 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये का पशु तस्करी मामले में यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों ने कहा कि दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने कोलकाता के राउज एवेन्यू कोर्ट में अपना संबंधित विवरण भी जमा कर दिया है, जहां ईडी पिछले हफ्ते आसनसोल में एक विशेष सीबीआई अदालत के आदेश के बाद पशु-तस्करी घोटाले से संबंधित सभी मामलों को स्थानांतरित करने में सक्षम थी। ईडी और सीबीआई ने यह भी बताया है कि कैसे बीरभूम जिले में तृणमूल अध्यक्ष के रूप में मंडल ने अपनी शक्ति और प्रभाव का इस्तेमाल करके लोगों से बाजार मूल्य से बहुत कम दरों पर संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों में चावल मिलें शामिल थीं। राष्ट्रीय राजमार्गों से सटे प्रमुख क्षेत्रों में भूमि के भूखंड, आवासीय फ्लैट



और कुछ लक्जरी गाड़ियां भी खरीदी गई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि अगर वास्तविक बाजार मूल्य पर दो केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा जब्त की गई कुल संपत्ति पर विचार किया जाए तो यह 20 करोड़ रुपये के करीब होगी। दोनों एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में यह भी विस्तार से बताया है कि कैसे पशु-तस्करी घोटाले की आय या तो चावल मिलों जैसे कानूनी व्यवसायों में निवेश के माध्यम से या शेल कंपनियों के माध्यम से काले से सफेद की गई थी। मंडल फिलहाल नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। उनकी बेटी सुकन्या मंडल, निजी चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष कोठारी और उनके निजी अंगरक्षक सहगल हुसैन, जो करोड़ों रुपये के पशु तस्करी मामले में सह-साजिशकर्ता और लाभार्थी के रूप में आरोपिक हैं, को भी तिहाड़ जेल में रखा गया है।

# सिख विरोधी दंगा मामला डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पास भेजा गया

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा का मामला सुनवाई के लिए डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पास भेज दिया है। अब डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज तय करेंगे कि इस मामले पर सुनवाई कौन सेशंस जज करेंगे। कोर्ट में 6 सितंबर को सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर के वकील ने सुनवाई टालने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। टाइटलर के वकील ने कहा था कि जिन दलीलों के आधार पर उनको जमानत मिली थी, अब सीबीआई उन दलीलों को अपनी नई चार्जशीट में खारिज कर रही है। सुनवाई के दौरान दंगा पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा था कि मामले की सुनवाई तेजी से होनी चाहिए, ये मामला दशकों से लंबित है। दरअसल, जगदीश टाइटलर की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मामले में 1984 से 2023 तक के सारे दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की




गई है। इसके पहले जगदीश टाइटलर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअली कोर्ट में पेश होने की इजाजत मांगी थी। इस पर 10 अगस्त को कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत दे दी थी।

4 अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट सेशंस कोर्ट के स्पेशल जज विकास ढल ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया था। जगदीश टाइटलर 5 अगस्त को कोर्ट में पेश हुए थे और अपना बेल बांड भरा था। 5 अगस्त को कोर्ट के बाहर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत देने के कोर्ट के आदेश पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया था। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 26 जुलाई को जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने टाइटलर को आज कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। सीबीआई ने इस मामले में टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 109 और 302 के तहत लगाया है। सीबीआई के मुताबिक टाइटलर ने भीड़ को उकसाया था, जिसके बाद भीड़ ने पुलबंगश के गुरुद्वारे में आग लगा दी थी।

# इंडिया गठबंधन के लोग देते हैं सनातन धर्म को गाली : अनुराग ठाकुर

**सिवनी (ईएमएस)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हर दिन कांग्रेस का कोई नेता सनातन को गाली देता है। कांग्रेस का जो ठगबंधन बना है, उसमें ऐसे दल और नेता शामिल हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। इन दलों का चाल और चरित्र नहीं बदले, सिर्फ चोला बदलने का प्रयास इन्होंने किया है। इनकी न कोई नीति है, न नेता है और इनकी नीयत में भी खोट है। हर मीटिंग के बाद इस ठगबंधन के नेता हिंदुओं को अपमानित करने में लग जाते हैं, सनातन धर्म पर प्रहार करने का तरीका खोजते हैं। श्री ठाकुर सोमवार को यहां जन आशीर्वाद यात्रा ने पहले मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की विदेशी धरती पर जाकर भारत की छवि को खराब करने में लगे हैं, तो देश में उनके सहयोगी नेता सनातन धर्म और हिंदुओं को अपमानित करने में कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राहुल गांधी अपने नेताओं के इन कृत्यों के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलते, उनके मुंह में दही जम जाती है। इसका मतलब है कि सनातन पर प्रहार करने वाले इन नेताओं को कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन है। कांग्रेस हिंदुओं को अपमानित कर वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है और चुनाव जीतने के लिए उन लोगों और दलों का उपयोग कर रही है, जो हिंदु विरोधी हैं। ठाकुर ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता हिंदुओं के खिलाफ बोलने वाले, सनातन धर्म पर प्रहार करने वाले इन नेताओं को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। ठाकुर ने कहा कि एक तरफ जहां घमंडिया गठबंधन के लोग हिंदुत्व को अपमानित कर रहे हैं, वहीं भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें देश के सांस्कृतिक वैभव को बढ़ाने का काम



कर रही हैं। उज्जैन में दिव्य महाकाल महालोक का निर्माण हुआ है। ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के विकास की घोषणा भी की है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, देश में भव्य सोमनाथ धाम, केदारनाथ धाम और काशी कॉरीडोर का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में हो रहा है।

**भाजपा की सरकार ने मध्यप्रदेश का कायाकल्प किया** - श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं ने 20-22 साल पहले की प्रदेश की वो टूटी फूटी सड़कें नहीं देखी होंगी, प्रदेश में सिंचाई की स्थिति और खेती बाड़ी की दुर्दशा भी उन्होंने नहीं देखी होगी। बिजली के अभाव में उन युवाओं ने लालटेन की रोशनी में पढ़ाई नहीं की होगी। लेकिन यह सच है। आज से लगभग 20 साल पहले कांग्रेस की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। जनता ने एक सही निर्णय लिया और 2003 के बाद बनी भाजपा की सरकार ने यह दिखा दिया कि कैसे एक सही निर्णय और भाजपा पर विश्वास प्रदेश का कायाकल्प कर सकता है। उस समय विकास दर काफी कम थी, आज 16 प्रतिशत के लगभग है। कृषि विकास दर जो न के बराबर थी, 18 प्रतिशत के आसपास चल रही है। प्रति व्यक्ति आय रूपए 12000 थी, अब 140000 रुपए हो गई है। तब बजट का आकार लगभग 23000 करोड रुपए होता था, आज यह 314000 करोड़ रुपया हो गया है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जिलाधिकारी से बारिश और राहत कार्यों की जानकारी ली




**लखनऊ, (हि.स.)।** भारत के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने राजधानी में हो रही मूसलाधार बारिश और जलभराव का संज्ञान लिया है। उन्होंने इस सम्बंध में जिलाधिकारी से बात कर तेजी से राहत व बचाव कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सम्बंध में अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि लखनऊ में भारी बारिश से कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा होने पर जिलाधिकारी से बात की है। उन्होंने मौजूदा हालात के बारे में विस्तृत जानकारी दी है और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों से भी अवगत कराया है। प्रशासन द्वारा राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और उनके कुशल कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार बीती रात उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हुई है। राजधानी लखनऊ में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश से जनजीवन पर असर पड़ा है और जल जमाव की स्थिति पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश में तेजी से राहत कार्य कराएं जाने के निर्देश सभी जिलों के अधिकारियों को दिए हैं। प्रशासन लगातार बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटा हुआ है। वहीं भारी बारिश के चलते लखनऊ जिला प्रशासन ने सोमवार को 12वीं कक्षा तक के सभी बोर्ड के स्कूलों को बंद कर छुट्टियां कर दी है।

# किसानों के लिए संजीवनी होगी झमाझम बारिश, अस्पताल व घरों में हुआ जलभराव



**बहराइच, (हि.स.)।** जिले में सोमवार को झमाझम बारिश हुई। बारिश ने गर्मी से निजात दिलायी। इस दौरान शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। कई घरों में पानी घुस गया। रास्ते लबालब हो गए। कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं, किसानों के चेहरे खिले नजर आए। मौसम के जानकर के अनुसार आगे भी ऐसे ही मौसम बने रहने के आसार हैं। जिले में पिछले दिनों काफी उमस भरी गर्मी रही। इससे लोग काफी परेशान रहे। सोमवार को झमाझम बारिश हुई। बरसात से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, शहर के फ्रीगंज, डिगिहा, घसियारीपुरा समेत अन्य मोहल्लों में पानी भर गया। पानी भर जाने से लोगों का चलना फिरना मुश्किल हो गया। मुख्य रास्ते भी जलभराव से नहीं बचे। इंदिरा स्टेडियम के पास भी मुख्य मार्ग पर पानी भरा रहा। सड़क तालाब बन गई। पानी में मंझाकर ही लोग निकलने को मजबूर रहे। बारिश का पानी घरों में घुस गया। लोगों को निकलने में काफी परेशानी हुई। घसियारीपुरा मोहल्लेवासियों ने बताया कि हल्की ही बारिश में यहां चलना फिरना मुहाल हो जाता है। मौसम जानकर का कहना है कि आगे भी ऐसे ही एक-दो दिन मौसम बने रहने के आसार हैं।

# लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत तय : नरेन्द्र कश्यप



**लखनऊ, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर भाजपा का पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारी पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में हमारा मोर्चा मजबूती से लड़ेगा और लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी। बातचीत में उप्र सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा नरेन्द्र कश्यप ने कही। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि आज हम कार्यकताओं की बैठक लेंगे। बैठक में आने वाले चुनाव में प्रदेश में किस तरह से तैयारी करनी है और मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जाए, इस पर रणनीति बनाएंगे। इसके जरिए हम सभी 80 सीटों को जीतने में सफल होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा सभी 75 जिलों में मोटर साइकिल रैली निकालकर केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएंगे। 24 सितम्बर को ओबीसी मोर्चा की राजधानी में एक सोशल मीडिया की कार्यशाला होने जा रही है। प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में दो लाख नये कार्यकताओं को तैयार करने और उनकी समीक्षा करनी है। इन सभी कार्य योजनाओं के साथ हम पिछड़ा वर्ग के पास जाएंगे और लोकसभा चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित होगी।

# सचिवालय घेरने निकले तेजस्विनी कर्मचारियों को पुलिस ने रोका




**रांची, (हि. स.)।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को सचिवालय का घेराव करने निकली। लेकिन तैनात पुलिसकर्मियों ने सभी को प्रभात तारा मैदान के समीप बनाये गए बैरीकेडिंग के पास रोक दिया है। इससे पहले राज्यभर से तेजस्विनी कर्मचारी संघ की महिलाएं रांची के प्रभात तारा मैदान में जमा हुई। तेजस्विनी कर्मचारी संघ के घेराव को लेकर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। घेराव के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से धुर्वा गोलचक्कर और सचिवालय क्षेत्र में धारा 144 लगायी गयी है। मौके पर हटिया ड-ीएसपी राजा कुमार मित्रा और कई पांच थानेदार मौजूद है। झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आशीष विजय ने बताया कि अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सचिवालय घेराव करने जा रहे थे। लेकिन हमलोगों को बैरीकेडिंग के पास रोक दिया गया।उन्होंने बताया कि हमारी पांच सूत्री मांगों में बीआ-रआईयू संकुल कर्मी और युवा उत्प्रेरक के बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान करने, 17 जिला के बीआरआईयू, संकुल कर्मी और युवा उत्प्रेरक का माह अप्रैल 2023 से अगस्त 2023 तक का सेवा अवधी विस्तार एवं लंबित मानदेय भुगतान यथाशीघ्र करने और महिला कर्मचारियों को कार्य क्षेत्र में सुरक्षा की गारंटी और मातृत्व अवकाश देने की मांग शामिल है। उल्लेखनीय है कि राज्य में कार्यरत तेजस्विनी कर्मचारियों की संख्या लगभग 10 हजार से भी अधिक है, इनमें आठ हजार महिलाएं मूलनिवासी हैं।

# जेपी आश्रम सोखोदेवरा में मनाई गई संत विनोबा भावे की जयंती

**- महान गांधीवादी एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे आचार्य विनोबा भावे : अरविंद**



**नवादा, (हि. स.)।** नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव स्थित जेपी आश्रम परिसर में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता व महान संत आचार्य विनोबा भावे की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत विनोबा भावे के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य विनोबा भावे को भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का अध्यात्मिक उत्तराधिकारी माना जाता है। उन्होंने संत विनोबा भावे के जनहित में एवं समाज के उत्थान को लेकर किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मण्डल के कर्मियों ने उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। इसके पूर्व विनोबा जयंती के अवसर पर विनोबा पार्क समेत जेपी आश्रम परिसर की सामूहिक साफ-सफाई कार्य किया गया।

मौके पर ग्राम निर्माण मंडल के व्यवस्थापक डॉ० भारत भूषण शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० रंजन कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ० धनंजय कुमार, रौशन कुमार, रविकांत चौबे, डॉ० शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, नीलम कुमारी, सलोनी कुमारी, ग्राम निर्माण मंडल के सुचिता तिर्की, शंकर प्रसाद, धीरेंद्र कुमार मन्नू, कृषि विज्ञान केंद्र के रोहित कुमार,पिंटू पास-ावान, श्रवण रविदास एवं आईसेक्ट यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षण को लेकर आए रावे के विद्यार्थी मौजूद थे।

# घोसी उपचुनाव परिणाम से ओम प्रकाश राजभर के राजनीतिक कॅरियर को भी लगा धक्का!



**लखनऊ, (हि.स.)।** मंत्रियों का घर-घर दौरा, कई मंत्रियों का वहीं पर डेरा डालना, मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के बावजूद समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह की बम्पर जीत हो जाना, सभी भाजपा के दिग्गजों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। दारा सिंह चौहान की हार भाजपा को पहले भी दिख रहा था, जिसके कारण भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। इसके बावजूद वह जीत में तब्दील करना तो दूर वोटों के अंतर को भी कम नहीं कर सकी। इससे एक तरफ समाजवादी पार्टी आगे भी इसी रणनीति पर चलने का विचार कर रही है, वहीं भाजपा अपने रणनीति की समीक्षा करने में जुट गयी है। इस उपचुनाव में ओम प्रकाश राजभर के राजनैतिक कॅरियर को भी धक्का लगा है। उन्होंने भी वहां जाकर दारा सिंह चौहान को जीताने के लिए डेरा डाल रखा था लेकिन उसका भी कोई असर देखने को नहीं मिला। अपनी बिरादरी पर मजबूत पकड़ रखने वाले ओम प्र-काश राजभर को अपनी बिरादरी के लोगों का साथ अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिला। इससे ओम प्रकाश राजभर बड़े दलों पर अब अपना दबाव पहले जैसा नहीं बना पाएंगे। स्थिति यह है कि यह जीत घोसी में अब तक के किसी भी उम्मी-दवार से ज्यादा मतों के अंतर से हुई है। सुधाकर सिंह जहां 42,759 मतों के अंतर से जीते हैं। दारा सिंह पिछली बार सपा से 22,216 मतों के अंतर से भाजपा उम्मीदवार से जीते थे। हालांकि दारा सिंह चौहान की स्थिति वहां पहले से ही खराब थी। उधर घोसी में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि दारा सिंह चौहान किसी दल के नहीं हैं। ये सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने के लिए दल बदलते रहते हैं। इस बात को समाजवादी पार्टी हर मतदाता को समझाने में सफल रही। इससे भाजपा कार्यकताओं में उत्साह की कमी दिखी। आखिर कार्यकताओं की जमीर आज भी जिंदा है और वे किसी पार्टी के साथ विचारधारा के कारण जुड़े हैं। उन्हें यह हजम नहीं हो पा रहा था कि जिस नेता के खिलाफ अभी डेढ़ साल पहले प्रचार किया, उसके साथ अब कैसे प्रचार करें।

# नमामि गंगे ने बाढ़ के बाद गंगा किनारे पसरी गंदगी को साफ किया

**वाराणसी, (हि.स.)।** नमामि गंगे के सदस्यों ने सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर गंगा में बाढ़ के बाद पसरी गंदगी को साफ किया। गंगा की अविरलता-निर्मलता व घाटों की स्वच्छता के लिए जनजागरण के तहत गंगा की तलहटी की सफाई की। गंगा आरती और स्वच्छता संकल्प के पश्चात सदस्यों ने इधर-उधर बिखरा कचरा समेट कर उसे कूड़ेदान में फेंका। गंगा तलहटी और सतही जल पर तैर रही अनेकों प्रदूषण कारक वस्तुओं को भी सदस्यों ने निकाला। श्रमदान के दौरान सदस्य जोश में घोष कर रहे थे कि 'आओ घर-घर अलख जगाएं- मां गंगा को निर्मल बनाएं। 'ध्वनि विस्ता-रक यंत्र और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां के द्वारा घाट पर उपस्थित नागरिकों, पंडित, पुरोहितों, पूजन सामग्री विक्रेताओं, दुकानदारों एवं मल्लाह बंधुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि गंगा 2525 किलोमीटर की अपनी यात्रा में भारत की 56 प्रतिशत आबादी को जीवन देती हैं। गंगा सदियों से भारत को अपने निर्मल जल से सींच रही है। भारत की सिंचाई, पेयजल, तीर्थाटन एवं अन्य कई आवश्यकता की पूर्ति कर रही है। गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश हम जन-जन तक पहुंचाएं क्योंकि जागरूकता ही सफलता की ओर उठने वाला पहला कदम होता है।



# स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए : ब्रजेश पाठक



**लखनऊ, (हि.स.)।** शिकागो की धर्मसंसद में स्वामी विवेकानंद द्वारा हिंदुत्व एवं भारतीय दर्शन पर दिये गये प्रथम भाषण की स्मृति में अमीनाबाद स्थित झण्डेवाला पार्क में सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण सक्सेना व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन चारित्र से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में स्थापित करने का काम किया। कार्यक्रम के आयोजक विन्ध्यवासिनी कुमार ने कहा कि जब पूरे विश्व में विदेशी संस्कृति का बोलबाला था, उस समय स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति के दर्शन से विश्व को परिचित कराया। इस अवसर पर झण्डेवाला पार्क में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण सक्सेना व विन्ध्यवासिनी कुमार ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में जयति श्रीवास्तव, वरिष्ठ हाईकोर्ट अधिवक्ता गिरीश चंद्र सिन्हा, अधिवक्ता देवेश कुमार, अधिवक्ता विश्वेष कुमार, किशन लोधी, मनोज श्रीवास्तव, राजीव बाजपेयी, गिरीश गुप्ता, अमिताब चक्रवर्ती, अधिवक्ता विकर्ष श्रीवास्तव, मयंक सिन्हा, गणेश राय, नरेन्द्र श्रीवास्तव, विनीत यादव, शैलू सोनकर, राकेश भार्गव, राजेश लोधी सहित उपस्थित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

# अपराध, भ्रष्टाचार और दलालों से मुक्ति पाना है, तो भाजपा को जिताना है : बाबूलाल मरांडी

**- 2024 में लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव में जनता खिलाएगी कमल फूल**



**रामगढ़, (हि.स.) ।** अपराध, भ्रष्टाचार और दलालों से मुक्त करने के लिए संकल्प यात्रा चल रही है। भाजपा ने यह संकल्प ले लिया है, अब जनता को यह संकल्प लेना है। यह बातें सोमवार को रामगढ़ शहर के छावनी परिषद मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी यह संकल्प यात्रा संथाल परगना से शुरू होकर रामगढ़ पहुंची है। आज पूरा झारखंड अपराध, भ्रष्टाचार, दलालों और बिचौलियों से घिरा हुआ है। हमें एक मजबूत संकल्प लेकर अब इस प्रदेश में भाजपा को मजबूत करना है। झारखंड में कानून व्यवस्था काफी बिगड़ी हुई है। हर जगह चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण और बलात्कार हो रहे हैं। यहां पुलिस अपना काम बंद कर सिर्फ वसूली में लगी हुई है। बालू और कोयले से अवैध वसूली करने वाली पुलिस जनता संरक्षण के लिए ना तो कदम उठाती है और ना ही उन्हें न्याय दिलाने का कम कर रही है। इन सभी वसूली पार्टियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना संरक्षण दे रहे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है जहां अधिकारी अपने पद पर बने रहने के लिए टॉप अप की तरह रिचार्ज करते हैं। यहां अंचल से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों का यही हालत है। जैसे मोबाइल में महीने, दो महीने और 3 महीने का रिचार्ज होता है। वैसे ही अधिकारी अपनी पोस्टिंग बचाए रखने के लिए रिचार्ज करते रहते हैं। संकल्प यात्रा में बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को भी रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा गरीब, गांव, किसान और मजदूरों के चिंता करते हैं। अगर झारखंड में भी विकास की गंगा बहनी है तो जनता को 2024 में लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव में भाजपा को मजबूत करना होगा। जब भी भाजपा की सरकार बनती है तो गांव में विकास, सड़क का निर्माण और बिजली हर घर तक पहुंचती है। संकल्प यात्रा में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम वह झारखंड बनाना चाहते हैं जहां वंदे भारत जैसी ट्रेन चलती है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ को इंटरसिटी ट्रेन की भी सौगात मिलने वाली है। बरकाकाना से रांची चलने वाली इस ट्रेन का फायदा रामगढ़ वासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के भावी मुख्यमंत्री होंगे। इसकी भविष्यवाणी इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आम जनता अब सिर्फ हेमंत हटाओ और झारखंड बचाओ का नारा दे रही है। संकल्प यात्रा में शामिल हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आज जनता को भ्रष्ट सरकार के खिलाफ संकल्प लेने की आवश्यकता है अगर इस भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना है तो सिर्फ बाबूलाल मरांडी के हाथ में राज्य की बागडोर सौंपनी होगी। संकल्प यात्रा में पूर्व सांसद रघुनाथ पांडे ने कहा कि आज पूरा देश भारत और इंडिया में बंटा है। इसकी राजनीति संस्कारों से जुड़ी हुई है। भारत से जुड़े हुए लोग संस्कार से भरे हैं। वह हमेशा विकास की बात करते हैं। लेकिन इंडिया में शामिल लोग जब अपनी माता-पिता की सेवा नहीं करते तो वह जनता की क्या सेवा करेंगे। इसलिए जनता भारत को ही मजबूत बनाने के लिए संकल्प ले।

# मत्स्यगंधा झील में निर्मित सीढी छठ घाट का विधायक ने उद्घाटन किया



**सहरसा, (हि.स.)।** शहर के मत्स्यगंधा झील किनारे विधायक योजना मद की राशि से सीढ़ी घाट निर्माण कार्य का विधायक डॉ आलोक रंजन ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के समय काफी संख्या में श्रद्धालु यहां छठ मानते हैं। इस जगह पर छठ घाट नही रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। यहां हम प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के अवसर पर आते हैं। लोगों की परेशानी को देखते हुए हमने सीढ़ी घाट निर्माण की अनुशंसा की थी।जो आज बनकर तैयार हो गया है।वही इस घाट का लोकार्पण किया गया। इस घाट के बन जाने से लोगो को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि अब छठ घाट के निर्माण हो जाने से लोगों को छठ पूजा में काफी सहूलियत होगी। यह विधायक आलोक रंजन द्वारा अच्छी पहल है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष भैरव झा,मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सिंह, नगर उपाध्यक्ष रामेंद्र कुमार रवि, रोशन गांधी, संजय दास, सुमन कुमार, नीरज झा,पप्पू पोद्दार,अजय गांधी, सौरभ कुमार, पुनीत आनंद, मयंक कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

# छठ पर बिहारी प्रवासियों को करनी होगी जेबे ढ़ीली, दिल्ली से दरभंगा के लिए चुकाने होंगे 16,486 रुपये




**दरभंगा, (हि.स.)।** महापर्व छठ को लेकर बिहार के लोगों के दिलों में एक खास स्थान रखता है। ऐसे में बिहार से बाहर रह रहे लोगों को छठ के मौके पर अपने घर आने की खास लालसा होती है। लेकिन हर वर्ष की भांति इस साल भी उत्तर बिहार के एकमात्र हवाईअड्डे दरभंगा के लिए देश के सभी महानगरों से आने का किराया आसमान छू रहा हैं। दिल्ली से दरभंगा आने वाली फ्लाइट का टिकट शुल्क 16,486 है ,मुम्बई से दरभंगा आने वाली फ्लाइट का टिकट का शुल्क 24,046 है। इसके अलावा बेंगलुरु से दरभंगा आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट के टिकट का प्राइस 11 नवम्बर को 15,120 है। हैदराबाद से दरभंगा आने वाली टिकट का प्राइस 22,955 है। साथ ही इसी टिकट का प्राइस 16 नवंबर को बेंगलुरु से दरभंगा के लिए 14,070 रुपये है। दिल्ली से दरभंगा के लिए 12,172 रुपये, और हैदराबाद से दरभंगा के लिए 20,015 रुपये है। कोलकता से दरभंगा आने के लिए 21,683 रुपये खर्च करने होंगे। जब दरभंगा एयरपोर्ट बन गया तब लोगों के दिलों में आशा जगी कि वह आसानी से अपने घर जा सकते हैं। लेकिन, इस सबके एक तरफ जहां उड़ान योजना के तहत शुरू हुए दरभंगा एयरपोर्ट के बारे में सरकार यह दावा करती है। हमने यह एयरपोर्ट बनाकर हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा करने का अवसर प्रदान किया।दूसरी और इसका किराया आसमान छू रहा है। आमतौर पर फ्लाइट्स के टिकट बुकिंग के लिए कहा जाता है कि अगर लंबे अवधि के टिकट की बुकिंग कराई जाए तो टिकट सस्ता उपलब्ध होता है। लेकिन दरभंगा एयरपोर्ट इस सब के मामले में बहुत अलग प्रतीत होता है। दरभंगा में विमानों का परिचालन उड़ान योजना के तहत किया जा रहा है। राज्य स-रकार यहां एटीएफ पर मात्र एक प्रतिशत वैट वसूलती है। ऐसे में अन्य बड़े हवाई अड्डों की तुलना में यहां से हवाई किराया सस्ता होना चाहिए, लेकिन स्थिति इसके उलट है।



# 9/11 हमले के बाद नफरत और नस्लवाद की घटनाएं बढ़ीं, सांसदों ने निंदा करने के लिए पेश किया प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल सहित सांसदों के एक समूह ने 9/11 आतंकवादी हमले के बाद अरब, मुस्लिम, दक्षिण एशियाई, सिख और मध्य पूर्वी समुदायों के खिलाफ नफरत, विदेशी द्वेष और नस्लवाद की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया है। 11 सितंबर 2001 में आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसे आमतौर पर 9/11 के रूप में जाना जाता है। इस हमले में करीब तीन हजार से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका के इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक की 22वीं बरसी से पहले नौ सितंबर को इस हमले के बाद उभरे नश्लवाद से पीड़ितों के समर्थन में सिफारिशें सामने रखी गई हैं। अरब, मुस्लिम, मध्य पूर्वी, दक्षिण एशियाई और सिख समुदाय लंबे समय से अमेरिका में भेदभाव और हिंसा का अनुभव कर रहे हैं, जो हमलों के बाद और तेज हो गया है। हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई। एक महीने के अंदर सामुदायिक संगठनों ने मध्य पूर्वी या दक्षिण एशियाई मूल के समझे जाने वाले अमेरिकियों के खिलाफ नफरत की 945 घटनाएं दर्ज की गई हैं। नफरती भरे माहौल के कारण उनके रोजमर्रा के जीवन और उनके कार्यस्थलों, व्यवसायों, सामुदायिक केंद्रों और पूजा घरों में बदमाशी और हिंसा हुई। 9/11 हमले की 22वीं बरसी से दो दिन पहले जयपाल ने सांसदों इल्हान उमर, रशीदा तलीब, जूडी और आंद्रे कार्सन के साथ प्रस्ताव पेश किया, जिसमें नफरत, ज़ेनोफोबिया और नस्लवाद को उजागर किया गया। सांसद प्रमिला ने कहा कि 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में अब तक हुए सबसे भयानक आतंकवादी हमले में हमने हजारों लोगों की जान गंवा दी। हमले में करीब तीन हजार लोगों की जान चली गई थी और 4,500 से अधिक अन्य संबंधित बीमारियों से मर गए थे। इस दिन ने हमारे देश को पूरी तरह से बदल दिया और इसका प्रभाव अभी भी देखा जा सकता है।

वाशिंगटन के 7वें कांग्रेस जिले के अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि हमें हमले के बाद अरब, मुस्लिम, मध्य पूर्वी, दक्षिण एशियाई और सिख समुदायों को हुए नुकसान पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमले के बाद के दिनों में बलबीर सिंह सोढ़ी, वकार हसन और अदेल करास की हत्याओं से साफ था कि उन लोगों के प्रति कितनी नफरत फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस देश में नस्लवाद का कोई स्थान नहीं है और आज भेदभाव और स्वतंत्रता की हानि का अनुभव किया है। कांग्रेस सदस्य उमर ने कहा कि 11 सितंबर 2001 अमेरिकी इतिहास की एक विनाशकारी घटना थी।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब छोड़ते ही घट जाता है कैंसर वाला प्रोटीनः ब्लड प्रेशर भी कम होता है; एंग्जायटी बढ़ सकती है

**वॉशिंगटन।** शराब को सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इससे लीवर डैमेज हो जाता है, ब्लड प्रेशर बढ़ता



है और कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। हम जानते हैं कि शराब न पीने से सेहत को फायदा होता है। लेकिन ये बात सुनते ही मन में कुछ सवाल जरूर आते होंगे जैसे- जब हम शराब पीना बंद कर देते हैं तो हमारे शरीर में क्या होता है...किस तरह के बदलाव आते हैं। इस बारे में बताते हुए रिसर्चर डॉ. केविन मूर ने कहा- शराब का सेवन नहीं करने से ब्लड प्रेशर 6 प्रतिशत वजन 1.5 किलोग्राम तक कम हो जाता है। इसके अलावा डायबिटीज का खतरा भी 26 प्रतिशत कम हो जाता है। इससे कॉनसंट्रेशन बढ़ता है और गहरी नींद आती है। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, शराब नहीं पीने से कैंसर के लिए जिम्मेदार प्रोटीन- एपिडर्मल ग्रोथ फैक्टर के लेवल 73 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इसके साथ ही वैस्क्युलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर का लेवल 41 प्रतिशत तक कम हो जाता है। डॉ. केविन मूर ने कहा- हमने 45 साल के 94 लोगों की ड्रिंकिंग हैबिट्स पर स्टडी की। शराब पीने वालों के सेंट्रल नर्वस सिस्टम को शराब की इतनी आदत हो जाती है कि जैसे जब लोग शराब पीना बंद करते हैं तो उनका दिमाग हाइपर एक्टिव हो जाता है। इससे लोगों को एंग्जायटी होती है, नींद नहीं आती, चिड़चिड़ापन और हैल्यूसीनेशन महसूस होता है। इससे मौत का खतरा बढ़ जाता है। मेडिकल जर्नल द लैंसेट में पब्लिश रिसर्च के अनुसार बुजुर्गों की तुलना में जवानों का शराब पीना ज्यादा खतरनाक है। यानी जवानों को शराब पीने से ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज ने जियोग्राफिक रीजन (भौगोलिक क्षेत्र), उम्र और जेंडर के आधार पर 204 देशों में शराब पीने वालों पर हुई एक रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है। रिसर्च में पाया गया कि 15 से 39 साल की उम्र के लोगों को शराब पीने पर ज्यादा खतरा होता है। 2020 में बहुत ज्यादा मात्रा में अल्कोहल लेने वालों में 59.1 प्रतिशत लोग 15 से 39 साल की उम्र वाले थे। इनमें से 76.7 प्रतिशत पुरुष थे। डब्लूएचओ के मुताबिक, दुनिया में 2020 में सामने आए कुल कैंसर के मामलों में से 7,41,300 यानी 4 प्रतिशत को अल्कोहल के कारण कैंसर हुआ। हर 25 में से एक इंसान को कैंसर शराब के कारण हुआ।

### अमेरिका में कम्युनिटी फार्मिंग का नया ट्रेंडः महंगाई का मुकाबला करने घर में सब्जियां उगा रहे लोग, घर खर्च में हर महीने 40 फीसदी तक बचत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में खाद्य महंगाई दर 50 साल के उच्चतम स्तर पर है। ऐसे में अमेरिका के कोलंबिया, मिसौरी, अटलांटा, मिनिसोटा जैसे राज्यों में महंगाई से मुकाबले के लिए कम्युनिटी फार्मिंग का मॉडल पनप रहा है। यहां के लोग दिन के कुछ घंटे खेती को भी देते हैं। कम्युनिटी फार्मिंग में लोग अपने गार्डन या खेतों में साझा तौर पर सब्जियां उगाते हैं ताकि उनकी रोज की जरूरतें पूरी हो सकें। सभी सदस्य फार्मिंग में भागीदार होते हैं। लागत से लेकर उपज तक को शेयर किया जाता है। कम्युनिटी फार्मिंग से कुल साझा उपज बढ़ जाती है। यदि लोग अलग-अलग फार्मिंग करते हैं तो उपज कम होती है। कम्युनिटी फॉर्मिंग से घर खर्च में 40 फीसदी तक की मासिक बचत मिसौरी के जोसेफ बताते हैं कि उन्होंने अपने पड़ोसियों को कम्युनिटी फार्मिंग करते देखा और इसके फायदों को जाना। जोसेफ को जब अहसास हुआ कि उनके घर का मासिक ग्रॉसरी बिल लगातार बढ़ रहा तो उन्होंने कम्युनिटी फार्मिंग को चुना। अटलांटा की मैरियान बतातीं हैं कि कम्युनिटी फार्म से जुड़ने के लिए उन्हें 20 हजार रुपए मैंबरशिप फीस देनी पड़ी थी। पिछले 6 महीनों से मैरियान कम्युनिटी फॉर्मिंग से ही घर की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर रहीं हैं। इससे उन्होंने घर खर्च में 40 फीसदी तक की मासिक बचत की है। न्यूयॉर्क के जाहिद अफसर ने भी कम्युनिटी फार्मिंग को अपनाया है। जाहिद ने कम्युनिटी फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए 'प्लांट बाइबल' वेबसाइट शुरू की है। कम्युनिटी फार्मिंग की बढ़ती लोकप्रियता के चलते अमेरिकी अब इसे बिजनेस मॉडल की तरह भी देख रहे हैं। लोग अपने गार्डन या प्लॉट को कम्युनिटी फार्म को किराये पर देकर पैसे भी बना रहे हैं। वाशिंगटन की एलेक्सिया ने भी 8 एकड़ में कम्युनिटी फार्मिंग को बिजनेस के तौर पर चुना। एलेक्सिया कहती हैं कि 'पिछले 6 महीनों से हमने बाजार से ग्रॉसरी नहीं खरीदी। सब्जियां और जरूरत के फूड प्रोडक्ट हम अपने कम्युनिटी फार्म में ही उगाते हैं। ये पैकेज्ड फूड से बेहतर होती है। इसके साथ ही रोजाना जब हम फार्मिंग करते हैं तो हमारा वर्कआउट भी पूरा हो जाता है।


## अगली महामारी आने से पहले वॉर्निंग देगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

# नया सिस्टम चिंताजनक-खतरनाक वैरिएंट का पता लगाएगा, वायरस के म्यूटेशन की भी जानकारी देगा

**वॉशिंगटन।** साइंटिस्ट्स ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम बनाया है जो अगली महामारी की वॉर्निंग देगा। ये वैरिएंट ऑफ कंसर्न यानी चिंताजनक और खतरनाक वैरिएंट का पता लगाएगा। इससे महामारी को रोकने या फिर कंट्रोल करने में मदद मिल सकेगी। डब्लूएचओ के मुताबिक वैरिएंट ऑफ कंसर्न यानी वह वैरिएंट जो तेजी से ट्रांसमिट होते हैं, गंभीर लक्षण दिखाते हैं और एंटीबॉडी को चकमा दे सकते हैं। वहीं, वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट कोरोना के ऐसे वैरिएंट हैं जो वायरस के ट्रांसमिशन, गंभीर लक्षणों, इम्यूनिटी को चकमा देने, डायग्नोसिस से बचने की क्षमता दिखाते हैं। आई सिस्टम का नाम अर्ली वॉर्निंग अनोमली डिटेक्शन सिस्टम है। (कोरोना वायरस) के संक्रमण के डेटा के साथ इसका मिलान किया गया तो इसके जरिए वायरस के म्यूटेशन और भविष्य में सामने आने वाले वैरिएंट के बारे में सटीक जानकारी मिली। इससे यह भी पता चला कि वायरस के किस वैरिएंट से ज्यादा खतरा है, जिससे महामारी आ सकती है।

**ईवाड बनाने में मशीन लर्निंग की मदद ली** - अमेरिका के स्क्रिप्स रिसर्च और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने ईवाड को बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (मशीन लर्निंग) की मदद ली। मशीन लर्निंग में पैटर्न का पता लगाने, एल्गोरिदम विकसित करने और भविष्य में ये पैटर्न कैसे काम कर सकते हैं, के बारे में बताने के लिए कंप्यूटर के जरिए डेटा को एनालाइज किया जाता है।

**वायरस में म्यूटेशन नॉर्मल, ये सिस्टम फ्यूचर पैंडमिक से निपटने में अहम** - एक साइंटिस्ट ने कहा- म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है। इस वजह से कोविड-19 के नए वैरिएंट्स को लेकर



वैज्ञानिकों को बहुत ज्यादा आश्चर्य नहीं है। वुहान (चीन) में कोरोना वायरस सामने आया था। इस वायरस में कई म्यूटेशन भी हुए हैं। साइंटिस्ट्स का कहना है कि एआई एल्गोरिदम वायरस के इवोल्यूशन के रूल्स का पता लगाने में सक्षम थे। इन रूल्स का आसानी से पता नहीं लगता था, लेकिन अब ये भविष्य में आने वाली महामारियों से निपटने में अहम साबित हो सकते हैं।

**टेस्टिंग के दौरान प्रमुख जीन वैरिएंट दिखे** - टेस्टिंग के दौरान एआई को कोविड-19 से हुई मौतों के आंकड़े, वैरिएंट्स की जेनेटिक सिक्वेंसिंग और ये वैरिएंट कितनी तेजी से फैल रहे हैं, इस बारे में जानकारी दी गई। सिस्टम ने जेनेटिक बदलावों की पहचान तब की, जब संक्रमण दर बढ़ रही थी और मृत्यु दर में गिरावट आ रही थी। माइक्रोबायोलॉजिस्ट विलियम बाल्च ने कहा- टेस्टिंग के दौरान हमें प्रमुख जीन वैरिएंट दिखे। ये तेजी से बढ़ रहे थे और फैल भी रहे थे। मौतों का आंकड़ा भी बढ़ रहा था। ये सब डब्लूएचओ के वैरिएंट्स ऑफ कंसर्न वाले वैरिएंट्स को आधिकारिक तौर पर नामित करने के हफ्तों पहले हो रहा था।

### पाकिस्तान में आतंकवादियों ने एक बार फिर सुरक्षाकर्मियों को बनाया निशाना, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में एक अस्पताल परिसर के पास सुरक्षा बलों के वाहन को निशाना बनाकर बम विस्फोट किया गया। इसमें एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, जबकि अर्धसैनिक बल के चार कर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए। यह हमला अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की वारसाक रोड पर प्राइम अस्पताल के सामने फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के कर्मियों पर किया गया है। वारसाक के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विस्फोट के परिणामस्वरूप एफसी के पांच अधिकारी और तीन नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमला था। खान ने कहा कि आगे की जांच चल रही है। शहर के पुलिस प्रमुख अशफाक अनवर ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि यह आत्मघाती विस्फोट था।

# मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव आयुक्त अरुण गोयल बने पर्यवेक्षक, चीन और भारत के लिए अहम



**माले।**

**मालदीव में राष्ट्रपति चुनाव हो रहा है। यह भारत और चीन के लिए काफी अहम है। मालदीव के चुनाव आयोग के निमंत्रण पर चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल मालदीव में जारी राष्ट्रपति चुनाव में पर्यवेक्षक के तौर पर वहां गया हुआ है।**

भारत निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी। बताया कि अन्य देशों और संगठनों के अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी चुनाव अवलोकन कार्यक्रम में भाग लिया। बता दें, मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ था, लेकिन इसमें किसी को बहुमत नहीं मिलने पर अब 30 सितंबर को सबसे ज्यादा मत पाने वाले पहले दो उम्मीदवारों के बीच चयन के लिए मतदान होगा।

दरअसल, राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को भारत समर्थक माना जाता है। वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, उनके मुख्य विपक्षी उम्मीदवार मोहम्मद मुइज की पार्टी 'पीपुल्स नेशनल कांग्रेस' को चीन समर्थक माना जाता है। इसलिए भारत में जी20 सम्मेलन के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन चुनावों के परिणामों की फिक्र जरूर होगी। भले ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत नहीं आए हों, लेकिन उन्हें भी यह जानने में दिलचस्पी होगी कि आखिर देश का राष्ट्रपति कौन बनेगा। इन चुनावों के नतीजों को भारत और चीन दोनों पर ही असर पड़ने वाला है। अगर राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह जीतते हैं तो चीन परेशान होगा और अगर चीन समर्थक मोहम्मद मुइज को जीत मिलती है तो भारत के लिए परेशानी बढ़ेगी। मुइज, चीन समर्थक है और उनके जीतने से हिंद महासागर पर भारत की मौजूदगी प्रभावित होगी।

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पहुंचे बांग्लादेश, दी गई 21 तोपों की सलामी

**ढाका।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत में हुए जी20 सम्मेलन में भाग लेने के बाद बांग्लादेश पहुंचे। खास बात यह है कि 33 वर्षों में किसी फ्रांसीसी राष्ट्रपति की बांग्लादेश की यह पहली ऐतिहासिक यात्रा है। दो दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति मैक्रों को सर्वोच्च राजकीय सम्मान के तौर पर 21 तोपों की सलामी दी गई। दोनों नेताओं ने भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। अब मैक्रों और हसीना सोमवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं के दो द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर करने और एक संयुक्त प्रेस वार्ता को बाधित करने की उम्मीद है। 1990 में राष्ट्रपति फ्रेंकोइस मिटरैंड की ढाका यात्रा के 33 साल बाद मैक्रों बांग्लादेश का दौरा करने वाले दूसरे फ्रांसीसी राष्ट्रपति हैं। विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमन ने कहा कि बांग्लादेश और फ्रांस वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन और विनियमित प्रवासन जैसे मुद्दों पर चर्चा के अलावा अपने बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति बंगबंधु मेमोरियल म्यूजियम में राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को श्रद्धांजलि देंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ



अन्य लोगों के अलावा यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना भी हैं। मैक्रों के निमंत्रण पर हसीना ने नवंबर 2021 में फ्रांस का दौरा किया। 1990 के दशक की शुरुआत में द्विपक्षीय व्यापार संबंध बढ़ने शुरू हुए, जबकि बांग्लादेश और फ्रांस के बीच कुल व्यापार 210 मिलियन यूरो से बढ़कर आज 4.9 बिलियन यूरो हो गया है और फ्रांस बांग्लादेश का 5वां सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। बांग्लादेश के व्यापार अधिकारियों ने कहा कि फ्रांसीसी कंपनियां अब इंजीनियरिंग, ऊर्जा, एयरोस्पेस और जल क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में शामिल हैं।

# भूलना कोई बीमारी नहीं, सामान्य बात है: ये दिमाग के वर्किंग सिस्टम का हिस्सा, एक्सपर्ट बोले- याददाश्त मजबूत करने की कोशिश करें

**वॉशिंगटन।** अक्सर जब हमसे अचानक कहीं कोई परिचित मिलता है, तब उसका चेहरा तो याद रहता है, मगर नाम याद नहीं आता। कई बार सामान रखकर भूल जाते हैं, कहां रखा था, जरूरत के समय ये याद नहीं आता। खूब पढ़कर जाते हैं, लेकिन परीक्षा केंद्र में सवाल का जवाब याद नहीं आता ऐसे में उलझन होती है और हम सोचते हैं कि कहीं भूलने की बीमारी या डिमेंशिया तो नहीं हो गया। लोग आत्मविश्वास खोने लगते हैं। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ इसे सामान्य बताते हैं। उनके मुताबिक, ये सामान्य प्रक्रिया है, इसलिए घबराएं नहीं, लेकिन याददाश्त मजबूत करने की कोशिश लगातार करते रहें।



### यादों में बदलाव सामान्य

हर्बर्ट वर्थाइम यूएफ स्क्रिप्स इंस्टीट्यूट फॉर बॉयोमेडिकल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी में न्यूरोसाइंस के प्रोफेसर डॉ. रोनाल्ड डेविस के अनुसार, हम रोज कई चीजें देखते, पढ़ते व सुनते हैं। ऐसे में मस्तिष्क जानकारियों से भर जाता है और वह यादों को नियंत्रित करने लगता है। भूलना दिमाग के वर्किंग सिस्टम का हिस्सा है, इसलिए यादों में बदलाव सामान्य है। डेविड गेफेन स्कूल ऑफ मेडिसिन में बिहेवियरल न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के निदेशक डॉक्टर मारियो मेंडेज के अनुसार, याददाश्त बढ़ाने के लिए नियमित तौर पर कुछ खास तरीके अपनाते रहें। जैसे- अगर परिचित का नाम याद नहीं आ रहा तो उससे जुड़ी बातें याद करें। ये मस्तिष्क में ही रहती हैं और सतह पर आने में थोड़ा समय लगता है। पांच मिनट बाद आप पाएंगे कि उसका नाम याद आ गया। चीजों को व्यवस्थित तरीके से रखें। रिमाइंडर नोट्स बनाएं, फोन अलर्ट का इस्तेमाल करें। रटने से बचें, प्रैक्टिस और रीविजन करते रहें। क्या करें: मल्टीटास्किंग को सीमित करें, आधे घंटे टहलना भी फायदेमंद येल स्कूल ऑफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी और साइकोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरमान फेशरकी जादेह के अनुसार, याददाश्त बढ़ाने के लिए लाइफस्टाइल सुधारें। मल्टीटास्किंग को सीमित करें। यह मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। एक समय में एक ही काम करने की कोशिश करें। तनाव से बचें। कम नींद खराब याददाश्त में कमजोरी की बड़ी वजह है, इसलिए पर्याप्त नींद लें। डाइट ठीक करें। रोज आधे घंटे दौड़ें, टहलें, तैराकी करें या फिर साइकिल चलाएं। डॉक्टर से मिलना कब जरूरी: डॉ. जादेह के मुताबिक, एक ही सवाल कई बार पूछ रहे हैं। खास परिचितों के नाम अक्सर भूलते हैं, तो ये समस्या की शुरुआत है।

# ट्रेन की सवारी और रूस के दौरे पर निकला तानाशाह किम जोंग उन; दक्षिण कोरिया मीडिया का दावा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक में शामिल होने के लिए रूस रवाना हुए हैं। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन एक उत्तर कोरियाई ट्रेन में सवार होकर रूस के लिए रवाना हुए हैं। एपी ने दक्षिण कोरियाई मीडिया के हवाले से बताया कि किम जोंग उन रूसी राष्ट्रपति के साथ बैठक करेंगे।



### रूस के लिए किम जोंग उन ट्रेन से हुए सवार

दक्षिण कोरिया के सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से एक ट्रेन रूस के लिए रवाना हुई है। इस ट्रेन में किम जोंग उन सवार हैं। वे रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच मंगलावर को एक बैठक हो सकती है। हालांकि, कुछ कोरियाई मीडिया ने इस तरह की रिपोर्ट प्रकाशित है, लेकिन दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने इन रिपोर्टों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### अमेरिकी अधिकारियों ने पहले ही किया था बैठक को लेकर सचेत

बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिकी अधिकारियों ने ये दावा किया था कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति के बीच आगामी दिनों में एक बैठक हो सकती है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए उत्तर कोरिया से हथियारों की मदद मांग सकते हैं।

क्या कहते हैं विश्लेषक वहीं, विश्लेषको की मानें तो अगर रूसी राष्ट्रपति हथियारों की डिमांड करते हैं तो इसके बदले में वह भी रूस के सामने कुछ मांग रख सकते हैं। किम जोंग उन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल, परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां और सैन्य जासूसी उपग्रहों समेत ऊर्जा और खाद्य सहायता और आधुनिक हथियारों की मांग कर सकते हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर अदालत ने लगाया हमले का आरोप, सात साल तक की हो सकती है जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर सिंगापुर की अदालत ने हमला करने का आरोप लगाया है। हमलावर ने एक व्यक्ति पर खतरनाक हथियार से जानबूझकर चोट पहुंचाने की कोशिश की थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां की एक अदालत में भारतीय मूल के सिंगापुरी व्यक्ति पर एक स्वदेशी व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि 39 वर्षीय माइकल नगनसेकरन पर आरोप लगाया गया। माइकल ने 40 वर्षीय शनमुगम वेगाटाचलम पर हमला करने के लिए खतरनाक हथियार से जानबूझकर चोट पहुंचाया। अधिकारी ने आगे बताया कि हिंडू रोड में माइकल के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा पीड़ित के बाएं कंधे पर दो सेमी का कट लगा है। अधिकारी ने आगे बताया कि अगर माइकल दोषी पाए जाते हैं तो उनपर जुर्माना या सात साल तक की जेल या फिर बेंत से मारे जाने की सजा या तीनों में से कोई भी सजा हो सकती है। जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि माइकल और पीड़ित वेगाटाचलम के बीच में विवाद हुआ और उस पर हमला करने के लिए चाकू का इस्तेमाल किया गया था। इस प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मौके पर की गई पूछताछ और कैमरों की तस्वीरों की मदद से पुलिस अधिकारियों ने माइकल की पहचान की और घटना के आठ घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## सनातन धर्म बचेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा : सांसद योगी बालकनाथ




**बीकानेर ( हिंस )।** अलवर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद योगी बालकनाथ ने सोमवार को बीकानेर में कहा कि सनातन धर्म बचेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। वे यहां आगामी 19 से 27 नवम्बर तक होने वाले 108 कुंडीय महायज्ञ के वृहद आयोजन के क्रम में श्रीनवलेश्वर मठ में विलासनाथ महाराज की मौजूदगी में पोस्टर विमोचन कर अपनी बात कह रहे थे। आयोजक रामझरोखा कैलाशधाम के पीठाधीश्वर सरजूदास महाराज ने बताया कि उक्त आयोजन में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्यजी महाराज द्वारा श्रीरामकथा सुनने का अवसर बीकानेरवासियों को मिलेगा। महामंडलेश्वर श्रीसरजूदासजी महाराज ने योगी बालकनाथ को बताया कि रामझरोखा कैलाशधाम द्वारा संचालित सियाराम गौशाला में यह वृहद आयोजन होगा और हजारों संतों का समागम भी होगा। बालकनाथ ने सरजूदास महाराज के निमंत्रण को स्वीकारते कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति भी प्रदान की। इस दौरान सनातन धर्म पर की जा रही अनर्गल टिप्पणी से आहत संत समाज द्वारा मंगलवार को किए जा रहे प्रदर्शन के बारे में भी सरजूदास महाराज ने अवगत कराया।

# हिंदू संगठनों ने फरीदाबाद में फूंका स्टालिन का पुतला

## सनातन धर्म पर दिए बयान पर जताई आपत्ति

**फरीदाबाद ( हिंस )।** स्टालिन के सनातन धर्म पर दिये गए अपमानजनक बयान के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा स्टालिन की शव यात्रा निकाली गई और पुतला फूंका गया। सोमवार को यह विरोध प्रदर्शन ऊंचा गांव के प्राचीन सैनी शिव मंदिर से आरंभ होकर मोहना रोड, गुप्ता होटल, मेन बाजार से होते हुए अंबेडकर चौक पर पहुंची और वहां पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन के संयोजक मुकेश कुमार सैनी ने कहा कि उदय निधि स्टालिन के आपत्तिजनक बयान के कारण समस्त सनातन हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है। इस घटना से हिन्दुओं समाज की भावनाएं आहत है। सनातन सेवा संगठन द्वारा इस समस्त रैली का संचालन किया गया। संगठन के संयोजक व भाजपा नेता भारत भूषण ने रैली को संबोधित करते हुए सरकार से स्टालिन के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्यवाही करने का अल्टीमेटल दिया और कहा कि जब तक स्टालिन के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी हम आवाज उठाते रहेंगे। देव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी ने कहा तमिलनाडु के खेल मंत्री



उदयनिधि स्टालिन ने एक समारोह में सनातन धर्म को डेंगू मलेरिया की तरह समाप्त करने के लिए कहा है। इस बयान से इसकी मानसिकता समझ में आती है। इसका पिता तमिलनाडु का मुख्यमंत्री एमके स्टालिन है। वह अपने पद का दुरुपयोग करके तमिलनाडु में सनातनियों के खिलाफ षड्यंत्र करके हिंदू को प्रताड़ित करते होंगे। जिनकी सोच ही सनातन को मिटाने की हो इसके लिए वह क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाएंगे। सनातन सेवा संगठन से भारत भूषण व अजय यादव, देव सेना से बृजभूषण सैनी व एनके वर्मा, युवा राष्ट्रीय चिन्तन से प्रमोद भारद्वाज, शहीद गुलाब सिंह सैनी मैमोरियल सेवा समीति से प्रदीप राठौर, ऊंचागांव सैनी समाज से प्रकाश सैनी, जगदीश सैनी, हरिराम सैनी, आदि सहित सैंकड़ों लोगों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर अपना रोष प्रकट किया और सरकार से स्टालिन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

## मंत्री ने जल संसाधन विभाग के 27 जिलादारों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सोमवार को विभाग में नए भर्ती किए गए 27 जिलादारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मीत ने जिलादारों को अपनी सेवाओं को ईमानदारी और समर्पण की भावना के साथ करने को कहा। सोमवार को पंजाब भवन में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद जल संसाधन मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य और खासकर आम लोगों के हितों में इंकलाबी बदलाव लाने के लिए सहृदय प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि इन यत्नों के स्वरूप ही दशकों बाद जल संसाधन विभाग इस साल टेलों पर पानी पहुंचाने में कामयाब हुआ है। हेयर ने जिलादारों और पटवारियों को सरकार एवं किसानों के बीच अहम कड़ी बताते हुए कहा कि नए चुने गए जिलादार बधाई के पात्र हैं कि उनको यह सेवा निभाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग ने पहली बार टेलों के अंत तक पानी पहुंचाने में कामयाब होने के कारण कई नई चुनौतियां भी खड़ी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जिलादार अपनी सेवाएं पेशेवार ढंग से निभाकर इन चुनौतियों से निपटने में अहम रोल अदा कर सकते हैं। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री ने नए चुने जिलादारों को स्पष्ट हिदायतें भी दीं कि उनमें से कोई भी व्यक्ति तबादले के लिए कोई सिफारिश न करें और अलॉट किए गए स्टेशनों पर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि यदि आप पहले दिन से सीखना शुरू नहीं करते तो आप जीवन भर सीखने में असफल रहोगे। उन्होंने कहा कि विभाग में नए शामिल किए गए जिलादारों के लिए 16 महीने के प्रशिक्षण को इस शर्त पर घटाकर 4 महीने कर दिया गया है कि वह अपने परखकाल के दौरान तबादले के लिए विनती नहीं करेंगे। इस अवसर पर अन्यों के अलावा जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार, मैनेजिंग डायरैक्टर पीडब्ल्यूआरएमडीसी पवन कपूर और मुख्य इंजीनियर (हेडक्वाटर) राकेश कुमार करैल भी उपस्थित थे।

## मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे किसान

**फतेहाबाद ( हिंस )।** बाढ़, सेम व सूखे से खराब हुई किसानों की फसलों का मुआवजा देने सहित अन्य मांगों को लेकर जिलेभर के सेंकड़ों किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के आह्वान पर शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए किसान लघु सचिवालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान नेता संदीप काजला, अजमेर मेहला, सतबीर गोदारा, महेन्द्र पारता व दीप ने संयुक्त रूप से किया जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय किसान यूनियन चढूनी की महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमन हुड्डा मौजूद रही। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने सरकार और प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस दौरान पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं दिया और अन्य मांगों का समाधान नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन चढूनी मीटिंग करके बड़े आंदोलन की घोषणा करेगी। प्रदर्शन के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए सुमन हुड्डा ने कहा कि पहले बाढ़, सेम और अब सूखे के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही है लेकिन प्रदेश सरकार किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। बाढ़, सेम व सूखा प्रभावित किसानों को अब तक कोई मुआवजा जारी नहीं किया गया है। यही नहीं, पिछले दो सालों से भी किसानों का मुआवजा बकाया पड़ा है, जिसे सरकार दबाकर बैठी है। सुमन हुड्डा ने कहा कि जिन किसानों ने पहले बीमा करवाया था, वो रकम अब वापस किसानों के खाते में डाली जा रही है और उसे बीमा क्लेम नहीं दिया जा रहा। बाढ़ से ट्यूब्वैलों और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार के किसी भी विधायक ने इन किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को नहीं जाना है। उन्होंने कहा कि आज किसानों को अपनी हर समस्या के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार किसानों की पहले ही सुध ले ले तो किसानों को भी सड़कों पर उतरने का शौक नहीं है। उन्होंने सरकार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसान वह कौम है, जब-जब वह अपने हकों के लिए सड़कों पर उतरती है तो बड़ी-बड़ी सरकारों को हिला देती है। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा में केंद्रीय शेखावत ने की ऊंट की सवारी

**सिरोही ( हिंस )।** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में रथ में बैठने से पहले केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऊंट की सवारी की। शेखावत ने कहा कि पूर्व विधायक ओटाराम देवासी के साथ विशाल रैली में सबसे आगे ऊंट पर बैठना सुखद अनुभव रहा। सोमवार को सिरोही में शेखावत ने कहा कि रेबारी-देवासी समाज की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में रहे। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर शुभकामना दी। इससे पहले शेखावत ने ट्रैक्टर की सवारी भी की। जालोर सिरोही सांसद देवजी पटेल, पाली सांसद पीपी चौधरी, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक जोगेश्वर गर्ग, सिरोही जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी, प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा, प्रदेश मंत्री सांवला राम देवासी महेंद्र कुमावत सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

## मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने पंचायत बबली आवास का किया घेराव

**फतेहाबाद ( हिंस )।** बाढ़ग्रस्त , जलभराव व सेम से खराब हुई फसल, बाढ़ से खराब हुए मकानों, ट्यूब्वैलों का मुआवजा देने सहित अनेक मांगों को लेकर संयुक्त किसान के आह्वान पर जिलेभर से पहुंचे सेंकड़ों किसानों ने सोमवार को पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली के गांव बढ़ई खेड़ा स्थित आवास का घेराव किया। बढ़ई खेड़ा के कम्युनिटी सेंटर पर सुबह से ही किसानों की भीड़ का जुटना शुरू हो गया था। दोपहर को सेंकड़ों किसान कम्यूनिटी स्थल से प्रदर्शन करते हुए विधायक आवास के बाहर पहुंचे और गेट पर धरना देकर विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के मद्देनजर विधायक आवास के बाहर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। किसानों से बातचीत के लिए मंत्री के भाई ज्ञापन लेने पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ज्ञापन मंत्री को देकर जवाब लेने आए हैं। किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। किसानों ने पंचायत मंत्री के निवास के दरवाजे पर ज्ञापन चस्पा करके चेतावनी दी कि जिस तरह का सलूक मंत्री ने किसानों के साथ किया है उसी भाषा में किसान मंत्री को भी



जवाब देंगे। इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने विधायक को चेताया और कहा कि यदि जल्दी उन्होंने सरकार से मुआवजा नहीं दिलवाया तो किसान आंदोलन को ओर तेज कर देंगे। आवास पर भी पक्का पड़ाव डालना पड़ा तो डाला जाएगा। दूसरी तरफ, 27वें दिन भी किसानों फतेहाबाद के लघु सचिवालय के बाहर पक्का पड़ाव जारी रहा। धरने की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा से राजविन्द्र सिंह चहल, अजय सिधानी, सुखविन्द्र जेई, विष्णुदत्त शर्मा व लाभ सिंह ने की व संचालन संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक जगतार सिंह, निर्भय रतिया, रणजीत सिंह ढिल्लो ने संयुक्त रूप से किया।

### पीएम मोदी ने भारत को बनाया दुनिया में अव्वल

## कांग्रेस ने महिला अत्याचार, महंगाई और बेरोजगारी में : सांसद दीया कुमारी

**राजसमंद ( हिंस )।** सांसद दीया कुमारी ने कहा कि एक तरफ केंद्र में मोदी सरकार भारत को दुनिया भर के शिखर पर पहुंचाने का कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर राजस्थान की कांग्रेस सरकार प्रदेश को महिला अत्याचार, अपराध, महंगाई और बेरोजगारी के शिखर पर पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा में उमड़ रहा जनसमूह यह स्पष्ट कर रहा है कि राजस्थान की जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। सांसद दीया कुमारी सोमवार को चित्तौड़गढ़ में परिवर्तन यात्रा के दौरान आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदीजी के कार्यों से भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 12वें स्थान से बेहतर होकर अब पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे मजबूत




अर्थव्यवस्था होने के साथ ही कूटनीतिक दृष्टि से भी विश्वगुरु के रूप में विश्व को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रुप 20 के आयोजन में विश्व के शक्तिशाली राष्ट्र अध्यक्षों को बुलाकर भारत ने सफलतापूर्वक अपनी कूटनीति और कौशल का परिचय दिया है। मोदी ने भारत को वर्ष 2027 तक एक विकसित देश बनाने का संकल्प संजोया है और इस दिशा में मजबूती से कार्य किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार साल में सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने का कार्य किया है। आज राजस्थान में पेट्रोल-डीजल और बिजली सबसे महंगी है। दुनिया भर के सर्वे बताते हैं कि राजस्थान देश में सबसे महंगा राज्य है। इसी प्रकार नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के रिकॉर्ड के अनुसार राजस्थान अपराध में भी अव्वल है। विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपराध में अव्वल होने के कारण प्रदेश में महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध निरंतर बढ़ रहा है और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे कर राजस्थान की सत्ता पर कब्जा किया था लेकिन उन वादों को पूरा करने की बजाए वह केवल अपनी कुर्सी बचाने में लग रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही के चलते जयपुर बम ब्लास्ट के दोषियों को रिहाई मिल गई। कांग्रेस की इंडिया एलाइंस में शामिल पार्टी के एक मंत्री खुलेआम सनातन धर्म को नष्ट करने का बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सबसे त्रस्त होकर राजस्थान की जनता अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

## सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी पर स्टालिन खड़गे, राजा, जगदानंद के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करने पर संत गोविन्दराम गुरु हंसराम उदासीन ने भीलवाड़ा के भीमगंज पुलिस थाने में तमिलनाडु के डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन, कांग्रेस के प्रियांक खड़गे, डीएमके के सांसद ए राजा और राष्ट्रीय जनता दल के जगदानंद सिंह के खिलाफ तहरीर दी है। संतों एवं अधिवक्ताओं सहित तमाम सनातन धर्म अनुयायियों ने वाहन रैली भी निकाली। भीलवाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिल के पुत्र उदयनिधि स्टालिन, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खडगे, डीएमके के सांसद ए.राजा, राष्ट्रीय जनता दल के जगदानंद सिंह ने सता के नशे में विश्व के प्राचीन धर्म को ही समाप्त करने का घिनौना ष ?यंत्र करने का गंभीर अपराध किया है। स्वामी ने कहा कि जहां संपूर्ण विश्व सनातन की ओर नतमस्तक हो रहा है, वहीं हमारे ही कुछ राजौतिक लोग अपने निजी स्वार्थ के कारण देश, धर्म, संस्कृति और मान बिन्दुओं को समाप्त करना चाहते है। इसे लेकर इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए भीमगंज थाने में तहरीर दी गई है। इससे पहले हरि सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर पर सैक ?ों सनातनी एकत्र हुए। बाद में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन, महंत मोहन शरण (निम्बार्क आश्रम), संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, संत श्रवण दास उदासीन के सान्निध्य में अधिवक्ता उम्मेदसिंह राठौ ? सहित तमात अधिवक्ता व धर्मप्रेमी वाहनों से भीमगंज थाना में एफआईआर की तहरीर देने के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि सनातन को बीमारी बताने, डेंगू, मलेरिया कोरोना की तरह समाप्त करने, टीका लगाने वालों को ही देश को गुलाम बताने, एचआईवी व कुष्ठ रोग से तुलना करने संबंधी उदयनिधि स्टालिन, प्रियांक खड़गे, डीएमके सांसद ए.राजा, राजद के जगदानंद सिंह के बयानों से राजनीति गरमा गई है। इन नेताओं के विवादित बयानों की चारो ओर आलोचना और निंदा हो रही है।

## प्रदेश को मोबाइल की नहीं, बिजली और रोजगार की जरूरत : शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि गहलोत सरकार निशुल्क मोबाइल बांट रही है, जबकि जनता को बिजली और युवाओं को रोजगार की जरूरत है। यह सरकार अपने वादे पूरे करने में विफल हुई है। अब मोबाइल बांटकर जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन जनता सब समझ चुकी है। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के सिरोही पहुंचने पर आयोजित सभा में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि सरकार ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया, चाहे वह किसानों की कर्ज माफी हो या युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का काम हो। यह सरकार महिलाओं की सुरक्षा में भी फेल हुई है। अब महिलाओं को मोबाइल बांटकर बहकाया जा रहा है। जब जनता के पास मोबाइल है, तब उन्हें मोबाइल देने की क्या जरूरत? उन्होंने जनता से पूछा, आपको मोबाइल चाहिए या बिजली? मोबाइल चाहिए या रोजगार? जनता ने हाथ उठाकर उनकी बात का समर्थन किया। शेखावत ने तंज कसा कि ऐसा मोबाइल किस काम का, जिसमें भगवान या अपने गुरुदेव की फोटो की जगह अशोक गहलोत की फोटो हो। हमें ऐसे मोबाइल की क्या जरूरत, जिसमें सुबह उठते ही भ्रष्टाचारी सरकार के मुख्यिा अशोक गहलोत का फोटो दिखे। एक ऐसी सरकार के मुखिया का मोबाइल चित्र लगा हुआ, जिसकी सरकार में राजस्थान में पांच साल में दो लाख महिलाओं के साथ अनाचार हुआ। ऐसे अयोग्य और निकम्मे मुख्यमंत्री की फोटो लगा हुआ मोबाइल अपनी जेब में रखोगे क्या? पुराने जमाने में तो ऐसा होता था कि एक कोई दुराचार हो जाता था तो उस राजा की शक्ल देखना भी बंद कर देते थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिसके राज में सात हजार निर्दोष लोग मरे हों, जिसके राज में राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम पर हो, जिसके राज में पचास लाख किसानों के साथ अन्याय हुआ हो, जिसके राज में दो हजार किसानों ने आत्महत्या की हो, जिसके राज में 20 हजार किसानों की जमीन नीलाम हुई हो, जिसके राज में पचास लाख युवाओं का भविष्य अंधकार में हो गया हो, उसका फोटो सुबह-सुबह देखनी चाहिए क्या? ऐसे लोगों की फोटो घर में रखने पर पाप लगता है।

## महिला ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर हवलदार को ब्लैकमेल कर ठगे 5 लाख

**पलवल ( हिंस )।** हरियाणा पुलिस के जवान के जवान को ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। महिला ने हवलदार को इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर पहले मेल-जोल बढ़ाया। बाद में फरीदाबाद के कई थानों में झूठी शिकायत दी। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित पुलिसकर्मी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने सहित विभिन्न धाराओं में सोमवार को केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिला चालान विभाग में तैनात हवलदार सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पास इंस्टाग्राम पर दिशा गौतम नामक एक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उसने उसे एक्सेप्ट कर लिया। इसके बाद महिला के उसके पास मैसेज आने लगे। उसने उसे मिलने को कहा तो उसने मिलने से मना कर दिया। महिला कहने लगी कि उसे अपने किसी केस के बारे में बात करने के लिए मिलना है। महिला ने पुलिसकर्मी को पलवल स्थित आगरा चौक पर मिलने के लिए बुलाया तो वह वहां चला गया। उसी दौरान महिला वहां पहुंच गई और उसकी गाड़ी में आकर बैठ गई। महिला ने कहा कि उसका उसके पति के साथ तलाक हो गया है। उसे मदद की जरूरत है, लेकिन पीड़ित ने उसकी मदद करने से मना कर दिया। वह उसकी गा ?ी से उतरकर चली गई। उसके कुछ दिन बाद महिला का फोन आया कि मिलना है, लेकिन उसने मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी महिला ने उसके खिलाफ बल्लभगढ़ के महिला थाने में शिकायत दे दी। उसके बाद पुलिसकर्मी को उसकी बात माननी पड़ी और उसे रुपए देने शुरू कर दिए। आरोपी महिला उससे कभी 20 हजार तो कभी 30 हजार ब्लैकमेल कर ऐंठती रही। इसी तरह अन्य थानों में भी उसके खिलाफ झूठी शिकायत देकर, झूठे मामलों में फंसाने के नाम पर रुपए ऐंठती रही। महिला ने पीड़ित पुलिसकर्मी से अब तक करीब 5 लाख रुपए ऐंठ लिए। धमकी दी कि अगर उसने उसे रुपए नहीं दिए तो वह उसे ऐसे ही शिकायत देकर झूठे केस में फंसा देगी। जिससे पुलिसकर्मी परेशान हो गया और इसकी लिखित शिकायत कैंप थाना पुलिस को दी। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण ने सोमवार को बताया कि पीड़ित पुलिसकर्मी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिसकर्मी ने शिकायत में गुहार लगाई है कि उससे ऐंठे हुए पांच लाख रुपए व उसका मोबाइल फोन वापस दिलाया जाए।

## फिरोजपुर में सारागढ़ी यादगार का निर्माण होगा पूरा, अमृतसर में बनेगा सेलीब्रेशन डेस्टिनेशन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** एमिटी यूनिवर्सिटी में पहले टूरिज्म सम्मेलन और ट्रैवल मार्ट के उद्घाटन समारोह में सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतसर में रोजाना लगभग एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। अब राज्य सरकार पंजाब के अन्य स्थानों पर पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष पहलुओं पर ध्यान दे रहा है। मान ने कहा कि पंजाब के हरेक गांव में शहीदों के स्मारक हैं, जिन्होंने आजादी से पहले और बाद में देश की खातिर जानें कुर्बान की, जिसके बारे दुनिया को बताने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी *ग्लोबल सिटिजन* हैं, जिन्होंने अपनी सख्त मेहनत और समर्पण से विश्वभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। पंजाबियों को यह सख्त मेहनत और सहनशीलता की भावना बचपन में मिली है। यहां निवेशकों के संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि सभी निवेशक और उद्यमी दूर-दराज इस समागम में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं। सामूहिक कोशिशों से आने वाले दिनों में पर्यटन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। पंजाब को विश्व पर्यटन स्थान के तौर पर उभारने में हमारी सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की बेमिसाल कोशिशों के द्वारा पंजाब में 50840 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील ने जमशेदपुर के बाद सबसे बड़ा निवेश पंजाब में किया है। इसके इलावा जिन्दल स्टील, वरब्यो, कलास, टैफे, हिंदुस्तान लीवर और अन्य कंपनियां भी पंजाब में निवेश कर रही हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस पहलकदमी से पंजाब के 2.25 लाख नौजवानों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अमृतसर में 50 से 100 एकड़ जमीन में *सैलीब्रेशन डेस्टिनेशन*



की स्थापना का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि खुशी के मौकों पर जश्न मनाने के लिए इस सैलीब्रेशन प्वाइंट पर बैंकुइट हालों का निर्माण किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला *सैलीब्रेशन प्वाइंट* राज्य में पर्यटन को उत्साहित करने के लिए सहायक साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सारागढ़ी यादगार मुकम्मल करेगी जिससे 21 बहादुर सैनिकों की तरफ से बलिदानों को हमेशा याद रखा जा सके, जिन्होंने सारागढ़ी की जंग में देश की प्रभुसत्ता की रक्षा करते हुए जानें न्योछावर कर दी थीं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह जंग बहादुरी की बेमिसाल गाथा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चाहे 36वीं सिखड़ के सैनिकों की मिसाली गाथा समाना रिज्ज (अब पाकिस्तान) में घटी है, जिन्होंने 12 सितम्बर, 1897 को 10,000 अफगानियों के हमले के खिलाफ घमासान लड़ाई लड़ते हुए बलिदान दिये। उन्होंने कहा कि इसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में नहीं मिलती परंतु पिछली सरकारों ने इस ऐतिहासिक घटना को अनदेखा किया और यहां तक कि इस यादगार के लिए फंड नहीं जारी किए गए। उन्होंने कहा कि हमनें बकाया फंड जारी कर दिए हैं, जिस कारण अब इस यादगार को जल्दी से जल्दी मुकम्मल किया जाएगा। इस मौके पर पर्यटन मंत्री अनमोल गगन मान ने अपने संबोधन में पर्यटन सम्मेलन में पहुंचे आदरणियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पहली बार पंजाब पर्यटन क्षेत्र में अपने दरवाजे खोल रहा है। अनमोल गगन मान ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के इलावा पर्यटन के बाकी क्षेत्रों को भी विकसित किया जाएगा।



# मल्टी एसेट फंड निवेश के लिए आकर्षक, रिटर्न में जोखिम का समायोजन

**नई दिल्ली।** बाजार फिर से 66,000 के पार है। ब्याज दरें भी ऊंची बनी हुई हैं। सोने की कीमतें 60 हजार प्रति 10 ग्राम के आस पास हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह तीनों निवेश के साधन आगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। निफ्टी इस साल जहां 20,500 के पार हो सकता है, वहीं सोना भी 63-65 हजार के दायरे में रह सकता है। ब्याज दरें दिसंबर तक ऊंची ही रहेंगी। ऐसे में मल्टी एसेट फंड निवेश के लिए बेहतर साधन है। यह एक ऐसा फंड है जो आपके 100 रुपये के निवेश को इन तीनों साधनों में लगाता है। इसमें सबसे ज्यादा निवेश इक्विटी में किया जाता है।

रिटर्न में जोखिम का समायोजन कई संपत्तियों में निवेश से लंबे समय में बेहतर जोखिम समायोजित रिटर्न मिलता है। मल्टी-एसेट इक्विटी फंड डेट और सोने में निवेश करता है। इन तीन परिसंपत्तियों में होने वाली हलचलों का संबंध एक-दूसरे से नहीं होता है, क्योंकि उनके काम अलग-अलग हैं। जब मल्टी-एसेट दृष्टिकोण अपनाया जाता है तो पोर्टफोलियो विविधीकरण और सही संपत्तियों में निवेश होता है। निवेशकों को विभिन्न एसेट क्लास की तेजी में भाग लेने का भी मौका मिलेगा और अस्थिर बाजारों के दौरान गिरावट पर भी अंकुश लगेगा।

### सेंसेक्स...अस्थिरता के बावजूद उच्च स्तर पर


अस्थिरता के बावजूद सेंसेक्स जुलाई में 67,000 के पार चला गया था। विकसित और उभरते देशों में ब्याज दरें भी ऊंचे स्तर पर हैं क्योंकि केंद्रीय बैंक महंगाई से जूझ रहे हैं। सोने में तेजी रही है। ऐसे में नए निवेशकों के लिए बाजार में प्रवेश करना मुश्किल हो सकता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट फंड के 20 से अधिक वर्षों के प्रदर्शन को देखते हुए यह निवेशकों के लिए उम्दा विकल्प बनकर उभरा है। मल्टी-एसेट हाइब्रिड श्रेणी में अक्तूबर, 2002 में अपनी स्थापना के बाद से इसने 21.13 प्रतिशत रिटर्न सालाना चक्रवृद्धि के हिसाब से (31 अगस्त, 2023 तक) देकर कुछ वर्षों में अच्छा रिकॉर्ड बनाया है।

### बाजार की स्थितियों पर निर्भर है निवेश

बाजार के मूल्यांकन के हिसाब से मल्टी एसेट फंड परिसंपत्ति आवंटन में फेरबदल करता है। आई प्रू मल्टी एसेट फंड का मार्च 2020 में इक्विटी में निवेश कुल संपत्ति का 73 फीसदी था जो मार्च 2021 में 78 फीसदी हो गया। आईप्रू फंड ने सॉफ्टवेयर, मेटल और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश कम जबकि मूल्यांकन आकर्षक होने से बिजली, दूरसंचार, ऑटो और फार्मा में निवेश बढ़ा दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएमएलए अदालत में पेश किए गए जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, बैंक से 538 करोड़ की धोखाधड़ी कहा है आरोप



**नई दिल्ली।** बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी गोयल को हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में ले गए। केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गोयल को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद 74 वर्षीय गोयल को मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। जहां ईडी ने उनकी हिरासत की मांग की थी और अदालन ने उन्हें 11 सितंबर तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। गोयल ने लोन के पैसे से खरीदे फर्नीचर और आभूषण, ऐशो-आराम में उड़ाए पैसे : ईडी इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिमांड की मांग करते हुए अदालत को बताया था कि गोयल ने उधार लिए गए पैसे का इस्तेमाल व्यक्तिगत लाभ और ऐशो-आराम में किया। इसके अलावा लोन राशि का दुरुपयोग नाजायज उद्देश्यों के अलावा फर्नीचर, परिधान और आभूषण जैसी चीजें खरीदने के लिए किया गया। जेआईएल के फंड का इस्तेमाल गोयल ने अपने आवासीय कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने और उनकी बेटी के स्वामित्व वाली एक उत्पादन कंपनी के परिचालन खर्चों को पूरा करने के लिए भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं को पेशेवर और परामर्श शुल्क के भुगतान की आड़ में भी धन की हेराफेरी का दावा किया गया है। जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केनरा बैंक की शिकायत पर गोयल दंपती और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

### एमईपी ने दिया चावल निर्यातकों को झटका, सस्ती दर पर किए गए सौदों पर भी संकट



**करनाल।** केंद्र ने विभिन्न देशों में भारत से निर्यात होने वाले बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 1,200 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तय कर दिया है। बासमती के नाम पर विदेश में बेची जाने वाली गैर-बासमती चावल पर रोक लगाने के लिए सरकार ने ऐसा किया है। कच्चे गैर-बासमती चावल पर रोक के बाद यह देशभर के चावल निर्यातकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे निर्यातकों के पहले से ही सस्ती दर पर किए गए सौदों पर भी संकट आ गया है। निर्यात में बड़ी गिरावट की भी आशंका उत्पन्न हो गई हैं। वहीं, घरेलू बाजार में चावल सस्ता होने की संभावना जताई जा रही है। देशभर में करनाल के केंद्रीय मृदा एवं लवणता अनुसंधान संस्थान की ओर से निकाली गई सीएसआर-30 बासमती को ही परंपरागत बासमती कहा जाता है। लेकिन, कुछ वर्षों से अन्य किस्मों का भी निर्यात तेजी से बढ़ा है। ये बासमती तो नहीं हैं, लेकिन काफी हद तक उसके जैसी जरूर हैं। यह बासमती चावल से सस्ता होता है। भारत से 160 देशों में बासमती चावल निर्यात होता है।

### सैन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया विमान में तकनीकी गड़बड़ी, उड़ान को अलास्का की ओर डायवर्ट किया गया

**नई दिल्ली।** बंगलूरू से अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी गड़बड़ी के कारण अमेरिकी राज्य अलास्का के एक शहर की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमान में 280 से अधिक यात्री सवार थे। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि एयर इंडिया की ओर से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयानजारी नहीं किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गड़बड़ी को दूर किए जाने के बाद उड़ान संख्या एआई 175 गंतव्य की ओर रवाना हुई और विमान भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब 10 बजे सेन फ्रांसिस्को पहुंचा। इस उड़ान का संचालन बी777 विमान के जरिए किया गया था, जिसमें सेन फ्रांसिस्को जाते समय कोई तकनीकी गड़बड़ी पैदा हो गई, जिसके कारण इसे अलास्का के एक शहर एंकोरेज की ओर मोड़ दिया गया। विमान में 280 से अधिक लोग सवार थे और बाद में विमान तय समय से करीब चार घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचा। आम तौर पर, बंगलूरू से सेन फ्रांसिस्को तक उड़ान की अवधि करीब 16 घंटे होती है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड सीरीज खुल गई

# 1 ग्राम सोने की कीमत 5,873 रुपए, 15 सितंबर तक कर सकेंगे निवेश

**नई दिल्ली।**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की दूसरी सीरीज खुल गई है। इसमें 15 सितंबर तक निवेश कर सकते हैं। इस बार के लिए सोने की कीमत 5,923 रुपए प्रति 1 ग्राम तय की है। इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से निवेश किया जा सकता है। ऑनलाइन अप्लाय करने पर 50 रुपए की छूट मिलती है, यानी आपको ये 5,873 रुपए प्रति ग्राम का पड़ेगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश करते हैं।

### क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। यदि बॉन्ड पांच ग्राम सोने का है, तो पांच ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है।

### 24 कैरेट यानी 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश करते हैं। एसजीबी में निवेश पर 2.50 प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है। पैसों की जरूरत पड़ने पर बॉन्ड के बदले लोन भी लिया जा सकता है। भारतीय बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड यानी आईबीजेए के पब्लिश्ड रेट के आधार पर बॉन्ड की कीमत तय होती है। इसमें सब्सक्रिप्शन पीरियड से पहले वाले हफ्ते के आखिरी तीन दिनों के रेट का एवरेज निकाला जाता है।



### शुद्धता और सुरक्षा की कोई चिंता नहीं

एसजीबी में शुद्धता की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक गोल्ड बॉन्ड की कीमत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत से लिंक होती है। इसके साथ ही इसे डीमैट के रूप में रखा जा सकता है, जो काफी सुरक्षित है और उस पर कोई खर्च भी नहीं होता है।

### अधिकतम 4 किलो सोने में कर सकते हैं निवेश

एसजीबी के जरिए कोई शख्स एक वित्त वर्ष में कम से कम 1 ग्राम और अधिकतम 4 किलोग्राम सोने में निवेश कर सकता है। जॉइंट होल्डिंग के मामले में 4 किलोग्राम की निवेश सीमा पहले आवेदक पर ही लागू होगी। वहीं किसी ट्रस्ट के लिए खरीद की अधिकतम सीमा 20 किलो है।

### 8 साल से पहले बॉन्ड बेचने पर देना होता है टैक्स

सॉवरेन का मैच्योरिटी पीरियड 8 साल रहता है। मैच्योरिटी पीरियड पूरा होने के बाद इससे होने वाले लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता। वहीं अगर आप 5 साल बाद अपना पैसा निकालते हैं, तो इससे होने वाले लाभ पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में 20.80 प्रतिशत टैक्स लगता है।

### ऑफलाइन भी कर सकते हैं निवेश

आरबीआई ने इसमें निवेश के लिए कई तरह के विकल्प दिए हैं। बैंक की शाखाओं, पोस्ट ऑफिस, स्टॉक एक्सचेंज और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के जरिए इसमें निवेश किया जा सकता है। निवेशक को एक आवेदन फॉर्म भरना होगा। इसके बाद आपके अकाउंट से पैसे कट जाएंगे और आपके डीमैट खाते में ये बॉन्ड ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निवेश करने के लिए पैन होना अनिवार्य है। यह बॉन्ड सभी बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड , मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से बेचे जाएंगे।


### 7 सालों में दिया 120 प्रतिशत का रिटर्न

2015-16 में जब सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को लॉन्च किया गया था, तब इसका प्रति ग्राम भाव 2,684 रुपए था। इस पर 50 रुपए का डिस्काउंट था। यानी, भाव 2,634 रुपए हो गया था। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अभी जो सीरीज लॉन्च हुई है, उसका भाव 5,923 रुपए है। 50 रुपए डिस्काउंट के साथ यह भाव अब 5,873 रुपए पर पहुंच गया है। इस तरह से पिछले 7 सालों में इस स्कीम से करीब 120 प्रतिशत का रिटर्न मिला है।

### इसमें निवेश करना कैसा रहेगा

केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि सोने में लम्बे समय के लिए निवेश सही रहता है, क्योंकि इससे इस पर होने वाले उतार चढ़ाव का असर नहीं होगा और आपको सही रिटर्न मिल सकेगा। सोने में कम से कम 3 से 5 साल के लिए रिटर्न करना सही रहेगा। एक साल में यह 65,000 और जून 2025 तक 75,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एलान, भारत और ब्रिटेन जल्द से जल्द एफटीए को अंतिम रूप देने में जुटे



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत-यूके संबंधों पर अपना पक्ष रखा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों के साथ वित्तीय सेवाओं को हम फिर से परिभाषित कर रहे हैं। भारत के नए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के साथ, दोनों देशों के लिए सुरक्षित और समावेशी वित्तीय मध्यस्थता के ढांचे पर सहयोग करने के पर्याप्त अवसर माजूद हैं। भारत-यूके ग्रीन ग्रोथ इक्विटी फंड की सफलता बड़े पैमाने पर टिकाऊ वित्त को दिशा देने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी का बड़ा उदाहरण है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ... एफटीए (भारत और ब्रिटेन के बीच) पर निश्चित रूप से कुछ चर्चा हुई - इसके निवेश पहलुओं पर ... दोनों पक्षों का इरादा चर्चा में तेजी लाने का है ताकि कुछ त्वरित समझौतों से एफटीए पर अंतिम रूप से हस्ताक्षर किए जा सकें। हम निवेश वार्ताओं को वस्तु एवं सेवा व्यापार वार्ता के समानांतर चलाने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों की उत्सुकता इसे जल्द से जल्द समाप्त करने की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, आज हमने यूके-इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज भी लॉन्च किया है। यह नीति आयोग और सिटी ऑफ लंदन कॉर्पोरेशन के सह-नेतृत्व में एक सहयोगी उद्यम है, जिसका उद्देश्य प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करना है। हम चुनौतियों से निपटने और दोनों देशों के लिए आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए सहयोग, विचार-विमर्श और नवाचार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान ब्रिटेन वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने कहा, हम विशेष रूप से भारत द्वारा पहली पुष्टि के साथ एक बड़ा कदम आगे बढ़ाते हुए खुश हैं कि वह भारतीय कंपनियों की सीधी लिस्टिंग के लिए लंदन स्टॉक एक्सचेंज को एक अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में इस्तेमाल करेगा।

# जीक्यूजी ने आईडीएफसी बैंक के 5.07 करोड़ शेयर खरीदे

**नई दिल्ली।**

निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने घोषणा की कि अमेरिका स्थित जीक्यूजी पार्टनर्स ने ब्लॉक ट्रेड लेनदेन में एमडी और सीईओ वी. वैद्यनाथन से बैंक के 5.07 करोड़ शेयर खरीदे हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा, बैंक को सूचित किया गया है कि एसटीटी की बिक्री और 478.7 करोड़ रुपये के अन्य ब्रोकरेज शुल्क से प्राप्त राशि का उपयोग विकल्पों के इस्तेमाल के माध्यम से बैंक के नए शेयरों की सदस्यता लेने, संबंधित आयकर के भुगतान और विशिष्ट पूर्व-प्रतिबद्ध सामाजिक कार्यों में योगदान देने के लिए किया जाएगा। दिसंबर 2018 में कैपिटल फर्स्ट और आईडीएफसी बैंक के बीच विलय के हिस्से के रूप में, वैद्यनाथन को स्टॉक विकल्प प्रदान किए गए थे। चूंकि ये विकल्प अब समाप्त होने वाले हैं, इसलिए वह बैंक को एक्सरसाइज प्राइस भुगतान करके वे उनका उपयोग कर रहे हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में वैद्यनाथन की हिस्सेदारी 30 जून, 2023 को 0.58 प्रतिशत से बढ़कर बैंक की चुकता पूंजी का 1.04 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा, अन्य विकल्पों को अभी तक कन्वर्ट नहीं किया गया है, उनकी शेयरधारिता बैंक की कुल शेयर पूंजी का 1.23 प्रतिशत है।




बयान में कहा गया है, बैंक को किए गए भुगतान और आयकर में हाल ही में किए गए ऋणों के लिए किए गए किस्तों का भुगतान शामिल है, जिसे उक्त शेयरों की बिक्री से प्राप्त आय के साथ चुकाया जा रहा है। शेयरों की उपरोक्त कवायद में विलय के बाद बैंक द्वारा दिए गए 16,00,000 विकल्प शामिल हैं। बैंक ने कहा कि एमडी और सीईओ की ओर से सूचित किया गया है कि आय के किसी भी हिस्से का उपयोग किसी भी व्यक्तिगत उपभोग या बैंक, आयकर के अलावा किसी अन्य निवेश के लिए नहीं किया जाएगा।

# भारत दूसरे देशों से चर्चा के बाद क्रिप्टो नियमन पर लेगा फैसला, जी20 नेताओं ने सिफारिशों का किया समर्थन

**नई दिल्ली।**

भारत दूसरे देशों के साथ व्यापक चर्चा के बाद क्रिप्टोकरेंसी पर निगरानी रखने के लिए नियमनों को लागू करने पर फैसला करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। साथ ही, जोखिम वाली ऐसी संपत्तियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) ने पिछले सप्ताह क्रिप्टोकरेंसी के जोखिमों से निपटने के लिए एक समन्वित वैश्विक नीति पर जोर दिया था। एफएसबी ने कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। साथ ही, आईएमएफ और एफएसबी ने रोडमैप बनाने के साथ कम सख्त नियम बनाने का सुझाव दिया है। अधिकारी ने कहा, जी-20 के नेताओं ने एफएसबी की सिफारिशों का समर्थन कर दिया है। अब मंत्री व सरकारें चर्चा कर इसे आगे बढ़ाएंगी। हम उम्मीद करते हैं कि सिफारिशों को तेजी से और व्यापक तरीके से लागू करने के तरीकों पर काफी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पास फैसला करने और आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा ढांचा है। देश इस दिशा में कितना आगे जाना चाहता है, यह आने वाले महीनों में तय किया जाएगा। भारत कर चोरी और धन की हेराफेरी से निपटने के लिए क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक नियमन के लिए दबाव डाल रहा है।



### किसी एक देश के लिए पाबंदी लगाना काफी मुश्किल

अधिकारी ने कहा, अगर कोई देश अधिक सख्त नियमन चाहता है, तो वह क्रिप्टोकरेंसी से पैदा होने वाले जोखिमों के आधार पर अधिक प्रतिबंधात्मक नियमन बना सकता है। अगर आप (कोई देश) पूरी तरह पाबंदी लगाना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं। लेकिन, बाकी दुनिया इसे प्रतिबंधित नहीं करती है तो एक देश के लिए जोखिम वाली संपत्ति पर प्रतिबंध लगाना काफी मुश्किल हो सकता है।

एसबीआई की मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम के दो फायदे

# ब्याज एफडी वाला, सुविधा सेविंग अकाउंट की; एटीएम से भी निकाल सकते हैं कैश

**नई दिल्ली।**

अगर आप एफडी में सेविंग करना चाहते हैं, लेकिन यह भी चाहते हैं कि इसमें कोई लॉक इन पीरियड ना हो यानी जब चाहें अपना फंड बिना कोई फाइन दिए निकाल सकें। तो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्पेशल मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम आपके लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है।

इस स्कीम के दो बड़े फायदे हैं। पहला, इसमें आपको एफडी के बराबर का ब्याज मिलता है। दूसरा, इसमें आपका पैसा हमेशा लिक्विड रहता है, यानि आप एफडी की मैच्योरिटी के पहले भी बिना कोई पेनल्टी दिए पैसा निकाल सकते हैं। इससे आप सेविंग अकाउंट की तरह चेक या ब्रांच में जाकर पैसे निकाल सकते हैं। यह एक ऐसा टर्म डिपॉजिट है, जिसे आप अपने सेविंग अकाउंट या करंट अकाउंट के साथ लिंक करके ओपन कर सकते हैं।

### मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम से जुड़ी खास बातें

इस स्कीम में आप अपने डिपॉजिट से 1000 रुपए के मल्टीपल यानी 1,000, 2,000, 5,000, 10,000 रुपए में पैसे निकाल सकते हैं। निकाली गई राशि के बाद बची हुई रकम पर आपको एफडी के जितना ब्याज मिलना जारी रहेगा।

इस स्कीम से आप जब चाहें, जितनी राशि चाहें निकाल सकते हैं। साथ ही, इसमें पैसे निकालने की कोई लिमिट भी नहीं है, यानी आप जितनी बार चाहें, पैसा निकाल सकते है।

इस स्कीम में पैसा एक साल से लेकर 5 साल तक के लिए जमा किया जा सकता है।

इससे मिले ब्याज की रकम पर आपको प्रचलित दर पर टैक्स डिडक्शन एट सोर्स देना होगा।

इस स्कीम में नॉमिनेशन की फैसिलिटी भी है, यानी आप इस स्कीम के लिए नॉमिनी को जोड़ सकते हैं।

हालांकि इस स्कीम को लेने पर भी आपको सेविंग अकाउंट में ऐवरेज मंथली बैलेंस मेंटेन करना जरूरी है।




### ऑटो स्वीप फैसिलिटी

एमओडी अकाउंट में ऑटो-स्वीप की भी सुविधा है। इसका मतलब आपको इसमें एक लिमिट सेट करनी होती है। जैसे ही आपकी जमा राशि उस लिमिट के ऊपर जाती है, बैंक उस अतिरिक्त फंड को ऑटो-स्वीप के जरिए एफडी में जमा कर देता है।

इस अतिरिक्त जमा एफडी राशि पर आपको नॉर्मल टर्म डिपॉजिट के तरह ही इंटरेस्ट मिलता है। इसमें ऑटो स्वीप के लिए मिनिमम थ्रेसहोल्ड बैलेंस 35,000 रुपए और मिनिमम रिजल्टेंट बैलेंस 25,000 रुपए होनी चाहिए।

यहां मिनिमम थ्रेसहोल्ड बैलेंस- जिस लिमिट के बाद आपका पैसा कट कर एफडी के लिए जमा होता है। वहीं मिनिमम रिजल्टेंट बैलेंस- वह अमाउंट जो ऑटो स्वीप के बाद आपको अकाउंट में बच जाता है। इस हिसाब यहां आपके एफडी में 10,000 रुपए जमा हो जाएंगे।

### एसबीआई अमृत-कलश स्कीम में 31 दिसंबर तक कर सकेंगे निवेश


स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी स्पेशल फिक्स डिपॉजिट स्कीम अमृत कलश में निवेश करने की लास्ट डेट बढ़ा दी है। अब इसमें आप 31 दिसंबर 2023 तक निवेश कर सकेंगे। पहले इसकी लास्ट डेट 15 अगस्त थी। इस स्कीम के तहत सीनियर सिटिजन को एफडी पर 7.60 प्रतिशत और अन्य को 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है।

### केनरा बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

केनरा बैंक ने 2 करोड़ रुपये से कम की फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर ब्याज दरों को रिवाइज किया है। ब्याज दरों में बदलाव के बाद बैंक 7 दिन से लेकर 10 साल की एफडी पर आम नागरिकों को एफडी पर 4 प्रतिशत से 7.25 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटिजन) को 4 प्रतिशत से 7.75 प्रतिशत का ब्याज ऑफर कर रहा है।

# मेकर्स ने दर्शकों को जवान के सुपरहिट गानों से रूबरू कराया

## - गाने का ऑडियो ज्यूकबॉक्स हुआ लाइव




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म जवान का ज्यूकबॉक्स रिलीज करके मेकर्स ने दर्शकों को सुपरहिट गानों से रूबरू कराया हैं। वैसे चाहे वह जिंदा बंदा हो, चलेया, या नॉट रमैया वस्तावैया हो, जवान के एल्बम के सभी गानों को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। लगातार बढ़ते क्रेज को बढ़ाते हुए, निमार्ताओं ने अब जूक बॉक्स जारी किया है जहां दर्शक फिल्म के पूरे एल्बम का एंजॉय कर सकेंगे। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद वह जवान बड़े पर्दे पर आ ही गया है जिसने पूरे देश को दीवाना बना दिया था। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने सिनेमाघरों में धमाकेदार एंट्री की है और सिनेमाघरों को स्टेडियम में बदल दिया है। दर्शकों के बीच जवान को लेकर उत्साह हमेशा ऊंचाइयों पर रहा है और पहले दिन जिस तरह से दर्शक सिनेमाघरों में उमड़े हैं, उससे यह पता चलता है कि फिल्म नए रिकॉर्ड्स बनने के लिए तैयार हैं। शाहरुख खान की फिल्म जवान की रिलीज दर्शकों के लिए किसी ग्रैंड सेलिब्रेशन से कम नहीं है। सिनेमाघरों में फैंस की भारी भीड़ देखी गई और फिल्म देखने के लिए एक अलग ही उत्साह देखा गया। फिल्म ने लगभग हर चीज से दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म हर दूसरे फ्रेम में भरपूर मनोरंजन के साथ आई है। लेकिन, ये तो बस शुरूआत है और ये देखना दिलचस्प होगा कि जवान अपनी कामयाबी की मिसाल कायम करने के सफर में कैसे रिकॉर्ड अपने नाम करता है।

बता दें, जवान के जिंदा बंदा को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया हैं। गाने में दोहे वसीम बरेलवी ने दिए हैं जबकि लीरिक्स इरशाद कामिल ने दिए हैं। वहीं गाने को आवाज अनिरुद्ध रविचंदर ने ही दी हैं। बात करें जवान के दूसरे गाने चलेया की तो इस गाने को भी अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया हैं और इसके बोल कुमार ने दिए हैं। इस रोमांटिक धुन को अरिजीत सिंह और शिल्पा राव ने खूबसूरती से गाया हैं। वहीं फिल्म का नॉट रमैया वस्तावैया एक धमाकेदार पार्टी नंबर है जिसे कंपोज अनिरुद्ध रविचंदर ने ही किया हैं और गाने के बोल भी कुमार ने दिए हैं। गाने में एनर्जेटिक आवाज अनिरुद्ध रविचंदर, विशाल ददलानी और शिल्पा राव ने दी हैं।

जवान एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है। बता दें कि शाहरुख खान की जवान अपनी घोषणा के दिन से ही धूम मचा रही है, जबकि ट्रेलर ने इसे एक अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया है। मेकर्स इसे अगले स्तर तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# मेरे लिए नृत्य करना अविश्वसनीय रूप से चिकित्सीय : शुभांगी

## - नृत्य के लिए प्रेरित करने में माधुरी दीक्षित की बड़ी भूमिका




**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने कहा कि नृत्य सीखने के लिए प्रेरित करने में माधुरी दीक्षित ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। शुभांगी एक प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना भी हैं। धारावाहिक शो भाबीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी की भूमिका निभाने वाली शुभांगी ने कहा कि नृत्य करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से चिकित्सीय है। शुभांगी सिटकॉम में कोरियोग्राफर की भूमिका निभा रही हैं। यह वास्तव में प्रभावशाली है कि उनकी कोरियोग्राफिक प्रतिभा शो में उनकी कॉमेडी टाइमिंग जितनी ही सटीक है।अभिनेत्री बताती हैं कि अपनी नृत्य दिनचर्या बनाने से उन्हें आराम मिलता है और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति चमकती है, जो एक कलाकार के रूप में उनकी भावनाओं को व्यक्त करने का एक स्वतंत्र तरीका है। अपने कोरियोग्राफी कौशल के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, नृत्य से मुझे बहुत खुशी मिलती है और संतुष्टि की गहरी भावना आती है। जब भी मुझे प्रदर्शन करने का मौका मिलता है, मैं पूरे दिल से इसमें डूब जाती हूं। शुक्र है कि भाबीजी घर पर हैं में अंगूरी के रूप में मेरी भूमिका लगातार बनी रही। मुझे विभिन्न ट्रैकों के साथ अपने नृत्य कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। मैं सेट पर अपनी दिनचर्या को कोरियोग्राफ करती हूं। उन्होंने कहा, मैं इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं और 30 से 45 मिनट में सही लय हासिल कर लेती हूं। नृत्य करना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से चिकित्सीय है। एक प्रशिक्षित शास्त्रीय कथक नर्तक के रूप में, मैंने हर एपिसोड के लिए नृत्य अनुक्रम तैयार किया है। चाहे वह शास्त्रीय, बॉलीवुड की दिनचर्या, या गरबा या लावनी जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदर्शन हो, मैंने शो में नृत्य शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को अपनाया है। 42 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, हालिया कहानी में, अंगूरी एक गैंगस्टर की प्रेमिका चमेली जान में बदल गई और एक क्लब डांसर के रूप में प्रदर्शन किया। मुझे इस कहानी के लिए विभिन्न बॉलीवुड आइटम गानों को कोरियोग्राफ करने का काम सौंपा गया था और उस दृश्य की शूटिंग में बहुत मजा आया। इसके अलावा, अतीत में मैंने अपने प्रदर्शन में शास्त्रीय कथक तत्वों को शामिल किया।शुभांगी ने कहा कि उनके डांस नंबरों को उनके प्रशंसकों से लगातार शानदार प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, स्टेप्स और एक्सप्रेशन में महारत हासिल करने के लिए, मैं गाने को बार-बार सुनने और फाइनल टेक से पहले छह से सात बार अभ्यास करने में समय लगाती हूं। मैंने आसिफ जी (विभूति नारायण मिश्रा) और रोहिताश्व जी (मनमोहन तिवारी) के लिए डांस सीक्वेंस कोरियोग्राफ किए हैं। किसी गैर-नर्तक को डांस सिखाने से ज्यादा मनोरंजक और चुनौतीपूर्ण कुछ भी नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, महान माधुरी दीक्षित जी ने मुझे नृत्य सीखने के लिए प्रेरित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। मुझे यकीन है कि मेरी तरह, अनगिनत लड़कियों को उनके प्रदर्शन को देखने के बाद नृत्य से प्यार हो गया है। मैं एक उत्साही प्रशंसक रही हूं। मैंने उनकी फिल्में कई बार देखीं। जब वह नृत्य करती थीं तो कोई भी उनकी ऊर्जा और अभिव्यक्ति की बराबरी नहीं कर सकता था। उन्होंने बताया, अपने स्कूल के दिनों के दौरान मैंने उनके कई गानों पर नृत्य किया। मेरे दोस्तों ने मुझे हमारी माधुरी उपनाम दिया और मैं रोमांचित थी।

# वेब सीरीज काला की स्क्रीनिंग पर पहुंचे अनेक फिल्मी सितारे



**मुंबई (ईएमएस)।** टी-सीरीज की पहली वेब सीरीज काला की स्क्रीनिंग पर अनेक फिल्मी सितारों की मौजूदगी रही। यह बेब सीरीज जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। ऐसे में शुक्रवार रात को मुंबई में इस सीरीज की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस स्क्रीनिंग में कई फिल्मी सितारे और सीरीज की स्टार कास्ट नजर आई। पिछले काफी समय से बॉलीवुड में एक के एक बाद फिल्म और वेब सीरीज लगातार रिलीज होने से दर्शकों के मनोरंजन में कोई कमी नहीं आ रही। अब फिर एक और मजेदार क्राइम थ्रिलर सीरीज रिलीज के लिए तैयार है। काला का इंतजार तो फैंस भी लंबे समय से कर रहे हैं। वेब सीरीज काला की स्क्रीनिंग में एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपने व्हाइट लुक से हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस लुक में वो बहुत ही हैंडसम लग रहे थे, जिसे देख उनके फैंस भी क्रेजी हो गए। व्हाइट शर्ट, व्हाइट ट्राउजर और व्हाइट ही जूतों के साथ कार्तिक कैमरा के सामने स्माइल करते हुए पोज देते नजर आए। वहीं इंडियन फिल्म प्रोड्यूसर और म्यूजिक प्रोड्यूसर भूषण कुमार अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ काला की स्क्रीनिंग पर नजर आए। इस दौरान एक्ट्रेस फुल-स्लीव क्रॉप टॉप और डेनिम ट्राउजर पहने बेहद सिंपल लुक में नजर आईं। वहीं, भूषण कुमार ब्लैक टी-शर्ट और डेनिम जींस में श्रद्धा के साथ पोज देते दिखाई दिए। पूजा हेगड़े ने अपने गजब स्टाइल से काला की स्क्रीनिंग की सारी लाइमलाइट चुरा ली। अभिनेत्री रेड पैंटसूट में बेहद हॉट लग रही थीं। इस दौरान उन्होंने न्यूड मेकअप और वेवी हेयर स्टाइल के साथ अपने इस लुक को पूरा किया। काला की स्क्रीनिंग पर अर्जुन कपूर बेहद ही कूल लुक में दिखाई दिए। एक्टर सफेद शर्ट और ब्लैक ट्राउजर में कैमरा को पोज देते नजर आए।

# कार्तिक ने मुंबई में खरीदी 10 करोड़ की प्रॉपर्टी



बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने हाल ही में मुंबई के ओशिवारा स्थित सिग्नेचर टॉवर में ऑफिस खरीदा है, जिसके बाद वह चर्चा में आ गए हैं। खबर है कि कार्तिक आर्यन ने उसी फ्लोर पर स्पेस अपने नाम की है जहां दो महीने पहले सारा अली खान ने अपार्टमेंट खरीदा था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक आर्यन ने 28 फ्लोर की बिल्डिंग में चौथे फ्लोर पर यूनिट 403 खरीदा है। इस प्रॉपर्टी की कीमत 10.9 करोड़ रुपए है। एक्टर ने इसके लिए 47.55 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी भी चुकाई है। बता दें कि एक्ट्रेस सारा अली खान, एक्टर अजय देवगन और काजोल समेत कई बॉलीवुड सेलेब्स ने पिछले दिनों मुंबई में ऑफिस स्पेस खरीदा था। अब इस लिस्ट में कार्तिक आर्यन का भी नाम शामिल हो गया है।

# मेरे लिए, यह यूनिक स्टाइल है : रवीना टंडन

## -टिप टिप बरसा पानी पर किया डांस, हुई घायल




**मुंबई (ईएमएस)।** शो इंडियाज बेस्ट डांसर 3 के स्पेशल एपिसोड में गेस्ट के तौर पर रवीना टंडन ने शिवांशु की सराहना करते हुए कहा, मेरे लिए, यह यूनिक स्टाइल है। यह सेंसुअल सॉन्ग है और इसे इस रोबोटिक स्टाइल में देखकर मैं दंग रह गयी। एपिसोड के दौरान कंटेस्टेंट शिवांशु सोनी और कोरियोग्राफर विवेक चाचेरे ने टिप टिप बरसा पानी पर परफॉर्म किया। रवीना ने डांस की तारीफ करते हुए आगे कहा कि यह एक्ट इतना शानदार है कि मैं आप पर से नजरें नहीं हटा सकी। आप क्लासिकल डांसर हैं लेकिन जब आपने इस रोबोटिक डांस में ट्रांसफॉर्म किया, तो ऐसा लगा मानो आप एक पूरी तरह से अलग कलाकार में बदल गए हों। इसे देखने के बाद, मुझे लगता है कि किसी को भी दोबारा इस गाने का प्रयास नहीं करना चाहिए, और यहां तक कि आपकी खूबसूरत प्रस्तुति को देखने के बाद मैं इसे करने के बारे में भी नहीं सोचूंगी। गाने के बारे में बात करते हुए, वह पुरानी यादों में खो गईं और उन्होंने कहा, हम कंस्ट्रक्शन साइट पर शूटिंग कर रहे थे, और मैं नंगे पैर थी, वहां कीलें पड़ी गुई थी, जिससे मुझे खरोंच आई। मुझे टिटनेस का इंजेक्शन लेना पड़ा और दो दिन बाद बारिश के कारण मैं बीमार पड़ गयी। उन्होंने आगे कहा, जो ग्लैमर आप स्क्रीन पर देखते हैं, वह पर्दे के पीछे की अनकही कहानियों को छिपा देता है। रिहर्सल के दौरान चोट लगना आम बात है, फिर भी हम सभी उन्हें सहते हैं।

# नवाजुद्दीन की पत्नी पर होगी कार्रवाई



बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया मुसीबत में घिरती दिखाई दे रही हैं। किराया न चुकाने की वजह आलिया को दुबई सरकार से निर्वासन का नोटिस मिला है। दरअसल आलिया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के दुबई वाले घर पर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए रहती हैं। उन्होंने समय से घर का किराया नहीं दिया, जिसकी वजह से उन्हें अब नोटिस मिला है। आलिया और उनके बच्चों की जिम्मेदारी नवाजुद्दीन सिद्दीकी के ऊपर है। कोर्ट ने उन्हें मासिक भत्ता देने का निर्देश दिया है। 7 सितंबर को दुबई रेंटल डिस्प्यूट सेंटर के कुछ अधिकारी आलिया के पास घर खाली करने का नोटिस लेकर पहुंचे थे। आलिया और नवाजुद्दीन ने 27,183 दिरहम का रेंट नहीं चुकाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आलिया रेंट नहीं दे पाती हैं, तो उनके ऊपर लीगल एक्शन लिया जा सकता है। इस परेशानी के बीच आलिया दुबई में भारतीय दूतावास में मदद के लिए पहुंची हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी को ये पैसे चुकाने हैं, हालांकि वे पैसे नहीं दे पा रहे हैं।

# युवाओं को चढ़ा फिल्म 'जवान' बुखार, सिनेमाघरों में बज रही हैं सीटियां



शाहरुख खान की जवान ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। 7 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन करोड़ों रुपये की कमाई की। पठान के बाद अब फिल्म जवान पूरे देश में लोकप्रियता हासिल कर रही है। युवा फिल्म जवान के दीवाने हैं और सिनेमाघरों में सीटियां बज रही हैं। ऐसे में एक सिनेमा घर के वायरल वीडियो ने सभी को हैरान कर दिया है। फिल्म जवान के गाने चलेया का रोमांटिक सीन शुरू होते ही एक युवक सीधे अपनी गर्लफ्रेंड को प्रपोज कर देता है। युवक ने भरे सिनेमा हॉल में सबके सामने लड़की को प्रपोज किया, तालियों और सीटियों की गड़गड़ाहट होने लगी। यह रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और नेटिजन्स ने मजेदार प्रतिक्रियाएं दी हैं। शाहरुख खान की फिल्म जवान जबरदस्त हिट हो गई है और फिल्म ने पहले ही दिन 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरे दिन भी फिल्म ने करोड़ों रुपये की कमाई की। इससे यह जानकारी सामने आई कि जवान ने अगले दिन 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। फिल्म में शाहरुख खान के साथ नयनतारा और विजय सेतुपति ने मुख्य भूमिका निभाई थी। प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, रिद्धि डोगरा, आलिया, गिरिजा ओक ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म जवान में दीपिका पादुकोण का छोटा सा कैमियो सभी दर्शकों का ध्यान खींच रहा है।

# खुशी के गाने पर माही ने लगाया 'काला काला चश्मा'




**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी सिंगर खुशी कक्कर का गाया हुआ और माही श्रीवास्तव के शानदार परफॉर्मेंस से सजा भोजपुरी लोकगीत 'काला काला चश्मा' वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को बहुत ही सुरीली आवाज में खुशी कक्कर ने गाया है, जिसे बार-बार सुनने में अच्छा लगता है। एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव शानदार साड़ी में कयामत ढा रही हैं और इनके काला चश्मा का क्या कहना। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने पार्टनर की दीवानी हैं और उनके हेयर स्टाइल, लुक, बॉडी फिटनेस आदि की खूब तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं कि 'पिया साइन बाड़ा मरावले, आगे कलर बाड़ा करावले, भाव का डिजाइन बेमिसाल लगात२, राजा राउर बाल हो बवाल लगात२, काला काला चश्मा बवाल लागत२...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत काला काला चश्मा के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। सिंगर खुशी कक्कर की आवाज और एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव की अदायगी बड़ा ही बेजोड़ है, जिसे देखने व सुनने में बहुत प्यारा लग रहा है। इस गाने के गीतकार राकेश राजा, संगीतकार छोटू बंटी, वीडियो निर्देशक विझेल, कोरियोग्राफर संदीप राज डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का आल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास है।

# ड्रीम गर्ल 2 की सक्सेस को एंजॉय कर रही अनन्या



बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म की सफलता का जश्न मनाया, जिसमें उन्होंने रेड लुक से सबको इम्प्रेस किया। इसके बाद इस गैटअप में अनन्या ने फोटोशूट भी करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। मालूम हो कि फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ अहम रोल में नजर आई हैं। फिल्म को राज शांडिल्य ने डायरेक्ट किया है। लुक की बात करें तो इस दौरान अनन्या पांडे ऑफ शोल्डर क्रॉप रेड टॉप के साथ मैचिंग स्लिट स्कर्ट में बेहद किलर लगीं। पैरों में हाई हील, कानों में इयररिंग्स और गले में रेड चोकर से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है। इस आउटफिट में वह अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं और कैमरे के सामने गजब पोज दे रही हैं।

## सूडोकु नवताल- 6550

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6549 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्दजाल - 7297

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | रा | ज | त | हो | प | न | प | क्त |
| ज | क्रि | ब | ना | द | म | जा | जि | स्म | र | ह |
| न | के | र | हे | नि | ऐ | ना | न | व | टि | म |
| बी | ट | सा | न | शा | वा | त | क | ले | ज | को |
| चो | दा | त | प | ने | तो | हो | बा | गो | ब | दि |
| ब | र | त | अ | ग | स | ए | व | र | वॉ | वा |
| द | प | म | न | प | व | ह | अ | गो | प्ला | ना |
| क | र | क | चा | क | ह | भा | र | चो | आ | क |
| र | व | त | म | ए | भी | र | क | अ | न | र |
| फु | ट | पा | त | र | शो | ता | ण | र | ह | ग |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | र | क | प | स्त | ये |

**शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं**

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

### शब्दजाल - 7296 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | वि | न | र | क |
| ना | य | क | को | ट | वा | जी | रा | इ | रा | ल |
| आ | बे | दे | पू | ह | जी | स्म | स | का | म | दि |
| पु | ची | व | श | ट | ज | प | त | पा | ल | र |
| का | त | ई | फा | में | व | खें | जा | भा | ख | ते |
| र | मे | म | दे | ला | बे | ट | न | ई | न | जा |
| ट | जं | न्स | मे | बु | क | ता | या | न | है | ब |
| च | म | न | ए | स | ल | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | दी | री | ता | न | क्स |
| त | रा | जु | न | ज | बा | त्र | ट | ल | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6250


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | 3 |
| 6 | 32 | | 29 | 3 | 29 | |
| 1 | 6 | 5 | | | | 7 |
| | 34 | | 30 | 1 | 30 | 4 |
| 3 | | 2 | | 5 | 6 | |
| 7 | 31 | | 32 | 7 | 43 | |
| | | 4 | 1 | | 7 | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6249 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 33 | 6 | 36 | 6 | 30 | 1 |
| 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 |
| 6 | 37 | 2 | 25 | 7 | 36 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान: चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन होंगे कप्तान, पेसर काइल जैमिसन बाहर

**नई दिल्ली।**
वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान कर दिया गया है। न्यूजीलैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन लिया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। पिछेल बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का पहला मुकाबला 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा।

**वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम** – केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।

**विलियमसन ने अप्रैल में कराई थी सर्जरी**– आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। आईपीएल के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे।

**ट्रेंट बोल्ट भी टीम में शामिल** – टीम में फिन एलन की जगह विल यंग को शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और एडम मिल्ने वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम को भी टीम में जगह मिली है, हालांकि दोनों इस साल न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं हैं।

**28 सितंबर तक स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं टीमें** – वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगी, टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक अपने स्क्वॉड की फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को देना है।

**वर्ल्ड कप में खेले जाएंगे 48 मुकाबले** – भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक लीग स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा। वर्ल्ड कप के मौजूदा सीजन की शुरुआत 5 अक्टूबर को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मुकाबले के साथ अहमदाबाद से होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मेसी के बिना 3-2 से जीता इंटर मियामी, एमएलएस के मुकाबले में स्पोर्टिंग केंसास को कड़े मुकाबले में हराया

**फोर्ट लाउडरहिल।** सुपरस्टार फॉरवर्ड लियोनल मेसी के बिना खेलने वाली इंटर मियामी की टीम ने मेजर



सॉकर लीग (एमएलएस) में स्पोर्टिंग केंसास को 3-2 से हराया। अर्जेंटीना के कप्तान मेसी विश्वकप क्वालिफायर मैचों के चलते इंटर मियामी के लिए नहीं खेल पाए। मेसी मियामी के होने वाले अगले लीग मुकाबले में अटलांटा के खिलाफ खेल सकते हैं। मेसी के अलावा सात अन्य खिलाड़ी भी इस मैच में नहीं खेल पाए। वे विश्वकप क्वालिफायर के लिए अपनी राष्टीय टीम के साथ जुड़ गए। मैच गोल करने की शुरुआत स्पोर्टिंग केंसास के डेनियल सल्लोई ने नौवें मिनट में की। हालांकि मियामी ने इस बढ़त को ज्यादा देर तक रहने नहीं दी और 25वें मिनट में लियोनार्डो कैंपाना पेनाल्टी पर गोल करके इंटर मियामी की मैच में वापसी करा दी। इस बीच, कैंपाना ने 45वें मिनट में बॉक्स के अंदर से अपना दूसरा गोल करके मियामी को 2-1 से बढ़त दिलाई। मियामी पहले हाफ में 2-1 से आगे रहा। दूसरे हाफ में गोल की शुरुआत मियामी ने की। मियामी के फ्रैंसुंडो फरियास ने 60वें मिनट में शानदार गोल दागकर मियामी को मैच 3-1 की उपयोगी बढ़त दिलाई। इसके बाद मियामी की टीम के खिलाफ एक गोल और हो गया। स्पोर्टिंग केंसास के ऐलिन पुलिडो 78वें मिनट में गोल करने सफल जरूर रहे, लेकिन वह सिर्फ हार का अंतर ही कम कर पाए।

### 23 साल के किरण बने चैंपियन, फाइनल में जापान के ताकाहाशी को हराया

**मेदन।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने यहां पुरुष एकल फाइनल में जापान के कू



ताकाहाशी को सीधे गेम में हराकर इंडोनेशिया मास्टर्स ट्रॉफी को अपने नाम किया। कोच्चि के इस 23 साल के खिलाड़ी ने 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में दुनिया के 82वें नंबर के खिलाड़ी ताकाहाशी को 21-19, 22-20 से हराया। बंगलूरू में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में ट्रेनिंग करने वाले किरण मैच की शुरुआत में 1-4 से पिछड़ गए थे लेकिन उन्होंने ताकाहाशी से 8-8 से बराबरी की और फिर बढ़त बनाने लगे। उन्होंने 18-15 की बढ़त बनाई लेकिन विरोधी खिलाड़ी ने इस अंतर को 19-20 कर दिया। किरण इसके बाद गेम जीत कर बढ़त बना ली। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। स्कोर एक समय 6-6 की बराबरी पर था लेकिन किरण ने 16-11 की बढ़त बना ली। ताकाहाशी ने हार नहीं मानी और स्कोर 19-19 कर दिया किरण इस बीच पहला मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहे लेकिन दूसरा मैच प्वाइंट भुना कर उन्होंने मुकाबला जीत लिया। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन जॉर्ज थॉमस के बेटे किरण ने ओडिशा ओपन और पोलिश ओपन जीता था। वह पिछले साल डेनमार्क मास्टर्स में उपविजेता रहे थे। इस साल जनवरी में अपने कॅरिअर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 43वें नंबर पर पहुंचने वाले किरण ने बीते मई-जून में थाईलैंड ओपन में चीन के शीर्ष खिलाड़ियों शी युकी और वेंग होंगयांग को हराकर अपना कौशल दिखाया था।

### इशान किशन ऐसे खिलाड़ी जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखते हैं: सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल के दौरान गुजरात लायंस में इशान किशन के




साथ बिताए समय को याद किया और बताया कि कैसे विकेटकीपर-बल्लेबाज टीम में सौहार्द और टीम भावना लेकर आए। रैना ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इशान किशन को ओपनिंग करनी होगी क्योंकि वह एक मजबूत चरित्र है जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखता है। उन दिनों भी उन्होंने बहुत मेहनत की। चूंकि वह रांची से हैं, इसलिए उन्होंने एमएस धोनी से बात की और वहां हर कोई धोनी जैसा बनना चाहता है। इसके अलावा, जिस तरह से इशान ने झारखंड के लिए योगदान दिया, उसके कारण धोनी ने मुझे उसकी विकेटकीपिंग प्रगति का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, तो, मैंने फिंच से कहा कि अगर ड्वेन स्मिथ और ब्रेंडन मैकुलम नहीं खेल रहे हैं, तो इशान किशन को ओपनिंग करनी चाहिए, मैं नंबर 3 पर बल्लेबाजी करूंगा, और आप बाकी बल्लेबाजी लाइनअप का फैसला कर सकते हैं। मुझे याद है कि एक मैच में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजकोट में 4-5 छक्के लगाए थे।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 79 रन से हराया

# सेंचुरी चूके लिविंगस्टोन रहे प्लेयर ऑफ द मैच; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर

**साउथैम्प्टन।**
इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को दूसरे वनडे में 79 रन से हरा दिया। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण 34-34 ओवर के मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 7 विकेट पर 226 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड टीम 26.5 ओवर में 147 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। इंग्लैंड से 78 बॉल पर 95 रन की नॉट आउट पारी खेलने वाले लियाम लिविंगस्टोन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने ही सैम करन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया था।




**इंग्लैंड की खराब शुरुआत, 28 रन पर 4 विकेट गंवाए** – टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 8 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉनी बेयरस्टो 6 और बेन स्टोक्स एक रन बनाकर आउट हुए, वहीं जो रूट तो खाता भी नहीं खोल सके। तीनों विकेट लम्बे समय बाद वापसी कर रहे लेफ्ट आर्म पेसर ट्रेंट बोल्ट ने लिए। 28 रन के स्कोर पर हैरी ब्रूक भी 2 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार हो गए।

**करन-लिविंगस्टोन की सेंचुरी पार्टनरशिप ने 200 के पार पहुंचाया** – नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे कप्तान जोस बटलर ने तेजी से 30 रन बनाए, लेकिन वह भी मिचेल सैंटनर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद मोईन अली और लियाम लिविंगस्टोन ने 48 रन की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला ही था कि मोईन भी 33 रन बनाकर टिम साउदी का शिकार हो गए।

मोईन के बाद उतरे सैम करन ने तेजी से 35 बॉल पर 42 रन बनाए। उन्होंने लिविंगस्टोन के साथ 112 रन की पार्टनरशिप भी की और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचा दिया।

**लिविंगस्टोन 95 पर नॉट आउट रहे** – सैम करन 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद डेविड विली ने 2 गेंद पर 7 रन बनाए। उनके साथ लिविंगस्टोन भी 78 गेंद पर 95 रन बनाकर नॉट आउट रहे। टीम ने 34 ओवर में 7 विकेट पर 226 रन बनाए और इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड से बोल्ट के अलावा टिम साउदी ने 2 विकेट लिए। वहीं मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला।

**न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही** – 34 ओवर में 227 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में फिन एलन का विकेट गंवा दिया। फिन अपना खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद डेवोन कॉन्वे और विल यंग ने पारी संभाली, लेकिन 14 रन बनाकर कॉन्वे भी चलते बने। कॉन्वे के विकेट के बाद यंग भी रन आउट हो गए। यंग ने 33 रन बनाए और टीम ने 55 रन पर 3 विकेट गंवा दिए।

**लाथम-मिचेल ने संभाला** – शुरुआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद कप्तान टॉम लैथम ने डेरिल मिचेल के साथ 56 रन की पार्टनरशिप की। लैथम 19 रन बनाकर रीस टॉप्ले का शिकार हुए और दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप टूटी। 111 के स्कोर पर चौथा विकेट गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने 123 रन के स्कोर तक छठा विकेट भी गंवा दिया। ग्लेन फिलिप्स 2 और रचिन रवींद्र 4 रन बनाकर आउट हो गए। तीनों विकेट रीस टॉप्ले ने लिए।


**मिचेल फिफ्टी बनाकर आउट** – लाथम के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप करने के बाद डेरिल मिचेल ने अपनी फिफ्टी पूरी की। लेकिन मोईन अली की फुल टॉस बॉल को मिड-विकेट के ऊपर से खेलने की कोशिश में वह भी कैच आउट हो गए। मिचेल ने 57 रन बनाए। मिचेल के बाद मोईन अली ने मिचेल सैंटनर को भी कैच आउट करा दिया। सैंटनर 4 रन ही बना सके।

**विली ने भी 3 विकेट लिए** – 140 रन के स्कोर पर सैंटनर का विकेट गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने अगले 7 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए। दोनों विकेट पहले ओवर में सफलता दिलाने वाले डेविड विली ने लिए। न्यूजीलैंड टीम 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और मेथड में 79 रन से मुकाबला गंवा दिया।

इंग्लैंड से विली और टॉप्ले ने 3-3 विकेट लिए। जबकि मोईन अली को 2 और गस एटकिंसन को एक विकेट मिला। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

**तीसरा वनडे 13 सितंबर को** – दूसरे वनडे में जीत के साथ इंग्लैंड ने 4 वनडे की सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। पहला वनडे न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से जीता था। तीसरा वनडे 13 सितंबर को द ओवल मैदान पर भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच 4 मैचों की टी-20 सीरीज 2-2 से बराबर रही थी।

# हैंसी फ्लिक को जर्मनी ने मैनेजर पद से हटाया, जापान के खिलाफ मिली हार के बाद लिया गया फैसला



**नई दिल्ली।**
हैंसी फ्लिक को जर्मनी के मैनेजर/कोच पद से बर्खास्त कर दिया गया है। वोल्फ्सबर्ग में जापान के खिलाफ जर्मनी को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। हैंसी फ्लिक के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। 1926 में मैनेजर पद के अस्तित्व में आने के बाद से वह बर्खास्त होने वाले जर्मनी के पहले मैनेजर बन गए हैं। जर्मनी ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार गंवाए हैं। अगस्त 2021 में जोकिम लो की जगह लेने वाले फ्लिक की कोचिंग में जर्मनी की टीम 25 मैचों में सिर्फ 12 जीत ही हासिल कर सकी। रूडी वोलेर को फ्रांस के खिलाफ होने वाले दोस्ताना मैच के लिए अस्थायी मैनेजर बनाया गया है। जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर 63 वर्षीय वोलेर को फरवरी में जर्मन राष्ट्रीय टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। हेंस वुल्फ और सैंड्रो वैगनर कार्यकारी सहायक कोच होंगे। जर्मनी अगले साल पुरुषों की यूरोपीय चैम्पियनशिप की मेजबानी करने वाला है, लेकिन उसकी टीम पूरी तरह बिखरी हुई है। जर्मन एफए के अध्यक्ष बर्नड न्युएंडोर्फ ने कहा, समिति इस बात पर सहमत हुई कि हाल के निराशाजनक परिणामों के बाद जर्मन राष्ट्रीय टीम को नए प्रोत्साहन की जरूरत है। यूरोपीय चैम्पियनशिप से पहले टीम को आत्मविश्वास की आवश्यकता है। जापान ने दोस्ताना मुकाबले में जर्मनी को 4-1 से शिकस्त दी। जर्मनी को घरेलू समर्थकों का पूरा समर्थन मिल रहा था, लेकिन इसके बावजूद टीम को मेहमान टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी की टीम मैच में शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। उसके स्ट्राइकरों ने निराश किया तो डिफेंडरों अपने किले की अच्छे से रक्षा नहीं कर पाए। जापान की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रणनीति के साथ मैच खेलकर जीत दर्ज की। जापान के लिए जुंया इतो (11वां मिनट), अयासे उएदा (22वां मिनट), तकुमा असानो (90वां मिनट) और तनाका (90+2वां मिनट) ने गोल दागे। वहीं, जर्मनी के लिए एकमात्र गोल लेरॉय साने ने 19वें मिनट में किया।

# मंधाना अगले माह घरेलू सत्र में महाराष्ट्र की ओर से खेलेंगी

**नई दिल्ली।**
महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के घरेलू सत्र में महाराष्ट्र की ओर से खेलने की संभावना है। ये 19 अक्टूबर से अगले साल 26 जनवरी तक आयोजित होगा। इसी कारण मंधाना महिलाओं की बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में भी नहीं खेलेंगी।मंधाना ने आगामी घरेलू सत्र और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए डब्ल्यूबीबीएल में अपना नाम नहीं भेजा था। वहीं डब्ल्यूबीबीएल के लिए 122 खिलाड़ियों की सूची में कुल 18 भारतीय खिलाड़ी हैं जिसमें हरमनप्रीत (मेलबर्न रेनेगेड्स) और जेमिमा (मेलबर्न स्टार्स) की टीम में बनी रहेंगी। वहीं मंधाना पिछले साल भी डब्ल्यूबीबीएल में शामिल नहीं हुईं थीं। वह आगामी घरेलू सत्र पर ध्यान लगाना चाहती हैं और साथ ही आगे के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय वर्ष के लिए अपने कार्यभार का प्रबंधन करना चाहती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मंधाना जबकि डब्ल्यूबीबीएल 19 अक्टूबर से दो दिसंबर तक चलेगा। इससे पहले मंधाना 23 सितंबर से शुरु होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में भाग लेंगी। इंग्लैंड विदेशी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट पूल में सबसे आगे हैं जिसकी 35 खिलाड़ी इसमें शामिल हैं। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका 20 खिलाड़ियों से दूसरे नंबर पर है जिसमें करिश्माई सलामी बल्लेबाज लौरा वोलवार्ट, लिजेल ली और शबनीम इस्माइल मौजूद हैं।



### शाहीन में बिलकुल भी घमंड नहीं: शोएब

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने शाहीन आफरीदी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे कुछ हद तक अपनी गेंदबाजी को लेकर घमंडी होना चाहिये। अख्तर ने कहा, शाहीन पाक टीम के लिए बेशकीमती हैं। इसके बाद भी उनमें किसी भी प्रकार का घमंड नहीं है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि क्रिकेट में थोड़ा सा हुनर आपके पास होना चाहिये। झगड़े हर खेल में होते हैं पर क्रिकेट में इतने शिष्टाचार, मुझे पसंद नहीं आते हैं। गौरतलब है कि शाहीन ने अपने पदार्पण के बाद से ही शानदार गेंदबाजी की है। एशिया कप में भी अब तक उनकी गेंदबाजी के सामने विरोधी बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

# एशियन गेम्स से पहले बेंगलुरु में ट्रेनिंग करेगी इंडियन टीम: पुरुष क्रिकेट टीम का कैंप 12 दिन, महिला टीम का सिर्फ 4 दिन का होगा

**नई दिल्ली।**
एशियन गेम्स के लिए पुरुष और महिला टीम की कैंप बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में लगाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष टीम का 12 दिन और वुमन टीम की 4 दिन का कैंप लगाया जाएगा। दरअसल एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन में होना है। एशियन गेम्स में क्रिकेट को तीसरी बार शामिल किया गया है। इससे पहले 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में क्रिकेट को शामिल किया गया था। यह टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है।




**पुरुष टीम का कैंप 12 सितंबर से** – मेंस टीम का कैंप 12 सितंबर से एनसीए में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप 12 सितंबर से 24 सितंबर के बीच आयोजित होगा।

**महिला टीम का कैंप 13 सितंबर से** – जबकि महिलाओं का कैंप 13 सितंबर से 16 सितंबर के बीच होगा। महिला टीम 17 सितंबर को चीन के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं पुरुष टीम का कैंप जारी रहेगा।

**महिलाओं के मैच 19 सितंबर से** – महिला क्रिकेट टीम के मैच 19 सितंबर से 27 सितंबर तक खेले जाएंगे। वहीं पुरुष क्रिकेट टीम के मैच 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियन गेम्स में अपने अभियान की शुरुआत 22 सितंबर से क्वार्टर फाइनल से करेगी। वहीं भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का अभियान 5 अक्टूबर से क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा।

**एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम**

**विमेंस टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर) और अनुषा बरेड्डी।

**स्टैंडबाय:** हरलीन देयोल, काशवी गौतम, स्नेह राणा, साइका इशाक और पूजा वस्त्राकर।

**मेंस टीम:** ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

**स्टैंडबाय:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

## नोवाक जोकोविच ने जीता यूएस ओपन

# उनके करियर का 24वां ग्रैंड स्लैम, मार्गरिट कोर्ट की बराबरी की; फाइनल में मेदवेदेव को हराया

**नई दिल्ली।**
सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराया। ये जोकोविच का रिकॉर्ड 24वां ग्रैंड स्लैम है और चौथा यूएस ओपन मेंस सिंगल्स टाइटल है।

उन्होंने ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व टेनिस स्टार मार्गरिट कोर्ट की बराबरी कर ली है। जोकोविच 24 ग्रैंड स्लैम के साथ मेंस सिंगल्स में सबसे ज्यादा टाइटल जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

### जोकोविच का चौथा यूएस ओपन खिताब

जोकोविच का यह चौथा यूएस ओपन टाइटल है। उन्होंने इससे पहले 2011, 2015 और 2018 में यूएस ओपन खिताब पर कब्जा किया था। जोकोविच ने रिकॉर्ड 36वीं बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई और 24 टाइटल अपने नाम किए।

### जोकोविच ने मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराया

न्यूयॉर्क के मार्गरिट कोर्ट में खेले गए फाइनल में जोकोविक ने डेनियल मेदवेदेव को कड़े मुकाबले में 6-3, 7-6, 6-3 से हराया। 36 साल के जोकोविच ने पहला सेट 6-3 से आसानी से जीता। दूसरे सेट में मेदवेदेव ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जोकोविच ने दूसरा सेट भी 7-6 से अपने नाम किया।

तीसरे सेट में 6-3 से आसानी से जीत दर्ज कर उन्होंने रिकॉर्ड 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। बता दें, जोकोविच को 2021 में यूएस ओपन के फाइनल में मेदवेदेव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।



### ओपन एरा में 24 ग्रैंड स्लैम

### जीतने वाले पहले खिलाड़ी

जोकोविच ओपन एरा में 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच इससे पहले सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम (मेंस और विमेंस सिंगलस) जीतने के मामले में सेरेना विलियम्स (23 ग्रैंड स्लैम) की बराबरी पर थे। मार्गरिट कोर्ट भी कुल 24 ग्रैंड स्लैम जीती हैं, लेकिन उनमें से 13 टाइटल ओपन एरा से पहले अपने नाम की थीं।

टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है।

### मार्गरिट का जन्म ऑस्ट्रेलिया के एल्बरी में हुआ

मार्गरेट कोर्ट का जन्म 16 जुलाई 1942 को एल्बरी, ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी मार्गरेट के नाम सबसे ज्यादा सिंगल्स ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड दर्ज था, जिसकी जोकोविच ने बराबरी कर ली है। उन्होंने अपने करियर में 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते।

अमेरिकी की युवा टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने यूएस ओपन के फाइनल में बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर खिताब जीता। 19 साल की गॉफ के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। पहला सेट हारने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी की और मुकाबला 2-6, 6-3, 6-2 से जीता।

गॉफ 2017 के बाद से पहली अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने यह खिताब जीता। 2017 में आखिरी बार यह कारनामा सोलन स्टीफन ने किया था। गॉफ 1999 के बाद यूएस ओपन जीतने वालीं पहली अमेरिकी टीनेजर खिलाड़ी हैं। 1999 में सेरेना विलियम्स ने ऐसा किया था।

# साइबर रिश्तों से बढ़ी बेरुखी...



**साइबर** रिश्तों के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। हमेशा लोगों को शिकायत रहती है कि युवा पीढ़ी के लोग बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। एक ताजा शोध के अनुसार इस बात की पुष्टि हो गई है। अब युवा पीढ़ी के लोग अधिक रूखे स्वभाव के हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं। मौजूदा समय में 18 से 34 वर्ष तक के लोग अपने पड़ोसियों से दुआ-सलाम कम ही करते हैं। साथ ही बुजुर्गों का भी स्वागत नहीं करते।

डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार इस आयु वर्ग के लोग ना तो अब बिल्डिंग के लोगों को चाय की पेशकश करने में रुचि लेते हैं और न ही किसी त्योहार पर आए डाकियो को इनाम देना चाहते हैं। 23 फीसद लोग साझा बरामदे या गलियारे में कम रुचि लेते हैं जबकि 55 साल से अधिक की उम्र के लोगों के साथ ऐसा नहीं है। इस आयु समूह के 35 फीसद लोग अपने पड़ोसियों की अनदेखी करते हैं। जबकि 55 साल से अधिक आयु वर्ग में केवल 15 फीसद लोग ऐसा करते हैं। युवा वर्ग के 18 फीसद लोग किसी महिला या वृद्ध जन के लिए दरवाजा खोलना पसंद नहीं करते हैं। वहीं 17 फीसद युवा सर्वाजनिक परिवहन में किसी गर्भवती महिला के लिए अपनी सीट नहीं छोड़ना चाहते। जबकि 12 फीसद लोग किसी वृद्ध को अपनी सीट नहीं देना चाहते। 55 साल से अधिक आयु के 83 फीसद लोगों ने कहा कि वह अपने बिल्डर को कॉफी या चाय की पेशकश जरूर करते हैं। लेकिन 50 फीसद युवा पीढ़ी ऐसा नहीं करती। यह सर्वेक्षण यूगाव सर्वे ने एक हजार वयस्कों पर किया है।

## नीली जींस का ट्रेंड 6,200 साल पुराना



**नीले** रंग की जींस के लिए हम पेरूवासियों को धन्यवाद दे सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पेरू के उत्तरी तट पर हुआका प्रीटा में खुदाई के दौरान 6,200 साल पुराना कपड़ा पाया गया, जिस पर नीले रंग को डाई के रूप में इस्तेमाल किया गया था। इसे सबसे पहली जींस माना गया है। जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कहा कि निष्कर्ष से पता चलता है कि जटिल वस्त्र तकनीक का विकास प्राचीन रेडियन लोगों ने किया था। हुआका प्रीटा कपड़ों में इस्तेमाल होने वाला कपास गॉसपियम बारबाडेंसी, आज उगाई वाले मिस्त्र के कपास की जाति का ही है। हमारे पास अच्छी नीली जींस नहीं होती यदि दक्षिण अमेरिकी नहीं होते।

## लड़कियों को वर की तलाश...



**यौवन** में दस्तक देती हर लड़की का सपना होता है कि उसकी शादी धूम धाम से हो, लेकिन एक जगह ऐसी भी है जहां लड़कियों के लिए शादी करना बेहद मुश्किल काम है। ब्राजील के नोइवा दो कोरडेएरो कस्बे में 20 से 35 साल की महिलाएं आज भी अपने लिए वर की तालाश में जुटी हुई हैं। इस कस्बे में हजारों लड़कियां शादी करने के लिए तरस रही हैं। इस कस्बे में बेहद खूबसूरत लड़कियां रहती हैं, लेकिन यहां की लड़कियों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत यहां कुवांरे लड़कों की कमी है। कस्बे में रहने वाली लड़कियां प्यार और शादी का सपना संजोती हैं लेकिन सिर्फ शादी के लिए कस्बा नहीं छोड़ना चाहती। वे चाहती हैं कि दूसरे गांवों के लोग उनके साथ रहें उन्हीं के कस्बे में आकर रहें। साथ ही पहाड़ियों के बीच बसे इस कस्बे में बहुत ही कम शादीशुदा मर्द हैं और जो कुवांरे लड़के हैं वे अभी बहुत छोटी उम्र के हैं।

## स्टूडेंट लाइफ में सेविंग...



अपने सपनों को उड़ान देने के लिए जब युवा दूसरे शहरों के अच्छे कॉलेजों में एडमिशन लेते हैं, तो जाहिर सी बात है कि फन और मस्ती में ही उनकी सारी पॉकेटमनी खत्म हो जाती होगी, क्योंकि न तो वह सेविंग्स के बारे में जानते हैं और न ही बजट कंट्रोल में रखना जानते हैं। बचत करने का पहला नियम है कि आप बजट बनाएं, बजट बनाते समय वर्क शीट पर दो सेक्शन बनाएं, जिसमें जरूरी और गैर जरूरी खर्च के बारें में लिखें। सबसे पहले वे काम करें जो जरूरी हैं, सिर्फ दूसरों को दिखाने के चक्कर में की जाने वाली फिजूल खर्ची से बचें। अक्सर आपका वीकेंड घर में बेड पर आराम फरमाते, टीवी देखते और पिज्जा खाने में निकल जाता है। ऐसे में अच्छा होगा वीकेंड पर आप कोई पार्ट टाईम जॉब शुरू करें। इससे आप अपनी पॉकेट मनी भी जुटा पाएंगे। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान नए सेमेस्टर के शुरू होने पर आप चाहें तो रेंटल बुक्स ले कर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। यदि आप रोजाना जाने वाले स्टूडेंट्स में शामिल हैं तो लाइब्रेरी से बेहतर कोई और ऑप्शन नहीं हो सकता। कॉलेज जाना हो या फिर दोस्तों के साथ मस्ती करनी हो, हमेशा कोशिश करें कि आने-जाने के लिए पब्लिक व्हीकल का इस्तेमाल किया जाए, इससे आपका काफी पैसा बचेगा।

भीड़ में चलने का चलो अंदाज बदलते हैं, दुनिया कल बदलेगी हम आज बदलते हैं, चलो अपने हाथों की पतवार बदलते हैं, हर कदम के साथ अपनी रफ्तार बदलते हैं। आपके कपड़े पहनने का स्टाइल, बात करने का अंदाज आपकी पर्सनैलिटी के बारे में बहुत कुछ बताता है। चाहे अनचाहे तौर पर आपके चलने का तरीका भी दूसरों पर गहरा असर छोड़ता है। क्या आप जानते हैं कि युवाओं के चलने की स्टाइल से उनके स्वभाव के बारे में भी पता चलता है। भला कैसे...? तो आइए जानते हैं।

# चलने का अंदाज...





**व्यक्ति** का मूड उसकी चाल को काफी प्रभावित करता है। चलने के अंदाज से किसी व्यक्ति के मूड के बारे में भी आसानी से पता लगाया जा सकता है। एक शोध के मुताबिक, जो लोग अवसाद से ग्रसित होते हैं, चलते समय उनकी हाथों की गतिविधियां कम होती हैं और उनके कंधे आगे की ओर झुके होते हैं। वहीं जो लोग अच्छे मूड में होते हैं, चलते समय उनके हाथों की गतिविधियां ज्यादा होती हैं। क्वींस यूनिवर्सिटी के शोध में कहा गया है कि हमारा मूड हमारी चाल को प्रभावित करता है। किसी पल हम कैसा महसूस कर रहे हैं, इससे हमारी चाल बहुत प्रभावित होती है। हर किसी की चाल कुछ न कुछ कहती है और चलने का तरीका बताता है कि आप किस स्वभाव के हैं।



### आक्रामकता का अंदाज

हाल ही यूके की पोर्ट्समाउथ यूनिवर्सिटी में हुई एक स्टडी के मुताबिक, लोगों के चलने के अंदाज से पता चलता है कि वे कितने आक्रामक है। अगर चलते वक्त किसी व्यक्ति के शरीर का ऊपरी और निचला हिस्सा ज्यादा हिलता है तो उसमें आक्रामकता ज्यादा होती है। शोधकर्ताओं ने 29 लोगों पर ट्रेडमिल पर उनके नेचुरल स्पीड में चलने के ऊपर एक अध्ययन किया है। एक शोधकर्ता के मुताबिक, जब हम चलते हैं तो हमारे शरीर में मूवमेंट होती है. जब कोई व्यक्ति अपना बायां पैर आगे बढ़ाता है तो उसके साथ कूल्हे का बायां भाग भी आगे आता है, बायां कंधा थोड़ा पीछे की तरफ झुकता है और दायां कंधा संतुलन बनाने के लिए आगे झुकता है। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को एक फॉर्म भरने दिया जो उनके आक्रामकता के स्तर का अंदाजा लगाता है। उन्होंने प्रतिभागियों के व्यक्तित्व की विशिष्टता का पता लगाने के लिए बिग फाइव नाम का एक टेस्ट भी लिया। टेस्ट और फॉर्म के जरिए उन्होंने पता लगाया कि लोग क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं और कैसे व्यवहार करते हैं। शोधकर्ताओं नें मनुष्यों के वक्ष और कूल्हे की गति और उनके चाल की गति का पता लगाया। शोधकर्ता कहते हैं कि रिसर्च से यह बात कंफर्म होती है कि लोगों के चलने के तरीके से उनके व्यक्तित्व के बारे में पता चलता है।

### छोटे-छोटे कदम

जो पुरूष छोटे-छोटे कदम रखकर धीरे चलते हैं वो छोटी सी बातों में ही परेशान हो जाते हैं। उनका जीवन थोड़ा परेशानी भरा होता है। यानी ऐसे लोग आपका उत्तरदायित्व नहीं संभाल सकते। ये कमजोर साबित होते हैं।

### कंधे आगे की ओर

जो कंधे आगे की ओर झुकाकर चलते हैं वे थोड़े आलसी होते हैं लेकिन जरुरत पड़ने पर मेहनत करने के लिए भी तैयार रहते हैं। इन्हें कोई भी काम दिया जाए उसे करने में आलस महसूस करते हैं और कोई भी निर्णय लेने में बहुत बार सोचते हैं।

### तेज चाल

जिन युवाओं की चाल तेज होती है वे बड़े उत्साही और हमेशा आगे बढ़ने वाले स्वभाव के होते हैं। इनका शरीर फिट और आकर्षक होता है। ऐसे लोग दूसरों को भी उत्साही बनाते हैं और जीवन में काफी आगे जाते हैं। जो लोग पैरों के साथ हाथों को हिलाकर चलते हैं वे बहुत चतुर और जिंदादिल होते हैं। ऐसे लोग जोशीले और उत्साहित होने के साथ उमंग से भरे होते हैं।

### पैरों को दबाव देना

जमीन पर पैरों को दबाव देकर जो लोग चलते हैं वो हिम्मती और जिद्दी स्वभाव के होते हैं और अपनी बातों पर अडिग रहने वाले होते हैं।

### लंबे-लंबे कदम

जो लोग लंबे-लंबे कदम रखकर चलते हैं, वे आत्मविश्वासी और बेहद साहसी होते हैं। इनमें हमेशा प्रतियोगिता की भावना होती है। इस स्वभाव वाले लोग अपनी सोच से एक कदम आगे चलते हैं।



### धीमी गति से चलना

जो लोग धीमी गति से चलते हैं या पैरों को घसीटकर चलते हैं, वो सहमे हुए और दुखी स्वभाव के होते हैं। ये लोग तनावग्रस्त होते हैं।

# फर्स्ट इंप्रेशन...



सभी चाहते हैं कि किसी से पहली बार मिलने पर ऐसी छाप छोड़े कि उसके मन-मस्तिष्क में उम्र भर के लिए अच्छी राय बन जाए, लेकिन ज्यादातर लोगों को यह तकनीक ही नहीं आती कि पहली ही मुलाकात में कैसे किसी को हमेशा के लिए अपना प्रशंसक बनाया जा सकता है। तो आइए जानते हैं कैसे जमाएं फर्स्ट इंप्रेशन।

### स्टाइल सुधारें

पहली मुलाकात में ध्यान रखें कि सामने वाले पर आपकी बातचीत का क्या प्रभाव पड़ रहा है। इसे भांपकर अपनी शैली सुधारें। अपना ध्यान उस व्यक्ति पर केंद्रित करें, आंखों से आंखें मिलाकर बात करें। चाहे सामने कोई उच्च पदस्थ व्यक्ति हो, नर्वस होकर, इधर-उधर देखते हुए बातचीत न करें। यदि आपको लगता है कि सामने वाला बोर कर रहा है तो भी पहली बार उसकी बात ध्यान से सुनें।

### हाथ मिलाने का सलीका



किसी से भी हाथ मिलाते समय ध्यान रखें कि हाथ को न तो ढीला छोड़कर मिलाया जाए और न बिल्कुल सख्त तरीके से। हाथ मिलाते समय आपके चेहरे पर खुशी और अपनापन झलके। किसी स्त्री से हाथ मिलाते समय आपके व्यवहार में शालीनता नहीं होगी तो मुश्किल में भी पड़ सकते हैं।

### आत्मविश्वास जरूरी

कई बार लोग अपने सामने किसी उच्च व्यक्तित्व वाले व्यक्ति को देख कर हड़बड़ा जाते हैं और ऐसी हरकतें कर बैठते हैं कि सामने वाले पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर आपकी पहली मुलाकात किसी लड़की से हो रही है तो अपने फेशियल एक्सप्रेशंस को संयत रखें। ऐसी लड़की बेशक आपकी भावी मंगेतर या रिश्तेदार हो, लेकिन अपने व्यवहार को संयत रखें, हावी होने की कोशिश न करें।

### खूबसूरती का प्रदर्शन



कुछ लोग खूबसूरती का अनावश्यक प्रदर्शन करती हैं। सभी लोग सौंदर्य पर रीझने वाले नहीं होते। भले ही यह बातचीत शादी तय करने के लिए हो रही हो, याद रखें कि आपका चेहरा आपके व्यक्तित्व का सिर्फ एक हिस्सा है, वह तभी किसी को आकर्षित करता है, जबकि आपकी भाषा, बातचीत का अंदाज और भाव-भंगिमा शालीनतापूर्ण हो। हर किसी में अलग-अलग गुण होते है, उन्हे सराहे। मधुर वाणी जहां दिलों पर राज करा सकती है, वहीं कर्कश बातें चोट पहुंचाती है। इसलिए अपने व्यवहार में विनम्रता रखें। यही एक बात है जो याद रह जाती है।

### सहज रहें

किसी के साथ पहली मुलाकात में सामने वाले को यह महसूस हो कि उससे मिलने पर आपको खुशी हुई। शादी-विवाह तय करते समय भी ध्यान रखें कि आपकी नापसंदगी दूसरे पर एकदम से जाहिर न हो। कई बार तो ऐसा भी होता है कि पहली मुलाकात में कोई पसंद नहीं आता, बाद में वही जीवनसाथी, बॉस या अन्य किसी रिश्ते के तहत हमारे सामने आ जाता है। पहली मुलाकात में अपना समूचा ज्ञान या दर्शन भी सामने वाले के सामने प्रस्तुत न कर दें। सहज रहे, भले ही सामने वाले की बातों से आप सहमत न हों, लेकिन इसे पहली ही बार में न जाहिर करे।


# ऐसे बनाएं आकर्षक बॉडी....

**एक** जमाना था जब आदमी दो पैक ऐब्स बनाकर ही मोहल्ले में शान से चला करता था, लेकिन आज के जमाने में दो पैक ऐब्स नहीं बल्कि सिक्स पैक ऐब्स चलते हैं। फिल्मों और टीवी से लेकर गली के जिम तक हर कोई सिक्स पैक ऐब्स बनाने की होड़ में लगा हुआ है। यदि आपको भी सिक्स पैक बनाने की चाहत है तो हम आपको बता दें कि इसको बनाना इतना आसान नहीं है लेकिन अगर आप कुछ बातों पर ध्यान दें तो सिक्स पैक ऐब्स बना सकते हैं। सिक्स पैक ऐब्स बनाने के लिए आपको अपने वर्कआउट के साथ साथ अपनी डायट पर भी खास ध्यान देना होगा। इसमें सब से पहला कार्य होता हैं अपने भोजन पर नियंत्रण रखना। यदि आप दिन में दो या तीन बार भरपेट खाना खाते हैं तो आपको तीन के बजाय पांच से छह बार खाना होगा। मतलब आप कम-कम मात्रा में 2-3 बार के बजाय 6 बार खाना खाएंगे। इसका कारण यह है कि एक ही बार भरपेट खाने से पेट की मांसपेशियों पर बहुत अधिक बल पड़ता है जिससे मोटापा बढ़ जाता है और शरीर बेडौल हो जाता है। आपको प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना होगा। इससे शरीर में ताकत आएगी और मांसपेशियां मजबूत होंगी। पने आहार में काबोहाइड्रेट्स की मात्रा कम और फाइबर की मात्रा अधिक लें। शुगर युक्त चीजें, अधिक कैलोरी वाले फूड और एल्कोहल का सेवन करने से बचें। मक्खन, चीज जैसी चीजों का सेवन न ही करें तो बेहतर होगा। आपको साथ ही ऑयली फूड से दूर रहें। आप कम मात्रा में पीनट बटर का सेवन भी कर सकते हैं। अंत में पानी पीने की मात्रा का भी ध्यान रखे। पानी दिन में कम से कम 8 गिलास या इससे अधिक पीएं।



### चेस्ट के लिए

चेस्ट को शेप देने के लिए फ्लैट डंबल प्रेस सबसे बेहतर एक्सरसाइज है। यह फ्लैट बेंच से इसलिए बेहतर है क्योंकि उसमें आपके हाथ एक सीमा से नीचे नहीं आते। बेंच करते वक्त रॉड जैसे ही आपकी चेस्ट से टच होती है आप उसे ऊपर की ओर धकेल देते हैं। वहीं डंबल प्रेस के मामले में आपकी चेस्ट पर कुछ आने जैसी बात ही नहीं होती। जितना आप डंबल को नीचे ले जाएंगे उतना प्रेशर आपकी चेस्ट पर बनेगा।



### पावर के लिए

ओवरऑल मसल बिल्डिंग और पावर के लिए बॉडी बिल्डरों की सबसे पसंदीदा एक्सरसाइज है स्क्वेट। जो लोग इसे नहीं करते उन्हें लगता है कि यह सिर्फ पैरों की कसरत है पर जो लोग करते हैं वो जानते हैं कि ये कसरत मर्द बनाती है। यह एक्सरसाइज ग्रोथ हार्मोन को जबरदस्त तरीके से एक्टिवेट करती है। एक हैवी सेट लगा कर देखें, दिमाग की बत्ती जल जाएगी। एक और सबूत चाहिए तो हैवी स्क्वेट लगाने के बाद ब्रेंच प्रेस लगाएं आप नॉर्मल से ज्यादा वेट लगा पाएंगे।



### बाइसेप्स के लिए

कसरतों की लंबी लिस्ट है और आप उन्हें आजमाते भी होंगे, पर बारबेल कर्ल से बेहतर कुछ नहीं। जैसे स्क्वेट पैरों की एक मुकम्मल कसरत है वैसे ही बारबेल कर्ल बाइसेप्स की मुकम्मल एक्सरसाइज है। एक बात और आप अगर शुरुआती दौर में नहीं हैं तो बड़ी रॉड से कर्ल करें।



### ट्राइसेप्स

आपके आर्म में 30 फीसदी हिस्सेदारी बाइसेप्स और 70 फीसदी ट्राइसेप्स की होती है। अगर आपको बड़े आर्म्स चाहिए तो बाइसेप्स की बजाय ट्राइसेप्स पर ज्यादा ध्यान दें। आपके ट्राइसेप्स के भी तीन हिस्से होते हैं और बेंच डिप्स ऐसी एक्सरसाइज है तो तीनों हिस्सों पर काम करती है। इसे आप बॉडी वेट के साथ और एक्सट्रा वेट के साथ भी कर सकते हैं।

### बाइसिकल क्रंच



सिक्स पैक की ओर बढ़ रहे हैं तो इस एक्सरसाइज को अपने शेड्यूल में जरूर शामिल करें। बाकी की क्रंचेस आमतौर पर एब्स के किसी एक हिस्से पर काम करती हैं पर ये एक साथ सिक्स पैक पर काम करती है। यहां ये बताना हम जरूरी समझते हैं कि ये सबसे ज्यादा फायदेमंद उस शख्स के लिए जिसका पेट फ्लैट और जो सिक्स पैक बनाने के लिए कसरत कर रहा हो।

# बच्चों को सुलाने के आसान तरीके

आमतौर पर बच्चों को जब नींद नहीं आती है तो वो चिड़चिड़े हो जाते हैं। फिर उन्हें किसी भी तरह बहलाने फुसलाने की कोशिशें बेकार साबित होती हैं। उस समय उन्हें जरूरत होती हैं प्यारी सी लोरी के साथ शांत माहौल और मां के गोद की। लोरी सुनाकर बच्चों को सुलाने का चलन बरसों से चला आ रहा है। आज भी मां अपने बच्चों को लोरी सुनाकर ही सुलाती हैं। धीरे-धीरे और मीठे स्वर में गाई गई लोरी का बच्चे के दिमाग पर काफी असर होता है इसको सुनते-सुनते वे धीरे-धीरे मीठी नींद की ओर बढ़ने लगते हैं।



**लोरी ही जरूरी नहीं:** लोरी बच्चे को सुलाने का सबसे प्यारा तरीका समझा जाता है। लेकिन सिर्फ लोरी ही जरूरी नहीं है इसके साथ बच्चे के शरीर पर हल्की-हल्की थपकी और गोद में उसे धीरे-धीरे झुलाना भी काफी मददगार साबित होते हैं। और यह प्रक्रिया आपको तब तक करनी चाहिए जब तक बच्चा गहरी नींद में ना सो जाए।

**लोरी सुनते ही क्यों सो जाते हैं बच्चे:** लोरी की मीठी आवाज से बच्चे का ध्यान आस-पास की आवाजों से हटने लगता है। बच्चों को लगातार गोद में झुलाते रहने से उसकी नजर किसी भी चीज पर नहीं टिक पाती। और थोड़ी ही देर में उसकी आखों में नींद आने लगती है। और वह धीरे-धीरे अपनी आंखों को बंद करने लगता है।

**स्तनपान करते हुए:** आमतौर पर देखा जाता है कि बच्चें मां की गोद में स्तनपान करते हुए भी सो जाते हैं। ऐसे में उनके सिर पर धीरे-धीरे हाथ से सहलाएं जिससे उनकी आंखों में नींद आने लगे। और जब वह पूरी नींद में सो जाए तो उसे धीरे से बिस्तर पर लेटा दें।

**गोद में लेकर झुलाएं:** बच्चो को जब नींद आती है तो वो आपकी गोद में झुलना चाहते हैं। ऐसे में बच्चे को अपनी गोद में लेकर दाएं से बाएं झुलाएं। धीरे-धीरे उसकी आंखे भारी होने लगती है और वह थकवाट के कारण अपनी आंखे बंद करने पर मजबूर हो जाता है। ध्यान रहे कि ज्यादा से जोर से झुलाने पर बच्चा डर भी सकता है।

**प्रैम या स्ट्रॉलर में:** कई बार देखा जाता है कि बच्चा प्रैम या स्ट्रॉलर में बैठकर आगे-पीछे हिलाते हुए सोना चाहता है। यह प्रक्रिया बार-बार करने पर बच्चा धीरे-धीरे नींद की आगोश में चला जाता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**